CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 11-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAHFP User: cci Time: 02-10-2026 23:09 Color:

नई दिल्ली > बुधवार, 11 फरवरी 2026 > माघ 22 शक संवत 1947 फाल्गुन कृष्ण, नवमी, विक्रम संवत 2082

WATCH GOD WATCHDOG

वर्ष 80, संख्या 36 > पेज 16 > मूल्य ₹5.00 या ₹10.00* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित

www.nbt.in

*मासिक खरीद पर ही लागू

वैलंटाइंस वीक
Promise day आज

NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

मनोज बाजपेयी की फिल्म 'घूसखोर पंडत' का नाम बदलेगा

▸p11



AI IMPACT SUMMIT भारत 2026 INDIA
सर्वजन हिताय | सर्वजन सुखाय
WELFARE FOR ALL | HAPPINESS OF ALL
16-20 फरवरी, 2026 | नई दिल्ली, भारत
जहाँ नवाचार अवसर से मिलता है
500+ स्टार्टअप
500+ सत्र
500+ कंपनियाँ
1,50,000+ प्रतिभागी
15+ कंट्री पैवेलियन
100+ देश
100+ CEO और टॉप ग्लोबल AI लीडर्स
इवेंट को LIVE देखें
CBC 06324/13/0006/2526

आज के मैच

अफगानिस्तान Vs साउथ अफ्रीका
अहमदाबाद, सुबह 11 बजे से

ऑस्ट्रेलिया Vs आयरलैंड
कोलंबो, दोपहर 3 बजे से

इंग्लैंड Vs वेस्ट इंडीज
मुंबई, शाम 7 बजे से

टेलिकास्ट स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर

फटाफट खबरें

बांग्लादेश में हिंदू व्यापारी की हत्या

बांग्लादेश के मयमनसिंह जिले में 62 वर्षीय हिंदू व्यापारी सुसेन चंद्र सरकार की दुकान के भीतर हत्या कर दी गई। हमलावर शटर बंद कर फरार हो गए। नकदी लूट ले गए। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है, परिवार ने दोषियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। ▸▸ पेज 16

मथुरा: 3 बच्चों समेत दंपती ने खुदकुशी की

यूपी के मथुरा में एक दंपती मनीष (35) और सीमा (32) ने अपने तीन बच्चों संग स्यूसाइड कर लिया। मरने वालों में 5 और 4 साल की दो बेटियां, 2 साल का बेटा है। गांव खप्परपुर के एक घर के कमरे में पांचों शव पड़े मिले हैं, पास में दूध का खाली गिलास था। मरने से पहले का वीडियो मिला है। जांच जारी है।

घायलों को बचा रहे थे, ट्रक ने कुचला

नोएडा सेक्टर-62 के पास दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे (DME) पर सोमवार देर रात एक सड़क हादसे के दौरान गाड़ी में फंसे घायलों को निकाल रहे ट्रक ड्राइवरों को पीछे से आ रहे ट्रक ने कुचल दिया। इसमें दो की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गए। यहां पहले एक गाड़ी वहां खड़े ट्रक से टकरा गई थी।

हैपी मॉर्निंग

डॉक्टर: तुम कौन सा साबुन इस्तेमाल करते हो?
बंकू: टिकू का साबुन।
डॉक्टर: और शैंपू?
बंकू: टिकू का शैंपू।
डॉक्टर: ये टिकू कोई नई कंपनी आई है क्या?
बंकू: नहीं डॉक्टर साहब, टिकू तो मेरा रूम पार्टनर है।

अर्थसार

सेंसेक्स	84,273.92 (+208.17)
निफ्टी	25,935.15 (+67.85)
रु/यूएस डॉलर	90.57 (+0.17)
रु/यूरो	107.86 (+0.82)

स्रोत: रिजर्व बैंक रेफरेंस रेट

सर्राफा

सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम दिल्ली	₹1,60,700 (+2,200)
चांदी .999 टंच प्रति किलो दिल्ली	₹2,64,500 (-7,500)

मौसम

अधिकतम तापमान 28.6°
9.2° न्यूनतम तापमान
सूर्यास्त बुधवार 6:08 | सूर्योदय गुरुवार 7:02

आज से तापमान में कमी आ सकती है।। हफ्ते तक मौसम साफ रहेगा।

AI के नए नियम, 3 घंटे में डीपफेक पर ऐक्शन

AI Image

सरकार ने की सख्ती
20 फरवरी 2026 से लागू होगा जारी हुआ नोटिफकेशन

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

डीपफेक और एआई कंटेंट पर लगाम को लेकर सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। सोशल मीडिया मंच को सरकारी या अदालती आदेशों पर अब 36 घंटे के बजाय तीन घंटे के भीतर प्रतिक्रिया देनी होगी। SGI यानी सिंथेटिकली जेनरेटेड नियमों के तहत इस तरह के कंटेंट पर अब सोशल ऑनलाइन प्लैटफॉर्म की जवाबदेही बढ़ा दी गई है। नियमों के तहत एआई कंटेंट की लेबलिंग जरूरी बनाई गई है। नियमों के तहत ऑनलाइन प्लैटफॉर्म पर इस तरह के कंटेंट की पहचान, लेबलिंग और हटाने की जिम्मेदारी होगी। इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (इंटरमीडियरी गाइडलाइंस और मीडिया एथिक्स कोड रूल 2021) में बदलावों को अधिसूचित किया गया है। ये नए अब नियम 20 फरवरी से लागू होंगे।

नए नियमों में क्या तय किया गया?

■ SGI यानी ऐसा ऑडियो-विडियो कंटेंट, जो AI और एल्गोरिदम के जरिए बना हो, जेनरेट किया गया हो या फिर बदला गया है।

■ बनावटी सामग्री बनाने या साझा करने की सुविधा देने वाले मंचों को यह सुनिश्चित करना होगा कि ऐसी सामग्री पर साफतौर से लेबल लगाया जाए।

अगर AI जेनरेटेड कंटेंट है, तो उसपर लेबल लगाना होगा

■ जहां तकनीकी रूप से मुमकिन, वहां इसे मेटाडेटा साथ जोड़ा जाए।

■ कंपनियों की ओर से एक बार एआई लेबल या मेटाडेटा लगाए जाने के बाद उन्हें हटाने या छिपाने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

अमेरिका से डील में दाल का 'तड़का'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील से जुड़ी घोषणाओं को लेकर कई ऐसे पहलू हैं, जिन पर अभी तक पूरी स्पष्टता नहीं है। इस बीच, अमेरिका ने एक नई फैक्ट शीट जारी की, जिससे उलझन और बढ़ गई। सोमवार को जारी इस फैक्ट शीट में तीन ऐसी बातें हैं, जिनका जिक्र 6 फरवरी को अमेरिका की ओर से जारी साझा बयान में नहीं था। इसमें वह प्रावधान भी है, जिसमें रूसी तेल की खरीद पर भारत की प्रतिबद्धता को अमेरिका के सरकारी बयान का हिस्सा बनाया गया है।

रूसी तेल को लेकर भारत की प्रतिबद्धता का भी जिक्र

इसके अलावा, भारत की ओर से टैरिफ घटाने और खत्म करने संबंधी लिस्ट में पहली बार कुछ दालों को भी शामिल किया गया है। 500 बिलियन डॉलर की संभावित खरीद में अमेरिकी कृषि उत्पादों को शामिल किया गया है। अमेरिका ने कहा है कि भारत डिजिटल सेवा कर हटाएगा। ट्रेड को लेकर दोनों एक फ्रेमवर्क पर सहमत हैं।

भारत के साथ डील पर US की फैक्ट शीट

भारत के कुछ दालों पर टैरिफ घटाने या खत्म करने का US का जिक्र

अमेरिकी औद्योगिक और कृषि उत्पादों पर भारत के टैरिफ कम करने या फिर खत्म करने की बात

$500 बिलियन की संभावित खरीद में अमेरिकी कृषि उत्पाद भी शामिल

तेल न खरीदने का बना रहा दबाव: रूस

रूस ने अमेरिका पर आरोप लगाया है कि वह भारत और दूसरे देशों को रूसी तेल खरीदने से रोकने के लिए दबाव बना रहा है। उसने कहा कि अमेरिका आर्थिक दबदबे के लिए टैरिफ और बैन का गलत इस्तेमाल कर रहा है। ▸▸ पेज 16

US-बांग्लादेश की कपास-गेहूं पर डील

बांग्लादेश ने US के साथ ट्रेड डील की है। बांग्लादेश पर टैरिफ घटाकर 19% किया गया है। अमेरिकी चीजों से बने कुछ कपड़े और परिधान को छूट मिलेगी। कपास के अलावा गेहूं, सोयाबीन के आयात पर बांग्लादेश कोई टैरिफ नहीं लगाएगा।

विपक्ष ने स्पीकर को हटाने का दिया नोटिस

118 सांसदों ने इस पर किए साइन



ओम बिरला

अब क्या होगा...

लोकसभा के महासचिव नोटिस की जांच करेंगे

स्वीकार होने पर सदन की कार्यसूची में शामिल किया जाएगा

इस पर सदन में 9 मार्च को चर्चा हो सकती है

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्षी दलों ने मंगलवार को स्पीकर ओम बिरला को पद से हटाने के लिए औपचारिक नोटिस सौंपा है। विपक्ष का कहना है कि स्पीकर निष्पक्ष होकर सदन नहीं चला रहे। वह बार-बार सरकार के पक्ष में फैसले ले रहे हैं और विपक्ष की आवाज दबा रहे हैं। सूची के मुताबिक, जब तक इस नोटिस पर फैसला नहीं हो जाता तब तक स्पीकर ओम बिरला सदन में नहीं जाएंगे। BJP ने लोकसभा अध्यक्ष को पद से हटाने के लिए प्रस्ताव लाने पर विपक्ष की कड़ी आलोचना की। नोटिस पर कांग्रेस, SP, DMK समेत कई विपक्षी दलों के 118 सांसदों के हस्ताक्षर हैं। तृणमूल कांग्रेस ने इस पर साइन नहीं किया है। ▸▸ पेज 13

'नरवणे की किताब प्रकाशित नहीं हुई'

पूर्व सेना प्रमुख जनरल एम. एम. नरवणे की अप्रकाशित किताब को लेकर प्रकाशक पेंगुइन का बयान आया है। उसने एक्स पर पोस्ट में कहा, 'भारतीय सेना के पूर्व प्रमुख जनरल एम. एम. नरवणे की आत्मकथा 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' प्रकाशित नहीं हुई है। किताब की कॉपी प्रिंट या डिजिटल रूप में लोगों को उपलब्ध नहीं कराई गई है।' नरवणे ने भी एक्स पर इस बयान को रीपोस्ट किया। उन्होंने लिखा, 'किताब की वर्तमान स्थिति यही है।'

नरवणे

रोहिणी के खुले मैनहोल में गिरकर युवक की मौत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: जनकपुरी में गहरे गड्ढे में ब्राइक समेत गिरकर युवक की मौत से सिस्टम की लापरवाही का विवाद थमा न था कि मंगलवार को एक और हादसा हो गया। रोहिणी सेक्टर-32 में सीवर के खुले मैनहोल में गिरकर एक युवक की मौत हो गई। शाम में गिरे बिरजु कुमार का शव सर्च ऑपरेशन में रात 9 बजे बाहर निकाला गया। ▸▸ पेज 3

शाम में गिरा था युवक, रात में मिला उसका शव

'लखपति बिटिया योजना' को मंज़ूरी, मिलेंगे 1 लाख

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली सरकार ने कैबिनेट बैठक में चर्चा के बाद 'लखपति बिटिया योजना' को मंजूरी दे दी। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा, स्कीम में बेटियों को जन्म से स्नातक तक 7 चरणों में 56 हजार रुपये दिए जाएंगे, जो एक लाख रुपये बनकर आधार-लिंक्ड खाते में आएंगे, ताकि पढ़ाई पैसों की कमी से न रुके। ▸▸ पेज 5

रेखा गुप्ता

दाग की बैंड बजा दे,
Impact Wash
Fena
Impact Wash
Advanced 5X Stain Remover Technology
50+ YEARS OF RESEARCH IN THE SCIENCE OF WASHING
हटाएं 100% तक ज़िद्दी दाग*
*5x stain remover technology: blend of several stain removal enzymes and an active ingredient that remove different types of stains effectively.
*दाग हटाएं - सुविधा दागों और कपड़ों पर तैल परीक्षण के आधार पर।

This Valentines, Start your story
Scan to watch the magic unfold!
with
PARLE PLATINA
MADE WITH THE WORLD'S Finest Chocolates
HIDE & SEEK
WORLD'S BEST MOULDED Choco Chip Cookies
BISCUITS

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 11-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH10 User: cci Time: 02-10-2026 22:34 Color:

सफाई कर्मचारियों ने दिया धरना

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली प्रदेश सफाई मजदूर यूनियन के बैनर तले सफाई कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर शाहदरा नॉर्थ ऑफिस के बाहर धरना दिया। इसके बाद वहां से जुलूस निकालते हुए जोनल ऑफिस पहुंचे। इस वजह से जीटी रोड पर श्याम लाल कॉलेज के आसपास और केशव चौक पर लोगों को ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ा।

'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर विमर्श

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

केंद्रीय विधि एवं न्याय तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल 'न्यूरिस्ट फॉर जस्टिस फाउंडेशन' द्वारा रविवार को आयोजित "एक राष्ट्र, एक चुनाव" विषय पर कार्यक्रम में भाग लिया। अपने संबोधन में अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि इस विमर्श का उद्देश्य चुनावी प्रक्रिया के माध्यम से लोकतंत्र को अधिक सुदृढ़, स्थिर और पारदर्शी बनाना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि "एक राष्ट्र-एक चुनाव" व्यवस्था से चुनावी खर्च में कमी आएगी, साथ ही समय और प्रशासनिक संसाधनों की बचत सुनिश्चित होगी, जिससे सुशासन को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में सरकार चुनावी सुधारों को आगे बढ़ाते हुए "एक राष्ट्र, एक चुनाव" जैसे कदमों के जरिए देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को नई दिशा और नई गति देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। सम्मेलन में मुख्य आयोजनकर्ता जस्टिस यू. के. सिरोही सहित न्यायिक और विधिक जगत से जुड़े अनेक गणमान्यों की उपस्थिति रही। इस दौरान चुनाव सुधारों के कानूनी, प्रशासनिक और व्यावहारिक पहलुओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

दिल्ली सरकार ने DFC पर लगाया ताला

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

बाद अधिसूचना भी जारी कर दी गई है।

दिल्ली सरकार ने बढ़ते घाटे के चलते कर्ज देने वाली एजेंसी दिल्ली फाइनेंशल कॉर्पोरेशन (DFC) को बंद कर दिया है। इसके बंद करने की पूरी प्रक्रिया के लिए एक 9 सदस्यों वाली समिति का गठन किया है। अधिकारियों के मुताबिक पिछले महीने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में इस संस्थान को बंद करने की मंजूरी दे दी गई थी। अब एलजी की मंजूरी के बाद अधिसूचना भी जारी कर दी गई है।

बंद करने की प्रक्रिया के लिए 9 सदस्यों की समिति का किया गठन

डीएफसी छोटे उद्योगों (MSMEs) को लोन देने का काम करती थी। पिछले साल नवंबर में डीएफसी बोर्ड की बैठक में इसके बढ़ते घाटे को लेकर एक रिपोर्ट रखी गई। बोर्ड को बताया गया कि डीएफसी की पूंजी में गिरावट आई है, इसके चलते 42 करोड़ रुपये का घाटा हो चुका है। डीएफसी की हालत यह हो गई कि दिल्ली सरकार को देनदारी के रूप में देने के लिए 80 करोड़ रुपये के कुल बकाया लोन भी चुकाने की स्थिति में नहीं थी। सरकार से मिले आंकड़ों के मुताबिक कॉर्पोरेशन की कुल पूंजी भी समाप्त हो चुकी है। इसकी नेटवर्थ में 15 करोड़ रुपये की गिरावट आई है। जिसके चलते सरकार ने इसे बंद करने का फैसला किया। अब सिर्फ एक 9 सदस्यों वाली समिति के पास सभी शक्तियां हैं। यह समिति कॉर्पोरेशन की संपत्तियों, निवेश, बैंकों के पास बचे पैसे, दस्तावेजों को कब्जे में लेने के साथ-साथ बकाया वसूली की प्रक्रिया को देखने के साथ बंद होने की सभी औपचारिकताएं पूरी करेगा।

सरकार ने गरीब विरोधी रूप दिखाना शुरू किया: कांग्रेस

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि बीजेपी की रेखा गुप्ता सरकार ने अपने शासन का एक वर्ष पूरा होते ही दिल्ली वित्त आयोग को खत्म करके अपना गरीब विरोधी असली रूप दिखाना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि बीजेपी की केन्द्र सरकार के द्वारा सरकारी संस्थाओं और उपक्रमों को बंद करने की कड़ी में दिल्ली सरकार ने भी दिल्ली वित्त आयोग को बंद करके साबित कर दिया है कि उन्हें दिल्ली के गरीब, बेरोजगार और अपना धंधा करने वालों की अजीविका से कोई लेना देना नहीं है। स्वरोजगार, स्टार्टअप, MSME, छोटे बड़े धंधों के लिए सरकार की ओर से अब दिल्ली की जनता को रियायती दरों पर कर्ज नहीं मिलेगा।

दिल्ली वित्त आयोग को खत्म करने को लेकर की आलोचना

सुरक्षित बैंकिंग के लिए वर्कशॉप

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: भारतीय रिजर्व बैंक हर साल लोगों को बैंकिंग और पैसों से जुड़ी सही जानकारी देने के लिए वित्तीय साक्षरता सप्ताह मनाता है। इस साल यह आयोजन 9 से शुरू हो चुका है, जो 13 फरवरी तक चलेगा। इसकी थीम है केवाईसी: सुरक्षित बैंकिंग की ओर पहला कदम। इसका मकसद लोगों को यह समझाना है कि केवाईसी कराना सिर्फ एक औपचारिकता नहीं बल्कि उनकी बैंकिंग सुरक्षा की बुनियाद है। इस मौके पर 10 फरवरी को नई दिल्ली में बिजनेस करेस्पॉन्डेंट्स और स्वयं सहायता समूहों के लिए एक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में आरबीआई के क्षेत्रीय निदेशक रोहित पी. दास समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। लोगों को बताया गया कि केवाईसी अपडेट करना अब आसान है, इसके सुरक्षित तरीके मौजूद हैं और फर्जी कॉल, मैसेज व लिंक से बचना जरूरी है। साथ ही मनी म्यूल जैसे अपराधों के खतरे को लेकर भी जागरूक किया गया। आरबीआई देशभर में ऐसे जागरूकता कार्यक्रम चलाकर लोगों को सुरक्षित बैंकिंग के लिए प्रेरित कर रहा है।

उत्तर रेलवे

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई- निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र० सं०	निविदा सं०	संक्षिप्त विवरण	मात्रा	अंतिम तिथि
01	07250245	फ्लेक्सिबल हौस 500 एम एम लौग फॉर ब्रेक	13671 नग	04-03-26
02	20263856A	गम्यास फाइबर बैग फिल्टर फॉर अल्को लोकोमोटिव्स टू आर डी एस ओ	3264 नग	05-03-26
03	08265008	स्टेनलेस स्टील एयरटेक्स केस मीडियम विथौत लौकिंग अरेंजमेंट	200 नग	09-03-26
04	19255051A	ट्रैक्शन मोटर ब्लोअर इन्सुलेटिंग मोटर	186 नग	09-03-26
05	19255052A	ब्लोअर फॉर आयल कूलिंग यूनिट विथ केसिंग इन्सुलेटिंग	196 नग	11-03-26
06	07250348	रन टी पिवोल कनेक्टर एस पर अटैच्ड	2980 नग	13-03-26
07	07250202A	सेकेंडरी स्प्रिंग फॉर एल एच बी एन ए सी कोचेस	128 नग	16-03-26

निविदा शर्तें- 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

टेंडर नोटिस सं० 85/2025-2026 दिनांक 10.02.2026 460/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-2, लो०नि०वि०, गाजियाबाद

पत्रांक 46/कैम्प-2 दिनांक:- 31.01.2026

अल्पकालीन प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित अल्पकालीन निविदायें ऑनलाइन http://etender.up.nic.in ई-टेंडरिंग के माध्यम से मार्ग कार्य के लिये निम्नांकित तालिका के कॉलम 7 के अनुसार श्रेणी में आच्छादित रजिस्टर्ड फर्मों से बिड डाक्यूमेन्ट ऑनलाइन दिनांक 12.02.2026 से दिनांक 18.02.2026 तक अपराह्न 12:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा निविदा की टेक्निकल बिड कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-2, लो०नि०वि० गाजियाबाद में दिनांक 18.02.2026 को 12:30 बजे गठित समिति के समक्ष ऑनलाइन खोली जायेगी। तकनीकी बिड में क्वालीफाई पाये गये ठेकेदारों की फाइनेन्शियल बिड की दिनांक अलग से सूचित की जायेगी। कार्यालय बन्द होने अथवा अवकाश होने की दशा में टेक्निकल बिड/फाइनेन्शियल बिड उसी क्रम एवं समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।

2.

क्र. सं.	जिला	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रु० लाख में)	धरोहर धनराशि (रु० लाख में)	निविदा का मूल्य	श्रेणी (रोड)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7	8
1	गाजियाबाद	कम्बल फ्रिवीली मार्ग पर सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य।	13.49	1.35	500+225 + GST 18%	A-D (Road)	2 Months
2		मुरादनगर रेलवे फाटक मार्ग पर सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य।	11.60	1.16	500+225 + GST 18%	A-D (Road)	2 Months
3		एनएच-24 के सिकरोड मार्ग पर सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य।	16.97	1.70	500+300 + GST 18%	A-D (Road)	2 Months
4		रावली रोड कि०मी० 8 से डिहार मार्ग (मुरादनगर रावली मार्ग से हुसैनपुर वाया जलालपुर डिहार मार्ग) मार्ग पर सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य।	29.27	2.93	2000+300 + GST 18%	A-D (Road)	2 Months
5		मोदीनगर-सीकरी मार्ग से भोजपुर मुख्य मार्ग पर सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य।	10.38	1.04	500+225 + GST 18%	A-D (Road)	2 Months
6		डीलना गेट से फुर्तीपुर मार्ग पर सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य।	5.01	0.50	500+225 + GST 18%	A-D (Road)	2 Months
7		अबुपुर से पटटी तक मार्ग पर सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य।	10.38	1.04	500+225 + GST 18%	A-D (Road)	2 Months
8		ग्राम सीकरी में रजवाहे की पटरी से ईशाकनगर मार्ग पर सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य।	10.74	1.07	500+225 + GST 18%	A-D (Road)	2 Months
9		मुकीमपुर गढ़ी से जीलाल भडैया होते हुए जलाली तक मार्ग पर सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य।	26.94	2.69	2000+300 + GST 18%	A-D (Road)	2 Months
10		शाहजहांपुर से सैंदी मार्ग पर सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य।	14.59	1.46	500+300 + GST 18%	A-D (Road)	2 Months
11		सैदपुर हुसैनपुर डीलना के भाके डीलना का सम्पर्क मार्ग पर सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य।	7.70	0.77	500+225 + GST 18%	A-D (Road)	2 Months

3. निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्तें तथा विवरण कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड-2 लो०नि०वि० गाजियाबाद, अधीक्षण अभियन्ता बुलन्दशहर वृत्त लो०नि०वि० बुलन्दशहर एवं मुख्य अभियन्ता मे०क्षे० लो०नि०वि० मेरठ में देखी जा सकती है।
4. निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्तें तथा विवरण वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।
5. लोक निर्माण विभाग में निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से होता है। प्रहरी का यू०आर०एल० http://wms.uppwd.gov.in/Prahari/ है।
6. ठेकेदार को दोष दायित्व अवधि की समाप्ति की तिथि से 45 दिनों तक वैध निष्पादन धरोहर धनराशि (परफोरमेन्स सिक्योरिटी) जमा करनी होगी एवं असंतुलित बिड हेतु अतिरिक्त निष्पादन धरोहर धनराशि (एडीशनल परफोरमेन्स सिक्योरिटी) अनुबन्ध के अनुसार कार्य पूर्ण किये जाने की तिथि तक की जमा करना अनिवार्य होगा।

सहायक अभियन्ता, निर्माण खण्ड-2, लो०नि०वि०, गाजियाबाद — UPID 245613 dt 09.02.2026, www.upgov.nic.in — अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-2, लो०नि०वि०, गाजियाबाद

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
हैड वर्क्स खण्ड आगरा नहर ओखला नई दिल्ली-25

अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या-26/ई०ई०/2025-2026

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उत्तर प्रदेश में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 18.02.2026 को अपराह्न 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की प्री-क्वालीफिकेशन / टेक्निकल बिड अधोहस्ताक्षरी के कक्ष में निविदा ओपनिंग हेतु गठित समिति के सदस्यों द्वारा दिनांक 18.02.2026 को ही अपराह्न 4.00 बजे खोली जायेगी। प्री-क्वालीफिकेशन / टेक्निकल बिड में क्वालीफाइड पाये गये ठेकेदारों की ही फाइनेन्शियल बिड खोली जायेगी। कार्यालय बन्द होने अथवा अवकाश होने की दशा में यह निविदायें अगले कार्यदिवस में उसी समय खोली जायेगी। निविदा दिनांक 12.02.2026 से दिनांक 18.02.2026 को अपराह्न 3.00 बजे तक पंजाब नेशनल बैंक सैक्टर-18 नोएडा अथवा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से निर्धारित निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं जीएसटी० की धनराशि जमा कर प्राप्त की जा सकती है। कार्यों का विवरण निम्नवत् है-

क्र० सं०	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख रु० में)	धरोहर धनराशि (लाख रुपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य + 18 प्रतिशत जी.एस.टी. (रुपये में)	पंजीकरण श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7
1	दिल्ली राज्य में स्थित समानान्तर हिण्डन कट नहर के बांये किनारे पर सर्विस रोड के किमी० 9.430 से 9.550 तक मरम्मत का कार्य।	8.45	0.17	20 दिवस	Rs. 225+41 = 266	"सी" एवं उच्चतर
2	दिल्ली राज्य स्थित आगरा कैनाल के एन०एच०ए०आई० पिलर नम्बर 82 के पास क्षतिग्रस्त बैंक की मरम्मत का कार्य।	8.45	0.17	20 दिवस	Rs. 225+41 = 266	"सी" एवं उच्चतर
3	दिल्ली राज्य स्थित हिण्डन कट नहर और समानान्तर हिण्डन कट नहर के किमी० 9.000 से किमी० 9.100 तक सर्विस रोड की पुर्नस्थापना का कार्य।	8.45	0.17	20 दिवस	Rs. 225+41 = 266	"सी" एवं उच्चतर
4	दिल्ली राज्य स्थित आगरा कैनाल के आवास संख्या एच०डब्ल्यू-1 के पास क्षतिग्रस्त बैंक की मरम्मत का कार्य।	8.45	0.17	20 दिवस	Rs. 225+41 = 266	"सी" एवं उच्चतर
5	दिल्ली राज्य स्थित हिण्डन कट नहर के किमी० 9.500 से किमी० 9.765 तक दाँये किनारे की पुर्नस्थापना का कार्य।	8.45	0.17	20 दिवस	Rs. 225+41 = 266	"सी" एवं उच्चतर
6	दिल्ली राज्य स्थित खसरा नम्बर 318 में जिम सिटी के पास क्षतिग्रस्त बाउण्ड्रीवाल की मरम्मत का कार्य।	8.45	0.17	20 दिवस	Rs. 225+41 = 266	"सी" एवं उच्चतर
7	दिल्ली राज्य में स्थित हिण्डन कट नहर एवं समानान्तर हिण्डन कट नहर के कॉमन बैंक के किमी० 9.500 से 9.600 तक सर्विस रोड की पुर्नस्थापना का कार्य।	8.45	0.17	20 दिवस	Rs. 225+41 = 266	"सी" एवं उच्चतर
8	दिल्ली राज्य स्थित आगरा कैनाल के ऑडिटोरियम के पास क्षतिग्रस्त दाँये बैंक की मरम्मत का कार्य।	8.45	0.17	20 दिवस	Rs. 225+41 = 266	"सी" एवं उच्चतर
9	दिल्ली राज्य स्थित हिण्डन कट नहर के किमी० 8.735 से किमी० 9.000 तक दाँये किनारे की पुर्नस्थापना का कार्य।	8.45	0.17	20 दिवस	Rs. 225+41 = 266	"सी" एवं उच्चतर
10	दिल्ली राज्य स्थित खसरा नम्बर 67 व 68 में जामिया विश्वविद्यालय के अजमल खान के पास क्षतिग्रस्त बाउण्ड्रीवाल की मरम्मत का कार्य।	8.45	0.17	20 दिवस	Rs. 225+41 = 266	"सी" एवं उच्चतर
11	दिल्ली राज्य स्थित समानान्तर हिण्डन कट नहर के दाँये किनारे पर किमी० 9.300 से किमी० 9.350 तक आउटलेट० डौल के पुर्नस्थापना का कार्य।	8.45	0.17	20 दिवस	Rs. 225+41 = 266	"सी" एवं उच्चतर

विस्तृत निविदा सूचना का विवरण एवं नियम व शर्त उ०प्र० सरकार की वेबसाइट (http://upgovt.up.nic/infotech) तथा सिंचाई विभाग की वेबसाइट (http://www.idup.upgovt.in), पर उपलब्ध है।

UPID 245712 dt 09.02.2026 www.upgov.nic.in

अधिशासी अभियन्ता, हैड वर्क्स खंड, आगरा नहर ओखला, नई दिल्ली-25

गुमशुदा की तलाश

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका नाम **याशिका, पुत्री: स्वर्गीय राज कुमार, निवासी: मकान नंबर-डब्ल्यूजेड-22ए गली नंबर-9, न्यू महावीर नगर, तिलक नगर, दिल्ली जोकि दिनांक: 06.02.2026 को अपने घर से गुमशुदा है।** इस सन्दर्भ में **FIR No. 46/2026, Dated 06.02.2026,** पुलिस थाना तिलक नगर, दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। नीचे गुमशुदा लड़की की पहचान दी गई है

नाम: याशिका, उम्र: 16 साल, कद: 5'1", रंग: गोरा, पहनावा: काले रंग का टॉप और नीले रंग की जींस।

अगर किसी को इस गुमशुदा लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले कृपया थाना प्रभारी तिलक नगर, दिल्ली को संपर्क करें।

वेबसाइट: http://cbi.nic.in, ई-मेल: cic@cbi.gov.in

फोन: 011-24368638/24368641, फैक्स: 011-24368639

थाना प्रभारी, पुलिस थाना तिलक नगर, दिल्ली, फोन: 011-25400290, 8750871130

DP/1818/WD/2026

नौएडा — नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण

मुख्य प्रशासनिक भवन, सैक्टर-6 नौएडा-201301 (उ.प्र.)
वेबसाइट: www.noidaauthorityonline.in

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

UPLC लखनऊ में पंजीकृत फर्मों/ठेकेदारों से निम्न जॉब संख्याओं हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जिन्हें निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई-निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जायेगा। निविदा सम्बन्धी समस्त विवरण एवं शर्तें नौएडा प्राधिकरण की वेबसाइट **www.noidaauthorityonline.in** एवं UPLC की वेबसाइट **https://etender.up.nic.in** पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिये उक्त वेबसाइट देखते रहें।

(क) 1. 18/महा०प्र०(वि०/यां०)/वरि०प्र०-(वि०/यां०-4)/2025-26, 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र सैक्टर-168 से सैक्टर-161 तक 11 केवी फीडर लाईन का निर्माण कार्य। लागत रु० 283.06 लाख।

जिन्हे दिनांक:- 17.02.2026 को सांय 5:00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन दिनांक:- 18.02.2026 को प्रातः 11:00 बजे खोली जायेगी।

कार्यालय सैक्टर-6, नौएडा — महाप्रबन्धक (वि०/यां०) नौएडा

स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा

गुमशुदा/अपहृत की तलाश

अंजलि कुमारी

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की (फोटो में दिखायी गयी है) जिसका नाम **अंजलि कुमारी** पुत्री दिलीप पुरवा, निवासी मकान नं० ई-264, द्वितीय तल, गली नं०-9, शास्त्री पार्क, दिल्ली, उम्र-17 वर्ष, जो कि अपने घर से दिनांक 06.02.2026 को लगभग प्रातः 09.30 बजे से लापता होने की सूचना मिली है। **FIR No. 52/2026, Dated 07.02.2026, U/S 137 (2) भारतीय न्याय संहिता, 2023,** के तहत **पुलिस स्टेशन शास्त्री पार्क, उत्तर-पूर्व जिला, दिल्ली-110053,** में पंजीकृत किया गया है। लड़की का शारीरिक विवरण इस प्रकार है :

लिंग: महिला, कद: लगभग 4'8", रंग: साफ, चेहरा: गोल, **शरीर:** मध्यम, **पहनावा:** कॉफी रंग का सूट व सलवार, नीला कोट और पैरों में चप्पल पहने हुए है।

स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लापता लड़की के बारे में कुछ मालूम नहीं हो पाया है। अगर किसी को भी इस लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।

थाना प्रभारी, पुलिस स्टेशन शास्त्री पार्क, उत्तर-पूर्व जिला, दिल्ली-53, फोन: 7428132190

वेबसाइट: https://cbi.nic.in

DP/1794/NE/2026

गुमशुदा की तलाश

बबीता

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका नाम **बबीता, पुत्री: श्री उमेश दास, पता: पी-88, पी-ब्लॉक, मोहन गार्डन, नई दिल्ली जोकि दिनांक 06.02.2026 को सुबह 11:00 बजे अपने घर से गुमशुदा है।** इस सन्दर्भ में **FIR No. 43/2026, U/s 137(2) भारतीय न्याय संहिता-2023, दिनांक 06.02.2026** पुलिस थाना मोहन गार्डन, नई दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। नीचे गुमशुदा लड़की की पहचान दी गई है

नाम: बबीता, उम्र: 17 वर्ष, कद: 5'2", रंग: सांवला, चेहरा: अंडाकार, शरीर: मध्यम, पहनावा: हल्के भूरे रंग की जैकेट, काले रंग की जींस और पैरों में चप्पल।

अगर किसी को इस गुमशुदा लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले कृपया पुलिस थाना मोहन गार्डन, नई दिल्ली को सूचित करने की कृपा करें।

वेबसाइट: http://cbi.nic.in, ई-मेल: cic@cbi.gov.in

फोन: 011-24368638/24368641, फैक्स: 011-24368639

थाना प्रभारी, पुलिस थाना मोहन गार्डन, नई दिल्ली, फोन: 8750871029, 8851199334

DP/1844/DW/2026

दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा

ई-निविदा सूचना सं.: ई-टेंडर/ओएचई/केजीपी/1/2026, दिनांक 07.02.2026; भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मुख्य परियोजना प्रबंधक, गति शक्ति, दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर-721301 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए मदों के समक्ष उल्लेखित तारीख को अपराह्न 3.00 बजे से पहले ई-निविदा आमंत्रित की जाती है तथा अपराह्न 3.30 बजे खोली जाएगी। निविदा सं.: ई-टेंडर/ओएचई/1/2026, कार्य का विवरण: ... निविदा मूल्य: ₹ 9,61,38,254.10; अग्रिम राशि: ₹ 17,22,800; निविदा दस्तावेज की कीमत: ₹ 0.00; कार्य पूरा करने की अवधि: 24 महीने; मुहरबंद बोली की तिथि: 18.03.2026; बोली शुरू होने की तिथि: 04.03.2026 से 18.03.2026 को अपराह्न 3.00 बजे तक। निविदाओं के परिपूर्ण विवरण/ब्यौरे/विनिर्देश हेतु इच्छुक निविदाकारक वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं तथा अपनी बोलियां ऑन लाइन जमा करें। इस कार्य के लिए मैनुअल निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएंगी। टि.: प्रत्याशित बोलीदाताओं सभी निविदाओं में भाग लेने हेतु नियमित रूप से www.ireps.gov.in देख सकते हैं। (PR-1165)

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दुर्गेश कुमार उर्फ सागर, पुत्र सुरेंद्र कुमार निवासी मकान नं. 958/8, गोविंदपुरी, नई दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 165/2024, धारा 25/54/59 आर्म्स एक्ट, थाना गोविंदपुरी, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **दुर्गेश कुमार उर्फ सागर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **दुर्गेश कुमार उर्फ सागर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 165/2024, धारा 25/54/59 आर्म्स एक्ट, थाना गोविंदपुरी, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **दुर्गेश कुमार उर्फ सागर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **11.03.2026** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार, सुश्री देवांशी जनमेजा, न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-04 दक्षिण-पूर्व जिला, कोर्ट नं.10, साकेत कोर्ट परिसर, नई दिल्ली

DP/1716/SE/2026

गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़का जिसका नाम **जतिन बिष्ट, पुत्र: स्वर्गीय नरेंद्र बिष्ट, निवासी: मकान संख्या-ए-10, गली संख्या-1, प्रेम विहार, करावल नगर, दिल्ली जोकि दिनांक 22.01.2026 को सुबह 7:00 बजे से अपने घर से गुमशुदा है।** इस सन्दर्भ में **DD No. 63A, Dated 06.02.2026, पुलिस थाना करावल नगर, दिल्ली** में रिपोर्ट दर्ज है। नीचे गुमशुदा लड़के की पहचान दी गई है:

नाम: जतिन बिष्ट, उम्र: 18 साल, कद: 5'10", रंग: सांवला, चेहरा: लंबा, शरीर: पतला, पहनावा: काले रंग की हुडी और काले रंग की पैंट और पैरों में सफेद रंग के जूते।

अगर किसी को इस गुमशुदा लड़के के बारे में कोई जानकारी मिले कृपया थाना प्रभारी करावल नगर, दिल्ली को संपर्क करें।

वेबसाइट: http://cbi.nic.in, ई-मेल: cic@cbi.gov.in

फोन: 011-24368638/24368641, फैक्स: 011-24368639

थाना प्रभारी, पुलिस थाना करावल नगर, दिल्ली, फोन: 011-22932231, 8750870728

DP/1834/NE/2026

Electricity Distribution Circle, Uttrakhand Power Corporation Ltd.

Hydel Colony Ranikhet: 263645 Distt: Almora
E-mail: dgmrkt_upcl@yahoo.com
Ph: (05966), 220620

विद्युत वितरण मण्डल, उत्तराखण्ड पावर कार्पोरेशन लि०, हाईडिल कालोनी रानीखेत: 263645 (जि०-अल्मोड़ा, उत्तराखण्ड) दूरभाष: (05966), 220620

ई-निविदा सूचना

विद्युत वितरण मण्डल रानीखेत निम्न ई-निविदा आमंत्रित करता है। :-

क्र० सं०	ई-निविदा संख्या	कार्य का नाम	ई-निविदा क्रय/जमा करने की ऑनलाइन अंतिम तिथि एवं समय	ई-निविदा (भाग-1) खुलने की ऑफलाइन/ऑन लाइन तिथि एवं समय
1	वि०वि०म०(रा०) 102/2025-26	वि०वि०ख०, बागेश्वर के अधीन उपखण्ड-प्रथम के अन्तर्गत कौसानी अनुभाग के विभिन्न स्थानों में पूर्व में स्थापित 11 केवी० ACSR कण्डक्टर को AAAC कण्डक्टर में बदले हेतु विके० सामग्री की आपूर्ति एवं सम्बन्धी कार्य।	26.02.2026 15:00 बजे तक	27.02.2026 12:00 बजे
2	वि०वि०म०(रा०) 103/2025-26	वि०वि०ख०, बागेश्वर के अधीन उपखण्ड-प्रथम के अन्तर्गत डंगोली अनुभाग में एल०टी० बेयर कण्डक्टर को ए०बी०सी० में परिवर्तित करने हेतु विके० सामग्री की आपूर्ति एवं सम्बन्धी कार्य।	26.02.2026 15:00 बजे तक	27.02.2026 12:00 बजे
3	वि०वि०म०(रा०) 104/2025-26	वि०वि०ख०, बागेश्वर के अधीन उपखण्ड-द्वितीय के अन्तर्गत 33 के०वी० बागेश्वर-विजयपुर एवं विजयपुर-बनलेख लाईन में 33 केवी० फॉल्ट इन्डिकेटर की आपूर्ति एवं स्थापित करने सम्बन्धी कार्य।	26.02.2026 15:00 बजे तक	27.02.2026 12:00 बजे
4	वि०वि०म०(रा०) 105/2025-26	वि०प०ख०, अल्मोड़ा के अन्तर्गत 33/11 केवी० उपसंस्थानों के उपभोक्ताओं की मीटरिंग, टेस्टिंग सम्बन्धी कार्य हेतु सी०टी०/एल०टी० सीटी० की आपूर्ति एवं स्थापना सम्बन्धी कार्य।	26.02.2026 15:00 बजे तक	27.02.2026 12:00 बजे
5	वि०वि०म०(रा०) 106/2025-26	वि०वि०ख०, अल्मोड़ा के अन्तर्गत 33/11 केवी० उपसंस्थान **सोमेश्वर** का वार्षिक अनुरक्षण सम्बन्धी कार्य।	26.02.2026 15:00 बजे तक	27.02.2026 12:00 बजे
6	वि०वि०म०(रा०) 107/2025-26	वि०वि०ख० रानीखेत के अन्तर्गत कर्मचारी कार्योजित किये जाने सम्बन्धी कार्य।	26.02.2026 15:00 बजे तक	27.02.2026 12:00 बजे

उक्त ई-निविदाओं की अन्य नियम व एवं शर्तें वेबसाइट **www.uktenders.gov.in** पर देखी जा सकती है। उक्त ई-निविदाओं का **शुद्धि पत्र/विस्तारीकरण/निरस्तीकरण** आदि की सूचना वेबसाईट **www.uktenders.gov.in** में ही प्रकाशित/उपलब्ध होगी।

अधीक्षण अभियन्ता

Customer Toll Free No-1800 419 0405 "राष्ट्र हित में बिजली बचायें"। पत्रांक:- 799/वि०वि०म०(रा)/ ई-निविदा दिनांक:- 10.02.2026

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा

निविदा रद्द संबंधी सूचना

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा के अन्तर्गत जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद के तहत् ई-अल्पकालीन निविदा संख्या- **10/2025-26/RWD/CHATRA,** दिनांक-31.12.2025 **(Construction of Road from Kataili Mahuaa More to Nawadih)**, जिसके अनुसार निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि - 22.01.2026 थी, जिसका **P.R. No. 369880 Rural Work Department (25-26)_D** को अपरिहार्य कारणवश अगले आदेश तक रद्द किया जाता है।

PR 372732 Rural Work Department(25-26)#D

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा

उत्तर प्रदेश सरकार — सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग

Office of The Superintending Engineer, 3rd Circle, Irrigation Works, Agra, 139, Mall Road, Pratappura, Agra. Department Website: www.idup.gov.in, G-Mail - se3rdcircleagra@gmail.com

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या-14/एस०ई०/2025-2026

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदायें (https://etender.up.nic.in) सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उत्तर प्रदेश में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 20.02.2026 अपराह्न 01.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की प्री-क्वालिफिकेशन/टेक्निकल बिड अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में गठित समिति के सदस्यों द्वारा दिनांक 20.02.2026 को अपराह्न 03:00 बजे खोली जायेगी। प्री-क्वालिफिकेशन/टेक्निकल बिड में क्वालिफाइड पाये गये ठेकेदारों की ही फाइनेन्शियल बिड खोली जायेगी। कार्यालय बन्द होने अथवा अवकाश होने की दशा में यह निविदायें अगले कार्य दिवस में उसी समय खोली जायेगी। निविदा दिनांक 12.02.2026 को पूर्वाह्न 11.00 बजे से दिनांक 20.02.2026 को अपराह्न 01.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है। कार्यों का विवरण निम्नवत् है:-

क्र० सं०	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख रु.में)	धरोहर धनराशि (लाख रुपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य + 18% GST (रुपये में)	पंजीकरण श्रेणी	खण्ड का नाम
1	2	3	4	5	6	7	
1	हरियाणा राज्य में आगरा नहर के बाँये व दाँये तरफ किमी० 30.200 से किमी० 36.000 तक उ०प्र० सिंचाई विभाग की राजकीय भूमि की सुरक्षा हेतु बाउण्ड्रीवॉल के निर्माण कार्य	814.00	16.28	12 माह	5000.00 + 900 = 5900.00	'ए'	हैड वर्क्स खण्ड, आगरा नहर, ओखला

विस्तृत निविदा सूचना का विवरण एवं नियम व शर्तें उत्तर प्रदेश सरकार की वेबसाइट (http//:upgovt.up.nic/infotech) तथा सिंचाई विभाग की वेबसाइट (http//:www.idup.gov.in) पर उपलब्ध है।

UPID 245675 dt 09.02.2026, www.upgov.nic.in

(धर्मेन्द्र सिंह फौगाट) अधीक्षण अभियन्ता, तृतीय मण्डल, सिंचाई कार्य, आगरा

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 11-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAH11 User: cci Time: 02-10-2026 23:43 Color:

फटाफट खबरें

'धुरंधर' रणवीर सिंह को धमकी

■ **आईएएनएस, मुंबई:** ऐक्टर रणवीर सिंह को एक धमकी भरा मैसेज भेजा गया है, जिसमें उनसे करोड़ों रुपये की मांग की गई है। बॉलीवुड फिल्म 'धुरंधर' फेम अभिनेता रणवीर को धमकी भरा मैसेज मिलने के बाद सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। यह घटना हाल ही में फिल्ममेकर रोहित शेट्टी के घर के बाहर हुई फायरिंग के ठीक बाद सामने आई है।

ग्वालियर में कलश यात्रा में भगदड़, मौत

■ **पीटीआई, ग्वालियर:** मध्यप्रदेश के ग्वालियर जिले के डबरा कस्बे में मंगलवार को एक धार्मिक आयोजन के दौरान मची भगदड़ में एक महिला की मौत हो गई और एक बच्ची समेत 7 लोग घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ग्वालियर से करीब 45 किलोमीटर दूर डबरा में पूर्व मंत्री और बीजेपी नेता नरोत्तम मिश्रा की ओर से मंगलवार को कलश यात्रा का आयोजन किया गया था।

गोवा: रूसी पर्यटकों से छेड़छाड़

■ **पीटीआई, पणजी:** गोवा के बागा बीच पर रूसी महिला पर्यटकों के साथ कथित तौर पर कुछ लोगों ने छेड़छाड़ की। हालांकि, बीच मार्शल और एक जीवन रक्षक की वजह से मामला बिगड़ने से बच गया। पिछले सप्ताह हुई इस घटना में शामिल घरेलू पर्यटकों को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया था। एक अन्य घटना में तेलंगाना के दो पर्यटकों ने कथित तौर पर नशे में सेल्फी लेने से इनकार करने पर विदेशी महिला को परेशान किया।

SC ने सुनी सरकारी वकीलों से जुड़ी अर्जी

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को मध्य प्रदेश के महाधिवक्ता से कहा कि सरकारी वकीलों की नियुक्ति में हाशिये पर मौजूद समुदायों और महिलाओं का उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और OBC वर्ग के वकीलों को हालिया नियुक्तियों में पर्याप्त प्रतिनिधित्व न मिलने के आरोप से जुड़ी याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

मणिपुर में हिंसा, पलायन, 5 दिनों तक इंटरनेट बंद

मंत्री बोले, 21 मकान जलाए गए, कुछ लोगों ने घर छोड़ा

■ पीटीआई, इंफाल

मणिपुर के उखरुल जिले में तांगखुल नगा समुदाय के एक सदस्य पर कथित हमले को लेकर भड़की हिंसा में मंगलवार सुबह खाली पड़े कुछ मकानों में आग लगा दी गई और गोलीबारी की गई। हालात को देखते हुए राज्य सरकार ने जिले में 5 दिनों के लिए इंटरनेट सेवाएं सस्पेंड कर दी हैं। मणिपुर के मंत्री गोविंदास कोंथौजाम ने सोमवार को कहा था कि कम से कम 21 मकान जलाए जा चुके हैं।

पुलिस के अनुसार, लिटान सारेइखोंग इलाके में हुई गोलीबारी और आगजनी की यह घटना एक दिन पहले दो तांगखुल नगा संगठनों द्वारा उखरुल और कामजोंग जिलों में कुकी समुदाय की आवाजाही पर पाबंदी लगाए जाने के बाद सामने हुई। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, 'सशस्त्र लोगों ने लिटान सारेइखोंग में खाली पड़े कुछ मकानों में आग लगा दी और गोलीबारी की। स्थिति तनावपूर्ण है और सुरक्षा बल हालात पर काबू पाने की कोशिश कर रहे हैं।' अपने घरों को छोड़ कर भाग रहे स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में गोलीबारी रोकने में कथित विफलता को लेकर सुरक्षा बलों पर नाराजगी जताई। सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो क्लिप में पहाड़ी इलाके में घना धुआं फैलता हुआ दिखाई दे रहा है। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि पिछले दो दिन से लिटान सारेइखोंग और आसपास के कुकी बहुल गांवों से लोग पलायन कर रहे हैं।

मणिपुर के मंत्री गोविंदास कोंथौजाम ने सोमवार को कहा था कि कम से कम 21 मकान जलाए जा चुके हैं और स्थिति अब भी तनावपूर्ण बनी हुई है। उन्होंने यह भी बताया कि हालात पर काबू पाने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं।

File

उखरुल जिले में नगा समुदाय के एक सदस्य पर कथित हमले के बाद गुस्सा

बम धमाके में 3 उग्रवादी अरेस्ट

पुलिस ने मंगलवार को बताया कि मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले में तीन दिन पहले हुए बम धमाके में कथित तौर पर शामिल होने के आरोप में एक प्रतिबंधित संगठन के 3 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के बयान में कहा गया है कि उन्हें इंफाल पूर्व और पश्चिम जिलों से पकड़ा गया। पुलिस ने कहा कि उनके पास से एक पिस्टल और गोला-बारूद बरामद किया गया है।

SC ने केंद्र से पूछा, लापता बच्चों के पीछे क्या कोई नेटवर्क है?

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को केंद्र सरकार से पूछा कि लापता बच्चों के पीछे क्या कोई नैशनल या स्टेट ग्रुप का नेटवर्क काम कर रहा है? जस्टिस बी. वी. नागरत्ना और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने कहा कि इन घटनाओं के पीछे निश्चित पैटर्न है या फिर ये महज रैंडम घटनाएं हैं, केंद्र सभी राज्यों से आंकड़े लेकर यह पता लगाए। केंद्र सरकार ने बताया कि कुछ राज्यों ने लापता बच्चों और अभियोजन से संबंधित अपने आंकड़े उपलब्ध कराएं हैं, लेकिन लगभग एक दर्जन राज्यों ने अभी तक अपना डेटा नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को पूरा डेटा मिलने के बाद ही उसका विश्लेषण किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने सुझाव दिया कि जिन बच्चों को बचाया गया है, उनसे इंटरव्यू लिया जाना चाहिए ताकि यह पता चल सके कि ऐसी घटनाओं के लिए कौन जिम्मेदार है। कोर्ट ने उन राज्यों की भी आलोचना की जिन्होंने डेटा नहीं दिए और कहा कि आवश्यकता पड़ने पर वह सख्त आदेश भी पारित कर सकती है। 9 दिसंबर को शीर्ष अदालत ने केंद्र को निर्देश दिया था कि वह लापता बच्चों से संबंधित पिछले छह वर्षों का देशव्यापी डेटा प्रस्तुत करे।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, सभी राज्यों से आंकड़े जुटाए, घटनाओं का पैटर्न पता करें

डिजिटल अरेस्ट पर SOP, कई विभाग एक साथ कर रहे काम

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** डिजिटल अरेस्ट के मामलों में सुप्रीम कोर्ट में गृह मंत्रालय (MHA) ने एक स्टेटस रिपोर्ट दाखिल की है, जिसमें इंटर एजेंसी समन्वय को मजबूत करने, जहां संभव हो, ठगी गई राशि की समयबद्ध वापसी सुनिश्चित करने के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) प्रस्तावित की गई है। इसका मकसद अलग-अलग सरकारी एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल बनाना और ठगी गई रकम को जल्दी से पीड़ितों को वापस दिलाना है।

पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने डिजिटल धोखाधड़ी के मामलों पर गंभीर चिंता जताई थी। कोर्ट ने कहा था कि यह सीधे तौर पर लूट या डकैती जैसा अपराध है। इसी मामले में सुप्रीम कोर्ट खुद संज्ञान लेकर सुनवाई कर रहा है। इस बेंच की अगुवाई चीफ जस्टिस सूर्यकांत कर रहे हैं। अदालत के सामने पेश स्टेटस रिपोर्ट में सोमवार को बताया गया कि CBI ने ऐसे डिजिटल अरेस्ट मामलों की जांच करेगी जिनमें 10 करोड़ रुपये या उससे ज्यादा का नुकसान हुआ है।

AI Image



सिम कार्ड की गड़बड़ी रोकने को नियम: दूरसंचार विभाग (DoT) ने कहा है कि सिम कार्ड से जुड़ी गड़बड़ियों को रोकने के लिए नए नियम लाए जा रहे हैं। इनमें बायोमेट्रिक पहचान के जरिए सिम जारी करना, फर्जी और म्यूल सिम पर रोक और सिमबॉक्स जैसे उपकरणों पर कार्रवाई शामिल है।

RBI ने बताई AI तकनीक: RBI ने बताया कि कई बैंक अब AI तकनीक की मदद से फर्जी खातों और संदिग्ध लेन-देन की पहचान कर रहे हैं। 26 बैंक MuleHunter.ai नाम के टूल का इस्तेमाल कर रहे हैं।

मंत्रालय ने बताया, क्या हुई तैयारी: गृह मंत्रालय ने अपने SOP में यह बताया है कि कैसे साइबर ठगी से जुड़े बैंक खातों को फ्रीज और अनफ्रीज किया जाएगा। आईटी मंत्रालय ने बताया कि गूगल जैसी बड़ी टेक कंपनियों के साथ बैठक हुई है। ज्यादातर मामले वट्सऐप से हो रहे हैं, लेकिन वट्सऐप की कार्रवाई संतोषजनक नहीं मिली।

इस मामले में दिखेगी और सख्ती

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

स्टेटस रिपोर्ट के अनुसार यह भी नोट किया है कि RBI, DoT, उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय और विधि कार्य विभाग के प्रतिनिधियों वाली एक उप-समिति गठित की जानी है, जो मुआवजे के लिए साझा दायित्व ढांचे तथा उससे संबंधित कानूनी ढांचे की समीक्षा करेगी। ऐसे में आने वाले दिनों में इस मामले में और सख्ती देखने को मिलेगी।

मथुरा में एक ही घर से मिले पांच शव, विडियो, और 3 स्यूसाइड नोट भी

मौत की वजह पता नहीं, पुलिस टीम जांच कर रही है।

■ **NBT रिपोर्ट, मथुरा:** महावन थाना क्षेत्र के गांव खप्परपुर में मंगलवार को एक ही परिवार के पांच सदस्यों के शव मिले। जिसमें पति-पत्नी और तीन बच्चे शामिल हैं। घर से तीन स्यूसाइड नोट भी बरामद हुए हैं, जिसमें दंपती ने स्वेच्छा से मौत की बात लिखी है। पांचों के शव घर के एक कमरे में पड़े मिले। पुलिस को शवों के पास से दूध का एक खाली गलास भी मिला है। साथ ही मृतक के मोबाइल में उसके द्वारा बनाया गया एक विडियो भी पुलिस के हाथ लगी है। फिलहाल पुलिस मृतकों की मौत की असल वजह जानने के लिए पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। पुलिस हर ऐंगल से मामले की जांच कर रही है। महावन क्षेत्र के गांव खप्परपुर निवासी 35 वर्षीय मनीष और उनकी पत्नी सीमा, दो बेटियां और 2 साल का बेटा प्रतीक मंगलवार सुबह जब घर से बाहर नहीं निकले तो मनीष के भाई और आस-पड़ोस के लोगों को शक हुआ। दीवाल कूदकर अंदर गए भाई ने कमरे का दरवाजा तोड़कर देखा तो मनीष का शव जमीन पर पड़ा था, जबकि भाभी सीमा और दो बच्चों प्रतीक और प्रियांशी के शव बेड पर पड़े थे। हनी का शव चारपाई पर पड़ा हुआ था।

साइबर क्राइम रोक रही कई एजेंसियां: शाह

■ गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि I4C, पुलिस, CBI, NIA, ईडी जैसी कई एजेंसियां साइबर क्राइम से निपटने में जुटी हैं।

■ दिल्ली में हुए एक कार्यक्रम में शाह ने कहा, 5 साल में I4C पर 82 लाख साइबर क्राइम के केस रजिस्टर हुए।

फिल्म 'घूसखोर पंडत' का बदला जाएगा नाम

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** नेटफ्लिक्स फिल्म 'घूसखोर पंडत' के टाइटल को लेकर उठा विवाद मंगलवार को दिल्ली हाई कोर्ट में तब खत्म हो गया, जब नेटफ्लिक्स ने कोर्ट को बताया कि फिल्म निर्माताओं ने फिल्म का नाम बदलने का फैसला लिया है। जस्टिस पुरुषेंद्र कुमार कौरव की बेंच ने विवाद सुलझाने में नेटफ्लिक्स और केंद्र के रुख की तारीफ की और इसी के साथ याचिका का निपटारा कर दिया। कोर्ट ने आदेश में कहा कि याचिकाकर्ता की शिकायत दूर हो गई है।

एनकाउंटर की धमकी, 20 लाख मांगे, FIR

■ **NBT रिपोर्ट, मेरठ:** मेरठ के लोहिया नगर थाने में तैनात दो दरोगाओं लोकेंद्र शाहू और महेश कुमार पर धागा कारोबारी से 20 लाख रुपये की रंगदारी वसूलने में केस दर्ज किया गया है। एसएसपी ने जांच कराई तो आरोप सही पाए गए। आरोपियों को हिरासत में लिया गया, जहां से दोनों फरार हो गए। पुलिस ने दोनों दरोगाओं को हिरासत में लेकर क्राइम ब्रांच ऑफिस में हिरासत में बैठा लिया। 15 लाख रुपये पुलिस ने दरोगाओं से बरामद कर लिए। बाकी पांच लाख रुपये लाने के नाम पर दोनों दरोगा हिरासत से फरार हो गए। थाने के इंस्पेक्टर को भी सस्पेंड किया गया है।

JEE- MAIN का रिजल्ट आज या कल

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** इंजिनियरिंग कोर्सेज में एडमिशन के लिए जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम (JEE- MAIN) 2026 के पहले राउंड का रिजल्ट 11 या 12 फरवरी को आएगा। नैशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) अब फाइनल आंसर-की जारी करने की तैयारी कर रहा है, जिसके बाद रिजल्ट जारी किया जाता है। वहीं दूसरी ओर जेईई मेन के सेकंड राउंड के लिए रजिस्ट्रेशन प्रोसेस चल रहा है। CUET- UG 2026 के लिए आवेदन प्रक्रिया खत्म हो गई है। एनटीए ने आवेदन फॉर्म में करेक्शन के लिए कैंडिडेट्स को एक मौका दिया है और 11 फरवरी को रात 11.50 तक करेक्शन किया जा सकता है।

CUET-UG के आवेदन फॉर्म में करेक्शन का आखिरी दिन

Jawahar / Modi Style
JACKETS
SUITS • BLAZERS
ALSO AVAILABLE LONG COATS
upto 60% off
Formal • Casual • Party wear
By Economy Sales: 9212758425
ARROW | Raymond | PARK AVENUE | LOUIS PHILIPPE
• PUNCHKUIAN ROAD, Garwal Bhawan, (Near Jhandewalan, Gole Chkr.)
• GURUGRAM 306, City Center, Sector 29 (Near Hotel Pllazio)
• WAZIRPUR A-5, Near Richi Rich Banquet (Opp. Shalimar Bagh)
• NOIDA, Nirula's Sec-2, Near Metro Station, Sec-15, Noida, UP
• LAJPAT NAGAR, 49, Main Ring Road, Adj. Haldi Ram, Near Moolchand Crossing

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय
एंड्रयूज गंज, मूलचंद फ्लाईओवर के पास, नई दिल्ली – 110024
दूरभाष – 9971815878
PM SHRI

Walk-in Interview for Teachers on Purely Contract Basis (Venue : School Premises)
अंशकालीन शिक्षकों हेतु वॉक इन साक्षात्कार (स्थान : स्कूल परिसर)

PGTs & TGTs of All Subjects of the KV, PGT (Pol. Science) & Special Educator (Primary & Secondary)	Date :18.02.2026 (Time : 08:30 AM)
Primary Teachers, Yoga Coach, Computer Instructor, (Primary & Secondary), Performing Arts Instructor (Music, Dance), Counselor, Sports Coach, Nurse, Doctor.	Date :19.02.2026 (Time : 08:30 AM)

आवेदन पत्र एवं अन्य विवरण विद्यालय की वेबसाइट http://andrewsganj.kvs.ac.in/en/ पर उपलब्ध है। सभी पद अंशकालीन एवं पूर्णतया संविदा आधारित हैं। उम्मीदवारों को भरे हुए आवेदन पत्र और सभी आवश्यक दस्तावेजों (मूल एवं सत्यापित) के साथ सुबह 08:30 बजे उपस्थित होना होगा। साथ ही, आवश्यकता अनुसार कुछ विषयों के लिए स्क्रीनिंग टेस्ट भी किया जा सकता है।

Application form and other details are available on the Vidyalaya website http://andrewsganj.kvs.ac.in/en/. All the posts are part-time purely on contractual basis. Candidates must remain present at 08:30 AM with filled application form and all required documents (original & attested). Additionally, screening test may also be conducted for certain subjects as required.

PRINCIPAL / प्राचार्य

कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
Employees' State Insurance Corporation
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)
क.रा.बी.नि. E.S.I.C.
पंचदीप भवन
Panchdeep Bhawan
सी.आई.जी. रोड, नई दिल्ली – 110002
C.I.G. Road, New Delhi – 110002
Tel.: 011- 23234336 Email: jd-f2@esic.gov.in
Website: www.esic.gov.in

कर्मचारी राज्य बीमा निगम के पोर्टफोलियो प्रबंधकों, अभिरक्षक, बाह्य समवर्ती लेखापरीक्षक की नियुक्ति और ऋण प्रपत्र के लिए पोर्टफोलियो प्रबंधकों के निष्पादन के मूल्यांकन के लिए परामर्शदाता की नियुक्ति की ऑनलाइन अभिरुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रण सूचना

कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) भारत में परामर्शदाता के रूप में प्रचालन में कम से कम सात वर्षों का अनुभव रखने वाली वित्तीय परामर्श फर्मों/क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों/पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी अथवा नियंत्रक कंपनी से अभिरुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित करता है (जिसे इसके बाद 'बोलीदाता' कहा गया है) जो कर्मचारी राज्य बीमा निगम के पोर्टफोलियो प्रबन्धकों, अभिरक्षक, बाह्य लेखापरीक्षक के चयन और ऋण प्रपत्र के लिए पोर्टफोलियो प्रबंधकों के निष्पादन के मूल्यांकन में सहायता कर सके।

अभिव्यक्ति दस्तावेज केंद्रीय सार्वजनिक खरीद पोर्टल (सीपीपी पोर्टल) (https://eprocure.gov.in/eprocure/app) या कर्मचारी राज्य बीमा निगम वेबसाइट (www.esic.gov.in>tenders) से डाउनलोड किए जा सकते हैं।

जमा करने की अंतिम तिथि: 24/02/2026 (पूर्वाह्न 11:30 बजे तक)

हस्ता/–
निदेशक (वित्त)

motherson

SAMVARDHANA MOTHERSON INTERNATIONAL LIMITED
CIN - L35106MH1986PLC284510
Regd. Office: Unit No. 705, C-Wing, ONE BKC, G Block, Bandra Kurla Complex, Bandra East, Mumbai, Maharashtra-400051, India
Tel No. 022-61354800, Fax: 022-61354801, Email: investorrelations@motherson.com, Website: www.motherson.com

FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND NINE MONTHS ENDED DECEMBER 31, 2025

INR in Crores

Consolidated

No.	Particulars	Three months ended 31.12.2025 (Unaudited)	Three months ended 31.12.2024 (Unaudited)	Three months ended 30.09.2025 (Unaudited)	Nine months ended 31.12.2025 (Unaudited)	Nine months ended 31.12.2024 (Unaudited)	Year ended 31.03.2025 (Audited)
1	Total revenue from operations	31,409.39	27,665.92	30,172.97	91,794.36	84,345.74	113,662.57
2	Net Profit / (Loss) for the period (before tax and exceptional items)	1,573.08	1,321.67	1,273.17	3,854.58	4,009.28	5,261.29
3	Net Profit / (Loss) for the period before tax (after exceptional items)	1,526.60	1,321.67	1,237.01	3,635.45	4,009.28	5,261.29
4	Net Profit / (loss) for the period after tax (after exceptional items)	1,072.27	984.35	845.63	2,523.99	3,030.34	4,145.70
5	Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional items)						
	– Owners	1,023.70	878.63	827.00	2,362.54	2,752.54	3,803.02
	– Non-controlling interests	48.57	105.72	18.63	161.45	277.80	342.68
6	Total comprehensive Income for the period (Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax))						
	– Owners	1,526.14	100.36	1,529.71	4,077.20	2,376.52	3,562.80
	– Non-controlling interests	91.60	169.19	79.12	338.49	326.64	393.21
7	Paid up Equity Share Capital (of INR 1/- each)	1,055.44	703.63	1,055.44	1,055.44	703.63	703.63
8	Reserves (excluding Revaluation Reserve)	37,457.76	32,338.40	36,077.06	37,457.76	32,338.40	34,176.70
9	Securities Premium Account	30,957.02	31,318.23	30,966.98	30,957.02	31,318.23	31,318.23
10	Net worth	33,409.63	30,602.48	32,669.65	33,409.63	30,602.48	31,630.84
11	Paid up Debt Capital/ Outstanding Debt	17,667.60	16,354.32	16,829.71	17,667.60	16,354.32	14,643.65
12	Debt Equity Ratio	0.46	0.49	0.45	0.46	0.49	0.42
13	Earnings Per Share (of INR 1/- each) - Basic and Diluted	0.97	0.83	0.78	2.24	2.67	3.67
14	Capital Redemption Reserve	-	-	-	-	-	-
15	Debenture redemption reserve	Not Applicable being a Listed entity					
16	Debt Service Coverage Ratio	2.07	2.61	3.00	1.83	2.52	2.15
17	Interest Service Coverage Ratio	8.57	5.64	6.67	6.84	5.30	5.57

Standalone

No.	Particulars	Three months ended 31.12.2025 (Unaudited)	Three months ended 31.12.2024 (Unaudited)	Three months ended 30.09.2025 (Unaudited)	Nine months ended 31.12.2025 (Unaudited)	Nine months ended 31.12.2024 (Unaudited)	Year ended 31.03.2025 (Audited)
1	Total revenue from operations	3,134.48	2,408.66	2,954.08	8,830.89	7,465.37	10,186.81
2	Net Profit / (Loss) for the period (before tax and exceptional items)	299.44	178.67	759.07	1,463.57	1,066.93	1,777.31
3	Net Profit / (Loss) for the period before tax (after exceptional items)	295.18	178.67	759.07	1,459.31	1,066.93	1,777.31
4	Net Profit / (loss) for the period after tax (after exceptional items)	226.62	121.58	731.80	1,313.66	931.54	1,576.96
5	Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional items)						
	– Owners	226.62	121.58	731.80	1,313.66	931.54	1,576.96
	– Non-controlling interests	-	-	-	-	-	-
6	Total comprehensive Income for the period (Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax))						
	– Owners	245.07	96.52	692.74	1,246.15	878.44	1,560.95
	– Non-controlling interests	-	-	-	-	-	-
7	Paid up Equity Share Capital (of INR 1/- each)	1,055.44	703.63	1,055.44	1,055.44	703.63	703.63
8	Reserves (excluding Revaluation Reserve)	37,253.03	36,454.33	37,187.96	37,253.03	36,454.33	36,784.97
9	Securities Premium Account	30,958.40	31,310.21	30,958.40	30,958.40	31,310.21	31,310.21
10	Net worth	37,798.68	36,623.18	37,749.83	37,798.68	36,623.18	36,915.28
11	Paid up Debt Capital/ Outstanding Debt	6,942.74	4,701.33	6,633.35	6,942.74	4,701.33	4,774.34
12	Debt Equity Ratio	0.18	0.13	0.17	0.18	0.13	0.13
13	Earnings Per Share (of INR 1/- each) - Basic and Diluted	0.21	0.12	0.69	1.24	0.90	1.52
14	Capital Redemption Reserve	-	-	-	-	-	-
15	Debenture redemption reserve	Not Applicable being a Listed entity					
16	Debt Service Coverage Ratio	0.43	0.84	1.43	0.48	1.16	0.74
17	Interest Service Coverage Ratio	6.76	2.32	3.27	5.57	3.47	3.35

Note
1. The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 and 52 of the SEBI (Listing obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results are available on the websites of Stock Exchanges (www.nseindia.com and www.bseindia.com) and the Company (www.motherson.com).

Place : Dubai, United Arab Emirates
Dated : 10 February, 2026

By Order of the Board of Directors
For Samvardhana Motherson International Limited
-sd-
V C SEHGAL
Chairman

Proud to be part of samvardhana motherson

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 11-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH14 User: cci Time: 02-10-2026 21:06 Color:

हमें भाइयों की तरह साथ रहना सीखना होगा, नहीं तो मूर्खों की तरह साथ ही नष्ट हो जाएंगे।
- मार्टिन लूथर किंग जूनियर

ग़लत है बांटना

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के खिलाफ AIMIM प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। मामला राज्य BJP की ओर से 7 फरवरी को सोशल मीडिया पर डाले गए एक विडियो से जुड़ा है, जिसे विवाद बढ़ने पर एक दिन बाद हटा लिया गया। इसमें AI से बनाई गई अल्पसंख्यक समुदाय के दो लोगों की तस्वीरों पर हिमंत को राइफल से निशाना लगाते दिखाया गया था। ओवैसी का यह आरोप कि विडियो दो धार्मिक समुदायों के बीच नफरत को बढ़ावा देता है, बिल्कुल सही है।

असम विडियो प्रकरण

हेट स्पीच पर SC । वैसे, हिमंत का कहना है कि उन्हें ऐसे किसी विडियो की जानकारी नहीं है और वह बांग्लादेशी से घुसपैठ करने वालों के विरोधी रहे हैं और आगे भी उनका विरोध करते रहेंगे। असम में बांग्लादेशी घुसपैठियों का मामला बेहद संवेदनशील है और खुद सुप्रीम कोर्ट ने भी इसे माना है। लेकिन शीर्ष अदालत ने हेट स्पीच को भी बर्दाश्त नहीं करने की बात कही है। अक्टूबर 2022 में उसने आदेश दिया था कि हेट स्पीच के मामलों में पुलिस प्रशासन पहल करके केस दर्ज करे। कंप्लेन की जरूरत नहीं पड़नी चाहिए।

राजनीति का पेच । इसके बावजूद ऐसे मामलों में राजनीतिक बरदहस्त हासिल होने की वजह से पुलिस शिकायत दर्ज नहीं करती। असम में जल्द ही विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। हिमंत इससे पहले कई ऐसे बयान दे चुके हैं, जिन्हें देखकर लगता है कि वह चुनाव सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की पिच पर लड़ना चाहते हैं। हाल ही में उन्होंने SIR के संदर्भ में राज्य के लोगों और चुनाव आयोग से 'मियां' को टारगेट करने को कहा था। राज्य में बंगाली भाषी मुसलमानों को मियां कहकर संबोधित किया जाता है।

ध्रुवीकरण की कोशिश । असल में, ऐसे विडियो और संप्रदाय विशेष के खिलाफ बयान समुदायों के बीच विद्वेष बढ़ाते हैं और इसका नतीजा सांप्रदायिक तनाव और टकराव के रूप में सामने आता है। यह संविधानसम्मत भी नहीं है, जिसमें देश के नागरिकों से धर्म के आधार पर भेदभाव को वर्जित बताया गया है। इसके बावजूद यह सिलसिला रुका नहीं है। चुनाव से पहले सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की खातिर ऐसी कोशिशों में और तेजी आती है।

शांति से समृद्धि । हालांकि, यह याद रखना चाहिए कि 2047 तक हमने जिस विकसित भारत का लक्ष्य तय किया है, उस पर इस तरह के प्रकरण धब्बा लगाते हैं। इतिहास भी सिखाता है कि शांति के साथ ही समृद्धि आती है। सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के नारे में यही भाव निहित है।

नाभि में तीर

फर फर फरवरी

हरि मृदुल

जनवरी में सूट सिलवा लिया था कि फरवरी में जो शादी होने जा रही है रिश्तेदारी में, उसमें ठाठ से पहनेंगे। टाई भी नई खरीद ली थी। नए नोके-नए जूते खरीदना तो बनता ही था। एकदम साहब बन कर बारात में चलेंगे। कोई इसरार करेगा, तो थोड़ा-बहुत डांस भी कर लेंगे। सूट पहना हुआ आदमी कुछ भी करे, अच्छा ही लगता है। कोई समझे या न समझे, वह खुद को किसी दूसरे लोक से आया हुआ समझने लगता है। उसकी भंगिमा बदल जाती है। बोलने का अंदाज बदल जाता है। हालांकि पहली बार सूट पहनने वाला न चाहते हुए भी एकदम नमूना लगने लगता है। मेरी भंगिमा न बदले, नमूना न लगूं, इसलिए मैं हमेशा ही सूट पहनने से बचता रहा हूं। लेकिन जब आप मौसा, ताऊ या फूफा बन चुके होते हैं, तो फिर बचने की कोई जुगत काम नहीं आती। तो साब मुझे भी एक सूट सिलवाना पड़ा। सिले-सिलाए सूट खरीदकर पहनने में वह बात नहीं आ पाती, जो बाकायदा नाप देकर टेलर से सिलवाने में आती है। आज के लीडे-लपाड़े फिटिंग का मतलब क्या समझें। खुद की शादी का सूट तक किराए पर लाने की बात करते हैं। बताइए, जिस सूट को दसियों दूल्हे पहन चुके हों, उसी को तुम पहनोगे। उसी में मार-तमाम फोटो सेशन होगा। जैसे किसी फिल्म की शूटिंग होती है, वैसी विडियो शूट होगी। लेकिन सूट किराए का ही लाना है। यार, यह तो हद ही हो गई।

अब सूट तो सिल गया, लेकिन फरवरी में ही पारा 35 डिग्री पार चला गया है। जी हां, मुंबई में मौसम ने फरवरी में ऐसी 'फर-फर' करवट बदली है कि एकबारगी नानी याद आ जाए! दिन में जरा देर को घर से निकले नहीं कि हो गए पसीना-पसीना। लगता ही नहीं कि आप फरवरी में हैं। महसूस तो यह हो रहा है कि जनवरी के बाद सीधे मई का ही महीना आ गया है। जिसने जिंदगी में कभी सूट न पहना हो। जो चप्पलें चटकाने में यकीन रखता रहा हो। जिसे टाई किसी फंदे जैसी लगती हो, उसे पैंतीस डिग्री सेल्सियस में सूट-बूट पहन नागिन डांस करने के लिए आमंत्रित किया जाए, तो सोचिए कैसा लगेगा!!

एकदा
संकलन : **दीनदयाल मुरारका**

पुस्तक से मिली दिशा

11 फरवरी 1847 को जन्मे थॉमस अल्वा एडिसन अपने समय के आदर्श अमेरिकी आविष्कारक थे। उन्होंने 1863 में टेलीग्राफ उद्योग से अपने करियर की शुरुआत की। वह घंटों प्रयोगशाला में नई-नई संभावनाएं आजमाते रहते। जब उन्होंने बिजली के बल्ब पर काम शुरू किया, तो हजारों प्रयोग विफल हुए। लोग उपहास करते रहे, लेकिन एडिसन अडिग रहे। उनका कहना था- 'मैं असफल नहीं हुआ हूं, मैंने बस ऐसे हजार तरीके खोज लिए हैं जो काम नहीं करते।' मां के निधन के बाद वह पूरी तरह काम में डूब गए। उसी वक्त पहली पत्नी मैरी के निधन ने उन्हें भीतर से तोड़ दिया और वह मानो एक मशीन बनकर रह गए। जीवन ने उन्हें संतुलन का पाठ तब सिखाया, जब ओहायो में उनकी मुलाकात उस दौर की समाजसुधारक मीना मिलर से हुई। मीना ने उन्हें बताया कि महान विचारों के लिए विश्राम भी उतना ही आवश्यक है जितना परिश्रम। एक बार मीना के कहने पर रोमांचकारी उपन्यास The Count of Monte Cristo पढ़ने के बाद अगली सुबह एडिसन ने एक जटिल समस्या हल कर ली। तब उन्होंने जाना कि जीवन की सबसे बड़ी खोज संतुलन और प्रेम है।

Subrata Dhar

लोकसभा स्पीकर के मुताबिक, सदन में पीएम के आसन को घेरने की थी योजना

राहुल यूं ही करते रहेंगे विरोध

अवधेश कुमार



देश में शीर्ष स्तर की राजनीति में जिस तरह का टकराव अभी दिख रहा है, वह चिंताजनक है। लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी न बोल पाएं, यह सामान्य स्थिति नहीं।

सत्ता पक्ष का आरोप । लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सदन में नहीं आने का अनुरोध किया। बिरला ने कहा कि सदन में कुछ अप्रत्याशित होने की आशंका थी। हालांकि, विपक्ष ने इसे गलत बताया है। सत्ता पक्ष के मुताबिक, कांग्रेस के 7- 8 महिला सांसदों का प्रधानमंत्री की सीट तक पहुंच कर घेरा बनाने की योजना थी। कांग्रेस ने कहा भी था कि अगर विपक्ष के नेता राहुल गांधी नहीं बोल पाए हैं तो प्रधानमंत्री को भी नहीं बोलने देंगे। प्रधानमंत्री ने राज्यसभा में अवश्य भाषण दिया, लेकिन लोकसभा में कांग्रेस अपने रवैये पर कायम है।

गरिमा बनी रही । विपक्ष की ओर से प्रधानमंत्री के भाषण में बाधा डालना, वॉकआउट करना, वेल में आकर हंगामा करना, संसद की कार्यवाही बाधित करना, ऐसे दृश्य देश ने देखे हैं। लेकिन पहले विरोध में संसदीय मर्यादा समझी जाती थी। बोफोर्स भ्रष्टाचार के आरोप में 24 जून, 1989 को लोकसभा में विपक्ष के 110 में से 106 सांसदों ने त्यागपत्र दे दिया था। तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी के इस्तीफे की मांग को लेकर देश भर में अभियान चल रहे थे, लेकिन सदन की सीमाओं का उल्लंघन नहीं किया गया।

पहले भी हुए हैं हंगामे । UPA सरकार के कार्यकाल में कॉमनवेल्थ, 2G मामलों पर हंगामा हुआ, कार्यवाही बाधित हुई। 2014 में दोनों सदनों में आंध्र प्रदेश के विभाजन का विधेयक पारित करना था तो भी समस्या आई थी। 14 फरवरी 2014 को लोकसभा में विधेयक पारित होने के दिन गृह मंत्री सुशील कुमार शिंदे के बोलते समय ऐसी स्थिति बनी कि लोकसभा टीवी का प्रसारण रोकना पड़ा। 20 फरवरी 2014 को राज्यसभा में विधेयक पारित करने के लिए सारे दरवाजे बंद कर मार्शल बुलाने पड़े थे। प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के बोलते समय विधेयक छीनो विधेयक फाड़ो का शोर मचा था और तृणमूल सांसद सुखेन्दु राय ने प्रधानमंत्री के बोलते समय कागजात फाड़ दिए। उस समय भी स्थिति अभी जैसी नहीं थी।

संसद की मर्यादा टूटी
- सत्ता पक्ष और विपक्ष के रिश्ते बेहद खराब
- प्रधानमंत्री का आसन घेरने की थी योजना?
- राहुल गांधी अपना अजेंडा चलाना चाहते है



राहुल का अपना अजेंडा । मोदी सरकार के सत्ता में आने के कुछ साल बाद, 2016-17 से हालात ज्यादा बिगड़े हैं। लोकसभा और राज्यसभा में अध्यक्ष और सभापति के आसन की ओर कागज फेंकना, आगे टेबल पर खड़े होकर मिमिक्री करना आदि संसदीय परंपरा के विपरीत व्यवहार दिखे हैं। वर्तमान लोकसभा में पहले दिन से विपक्ष के नेता राहुल गांधी का तय रहता है कि उन्हें क्या बोलना है, सदन में क्या विषय है, इससे उन्हें मतलब नहीं रहता।

सेना के हाथ नहीं बांधे । राष्ट्रपति अभिभाषण को लेकर कई मुद्दों पर सरकार की आलोचना हो सकती है। लेकिन राहुल का विषय पूर्व थल सेना अध्यक्ष मनोज नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक थी, जिस पर अध्यक्ष ने नियमन दिया। इस बार एक पत्रिका में प्रकाशित आलेख को राहुल गांधी ने आधार बनाया है। हालांकि उसमें ऐसा कुछ नहीं है, जिससे लगे कि सरकार ने 2020 में गलवान घटना के बाद चीन के विरुद्ध कार्रवाई में सेना के हाथ बांधे। इसका भी ध्यान रखना चाहिए कि चीन के साथ 1962 के बाद केवल 1967 में सीमा पर गोली चली, उसके बाद कभी नहीं। गलवान संघर्ष में भी गोली नहीं चली।

संविधान का मुद्दा । राहुल गांधी के पास लोकसभा में BJP के बाद सबसे ज्यादा सांसद हैं। इसलिए, उनसे ऐसा व्यवहार अपेक्षित नहीं है। पिछले लोकसभा चुनाव में संविधान-आरक्षण खत्म करने का विपक्ष ने झूठा डर दिखाया, जिसका कुछ हद तक उसे फायदा भी हुआ। क्या दूसरे मुद्दों के साथ कांग्रेस आगे भी इसी रणनीति पर चलना चाहती है? राहुल गांधी देश के संविधान व लोकतंत्र को बचाने के लिए Zen G से अपील कर चुके हैं। संसद के दोनों सदनों के आसनों को भी उन्होंने पक्षपाती करार दिया है।

अच्छी नहीं है स्थिति । चुनाव आयोग को BJP का एजेंट बताया जा रहा है। मोदी सरकार की USP रक्षा और सुरक्षा है। तो क्या विपक्ष की इसी मुद्दे पर उसे कमजोर और झूठा साबित करने की रणनीति है? सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जिस तरह का संबंध इधर दिखा है, उसमें बदलाव की तत्काल संभावना नहीं है। यह स्थिति ठीक नहीं है। राजनीति इस अवस्था में नहीं जानी चाहिए, जहां से वापस लौटा न जा सके।

(लेखक विचारक और वरिष्ठ पत्रकार हैं)

दा विंची का DNA प्रोफाइल क्यों बनाया जा रहा

मुकुल व्यास

दुनिया के कुछ वैज्ञानिक इटली के 15वीं सदी के महान चित्रकार, शिल्पकार और वैज्ञानिक लियोनार्डो दा विंची का DNA खोजना चाहते हैं। इसके लिए पिछले 10 साल से 'लियोनार्डो दा विंची DNA प्रॉजेक्ट' चल रहा है। इस प्रॉजेक्ट के तहत उनके वंशजों, पेंटिंग और कब्रों का उपयोग करके उनके DNA प्रोफाइल को फिर से बनाने का प्रयास किया जा रहा है। वैज्ञानिक कहते हैं कि दा विंची की आनुवंशिक संरचना के माध्यम से उनकी असाधारण दृष्टि क्षमता, रचनात्मकता और स्वास्थ्य के पहलुओं को समझा जा सकता है। प्रॉजेक्ट के लिए वैज्ञानिकों ने ऐसी तकनीक विकसित की है, जिससे पुराने खतों की मुहर, कागज वगैरह पर छूटे DNA को कलेक्ट किया जा सकता है।

ड्राइंग से नमूना । रिसर्च टीम ने बताया है कि उन्होंने 'होली चाइल्ड' नामक दा विंची की एक चॉक ड्राइंग से स्वाब लिया है। इसमें इंसानी DNA भी मिला है, लेकिन यह किसका है - इसकी अभी जानकारी नहीं। यह खुद दा विंची का हो सकता है या फिर उनमें से किसी का, जिन्होंने बाद में ड्राइंग को संभाला। इतना पुष्ट जरूर हुआ है कि DNA किसी पुरुष का है। यह व्यक्ति भूमध्यसागरीय क्षेत्र में, खासकर मध्य और दक्षिणी इटली में आम तौर पर पाए जाने वाले एक समूह का हिस्सा लगता है। इसमें टस्कनी भी शामिल है, जहां लियोनार्डो रहते थे। टीम अब तुलना के लिए दा विंची से जुड़ी दूसरी कलाकृतियों और चीजों के सैंपल लेना चाहती है। फिर इन नतीजों को उनके जीवित वंशजों से मिलाना होगा।

ज्ञान-विज्ञान



वंशावली का पीछा । DNA प्रॉजेक्ट का अंतिम लक्ष्य दा विंची की कब्र की पुष्टि करना और उनके सदियों पुराने जीनोम (DNA समूह) को फिर से बनाना है। प्रॉजेक्ट के चेयरमैन और रॉकफेलर यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिक जेसी ऑसुबेल ने कहा कि भले ही लियोनार्डो के DNA की पुष्टि अभी बाकी है, लेकिन सफलता तय है क्योंकि हमने एक पड़ाव पार कर लिया गया है। रिसर्चर 10 बरसों से दा विंची की वंशावली को पिछली और अगली पीढ़ियों में ट्रेस करने के लिए काम कर रहे हैं। उन्हें हाल ही में कुछ जीवित वंशज मिले हैं। एक पारिवारिक वंश भी मिला है, जिसका इतिहास 1331 तक जाता है।

मकबरे की खोज । कहा जाता है कि दा विंची के अवशेष फ्रांस की लवा वैली में एक छोटे-से चैपल में दफन हैं, लेकिन सभी इतिहासकार इस बात से सहमत नहीं। रिसर्चर फिलहाल इटली में दा विंची परिवार के मकबरे की खुदाई कर रहे हैं ताकि उनके रिश्तेदारों से आनुवंशिक जानकारी मिल सके। वैज्ञानिकों को भरोसा है कि प्रॉजेक्ट द्वारा विकसित ज्ञान और तकनीकों को अन्य प्रमुख ऐतिहासिक हस्तियों के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए प्रयुक्त किया जा सकता है।

कांटे की बात

लोकतंत्र में सबसे बड़ी जगह संसद है। अगर विपक्ष के नेता को ही वहां बात करने से रोका जाएगा तो फिर बाकी क्या बात की जाए? जनतंत्र और संविधान को सीमित किया जा रहा है। जनतंत्र के मूल को ही चोट पहुंचाई जा रही है।

अरविंद सावंत, सांसद, शिव सेना (UBT)

छोटी बात, बड़ा फर्क

सिर कटा लेंगे, पर खेजड़ी नहीं कटने देंगे

राजस्थान में एक बार फिर खेजड़ी को बचाने के लिए आंदोलन चल रहा है। इसकी प्रेरणा 1730 में पहली बार हुए आंदोलन से ली गई है। पिछली बार राजा के महल के लिए, तो इस बार सोलर प्लांट बनाने के लिए बीकानेर, फलौदी, बाड़मेर, जैसलमेर में सैकड़ों साल पुराने लाखों पेड़ काटे जाने के विरोध में।



अमर हो गईं अमृता

1730 में जोधपुर के महाराजा अभय सिंह के सैनिक खेजड़ी के पेड़ काटने के लिए पहुंचे। गांव की अमृता देवी बिश्नोई पेड़ से चिपक गईं। मगर, सैनिकों ने उन्हें काट डाला। खबर फैलते ही 84 गांवों से लोग पहुंच गए और पेड़ों से चिपककर विरोध किया। 363 लोगों ने प्राण न्योछावर किए।

नष्ट होगी जैव विविधता

इस बार बिश्नोई समाज के लोग फिर से अमृता बिश्नोई बन गए हैं। वह कह रहे हैं कि हम सिर कटाने के लिए तैयार हैं, लेकिन खेजड़ी नहीं कटने देंगे। उनका मानना है कि पेड़ काटकर सोलर प्लांट लगाने से पर्यावरण संतुलन पर गंभीर असर पड़ेगा। जैव विविधता नष्ट होगी। **प्रस्तुति: अभिषेक**

जनता जंक्शन
इरफान

अग्निपथ स्कीम की इसी साल होगी अग्निपरीक्षा

पूनम पाण्डे

पिछले हफ्ते की शुरुआत से ही लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बोलने या न बोलने के मुद्दे को लेकर गतिरोध बन गया था। जब से राहुल गांधी ने पूर्व सेना प्रमुख जनरल एम. एम. नरवणे की अप्रकाशित किताब में लिखी बातों का जिक्र करते हुए सरकार पर सवाल उठाए, तब से यह गतिरोध बढ़ा। और हालात ऐसे बने कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव बिना चर्चा के ही पारित हो गया। सोमवार से बजट पर चर्चा शुरू होनी थी, लेकिन सदन में गतिरोध बना रहा।

कितनों को मिलेगा रोजगार

जनरल नरवणे की अप्रकाशित किताब से सामने आई बातों में अग्निपथ योजना का जिक्र भी है। इस मसले पर राजनीति भले किसी भी दिशा में जाए, लेकिन असली परीक्षा तो इस साल के अंत में अग्निपथ योजना की भी होनी है, जब पहला बैच सेवा पूरी कर बाहर आएगा। सबसे पहले नेवी के अग्निवीर बाहर आएंगे। इसी साल नवंबर में नेवी के पहले बैच के करीब 2600 अग्निवीरों के चार साल पूरे हो रहे हैं। अगले साल की शुरुआत में फिर आर्मी और एयरफोर्स के अग्निवीरों का पहला बैच बाहर आएगा।

अभी तक लागू स्कीम के मुताबिक, अग्निवीरों में से 25% परमानेंट होंगे और बाकी बाहर हो जाएंगे। यहीं से अग्निपथ योजना की असली अग्निपरीक्षा शुरू होगी। सबसे बड़ा सवाल है कि बाहर होने वाले 75% युवाओं को आगे कितना और किस तरह का रोजगार मिल पाता है। सरकार का दावा है कि इसके पूरे इंतजाम हैं। CAPF सहित कई राज्य सरकारों ने पुलिस में अग्निवीरों के लिए कुछ कोटा निर्धारित किया है। जब से अग्निपथ स्कीम लागू हुई है, तबसे ये सवाल लगातार उठ रहा है कि सिर्फ 25% अग्निवीरों को ही परमानेंट करना पर्याप्त नहीं है। तीनों सेनाओं की तरफ से भी सिफारिश की गई थी कि कम से कम 40 से लेकर 50 और कुछ मामलों में तो 70% तक अग्निवीरों को परमानेंट किया जाना चाहिए।

सवाल यह है कि क्या सरकार 25% से अधिक अग्निवीरों को स्थायी करने पर विचार कर रही है। पहले बैच के बाहर आने के बाद इस पर चर्चा हो सकती है कि क्या और किस तरह के बदलाव जरूरी हैं। सरकार की ओर से इस तरह के संकेत दिए गए हैं कि अग्निवीरों का चार साल का कार्यकाल बढ़ाने पर विचार नहीं है। लेकिन रिटेंशन रेट, यानी कितने अग्निवीरों को स्थायी करना है, इसमें जरूरी बदलाव का अभी मौका है? स्कीम में इस तरह का बड़ा बदलाव अगर पहले बैच में ही कर दिया जाएगा तो ये सरकार की आगे की सरदर्दी को ही कम करेगा।

विशुद्ध राजनीति
कसौटी

बदलाव का अवसर

अगर पहले बैच से सिर्फ 25% को ही परमानेंट किया जाता है और फिर आगे जाकर इसमें बदलाव होता है और दूसरे या उसके आगे के बैच से ज्यादा अग्निवीरों को परमानेंट किया जाता है तो ये फिर कोर्ट केस की ही बाढ़ लगाएगा। रक्षा मंत्रालय वैसे ही कई केस लड़ रहा है और बार-बार कहा जाता है कि अपने ही लोगों के खिलाफ और उन लोगों के खिलाफ रक्षा मंत्रालय लड़ रहा है जो देश सेवा कर रहे हैं, या कर चुके हैं। अग्निवीर अगर वीरगति को प्राप्त होते हैं या डिसएबल्ड (विकलांग) तो उन्हें और उनके परिवार को रेगुलर सैनिकों की तरह ही मदद की भी सेना सिफारिश कर चुकी है। ये मसला भी पेंडिंग है। अग्निपथ योजना पर राजनीतिक बहस अपनी जगह है, लेकिन इसकी असली कसौटी अब ज्यादा दूर नहीं।

THE SPEAKING TREE
और पढ़ने के लिए देखें
www.speakingtree.nbt.in

एक दिन कप को टूटना ही है, फिर दुख किस बात का

ग्याल्टेन समतेन

हम जवाब पाने के लिए जीवन भर दुनिया की ओर देखते रहते हैं। हमें लगता है कि हमारी खुशी, सफलता और शांति का स्रोत कहीं बाहर है। जीवन की परिकल्पना हम अपने मन के माध्यम से करते हैं। फिर भी, हम मन की वास्तविक प्रकृति को समझने के लिए शायद ही रुक कर सोचते हैं।

हमारी पांचों इंद्रियां हर क्षण अपना काम कर रही हैं- आंखें देख रही हैं, कान सुन रहे हैं, नासिका गंध पहचान रही है। लेकिन, कभी अपने आप से पूछते ही नहीं कि जिस अनुभव में हम उलझे हैं, वह हमें स्थायी सुख दे रहा है या केवल क्षणिक आनंद? यहां तक कि हम जीवन के प्रति सचेत रहना ही भूल जाते हैं।

हमारी सबसे बड़ी भ्रांतियों में से एक है- अनित्यता (Impermanence) यानी परिवर्तन के प्रति हमारा दृष्टिकोण। यह शब्द सुनते ही हम उसे हानि, बिछड़ाव, बुढ़ापा और अंत से जोड़ लेते हैं। जबकि अनित्यता का अर्थ केवल नाश नहीं, बल्कि परिवर्तन है, गतिशीलता है। बुद्ध ने यह नहीं कहा कि सब कुछ नष्ट हो जाएगा, उन्होंने कहा कि सब कुछ बदलता रहेगा। हर श्वास के साथ हमारा शरीर और मन बदल रहा है। पीड़ा इसलिए नहीं होती कि चीजें बदलती हैं, पीड़ा इसलिए होती है क्योंकि हम अस्थायी वस्तुओं में स्थायित्व खोजते हैं।

AI Image


इसे एक उदाहरण से समझते हैं। हमारी दादी ने उपहार में एक प्यारा-सा कप दिया। उससे हमारा इतना लगाव हो जाता है कि यदि वह टूट जाए, तो दुख होगा। जबकि हमें पता है कि वह टूट सकता है। फिर भी मन में बसी कहानी के टूटने से पीड़ा होती है। यही आसक्ति हम अपनी पहचान से भी जोड़ लेते हैं- नाम, उपनाम, पेशा। 'मैं डॉक्टर हूं', 'मैं इंजीनियर हूं', लेकिन इस पद से पहले हम कौन थे? और इसके बाद कौन होंगे? जब ये लेबल बदलते हैं, तो हमें लगता है कि हम स्वयं को खो रहे हैं।

इसलिए सबसे पहले मन को समझने की जरूरत है। समय के साथ जो अपने आपको बदलता है वह अपने जीवन को वर्तमान में लाता है। जब हम समझ लेते हैं कि सब कुछ प्रवाह में है, तब हम जकड़न छोड़ पाते हैं और जीवन के इसी प्रवाह में शांति को अनुभव करते हैं।

रीडर्स मेल
www.edit.nbt.in

अनुभव भी महत्त्वपूर्ण

10 फरवरी को प्रकाशित लेख 'भागवत की बात में छिपा है बड़ा संदेश' राजनीति में उम्र को लेकर प्रचलित धारणाओं पर गहरा संकेत देता है। राजनीति में आयु का कोई संवैधानिक बंधन नहीं है और BJP में 75 वर्ष की सीमा एक वैधानिक नियम नहीं, बल्कि रणनीतिक परंपरा रही है। इसी सोच के कारण कई अनुभवी नेता सक्रिय राजनीति से दूर हुए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में मोहन भागवत का पद पर बने रहना यह स्पष्ट करता है कि संगठन में आयु से अधिक महत्व क्षमता, अनुभव और प्रासंगिकता का है। यही दृष्टिकोण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए भी वैचारिक सुरक्षा कवच का संकेत देता है।

सीमा कश्यप, साहिबाबाद

nbtedit@timesofindia.com पर अपनी राय नाम-पते के साथ मेल करें।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 11-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH15 User: cci Time: 02-10-2026 23:12 Color:

कोर्ट से जुड़ी खास खबरें

'चुनावी खर्च पर सुझावों पर EC करे विचार'

सुप्रीम कोर्ट ने चुनावों में बढ़ते खर्च को लेकर दायर जनहित याचिका को निर्वाचन आयोग के पास अभ्यावेदन मानते हुए उस पर विचार करने को कहा है। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता प्रभाकर देशपांडे के सुझाव विचार योग्य हैं। हालांकि अदालत ने वैसरे पक्ष की रिपोर्ट पर भरोसा करने से इनकार किया, क्योंकि EC ने उसकी प्रामाणिकता पर सवाल उठाए हैं। आयोग से खर्च सीमा और निगरानी तंत्र की प्रभावशीलता पर समीक्षा करने को कहा गया है। (पीटीआई)

क्रीमी लेयर पर केंद्र से जवाब तलब

सुप्रीम कोर्ट ने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति को आरक्षण लाभ से क्रीमी लेयर को बाहर करने के मानदंड तय करने की मांग वाली याचिकाओं पर केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच मामले की सुनवाई कर रही थी। याचिकाएं ओ.पी. शुक्ला और समता आंदोलन समिति ने दायर की है। अदालत ने कहा कि केंद्र का जवाब मिलने के बाद आगे सुनवाई होगी। मामला आरक्षण से जुड़े 1 अगस्त 2024 के फैसले के अनुपालन से जुड़ा है। (पीटीआई)

पीएम डिग्री मामला सिर्फ सनसनी: DU

दिल्ली यूनिवर्सिटी (DU) ने मंगलवार को दिल्ली हाई कोर्ट से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की डिग्री से जुड़ी जानकारी सार्वजनिक करने की अपील इस मुद्दे को सनसनीखेज बनाने की कोशिश के अलावा कुछ नहीं है। डीयू की ओर से सॉलिसिटर जनरल (एसजी) तुषार मेहता ने कोर्ट में दलील दी कि इस मामले में कोई दम नहीं है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ सनसनीखेज बनाने के लिए है। इस मामले में कुछ भी नहीं है। (NBT रिपोर्ट)

कपूर प्रॉपर्टी केस: सुलह पर जोर

दिल्ली हाई कोर्ट ने मंगलवार को दिवंगत बिजनेसमैन संजय कपूर की संपत्ति को लेकर चल रहे पारिवारिक विवाद में पक्षकारों को मध्यस्थता के जरिए समाधान तलाशने पर विचार करने को कहा है। कपूर के परिजनों के बीच संपत्ति को लेकर कानूनी मामला अदालत में लंबित है। उनकी तीसरी पत्नी प्रिया सचदेव कपूर ने दावा किया है कि 2025 की वसीयत में संजय कपूर ने अपनी पूरी निजी संपत्ति उनके नाम की थी, जिसे उन्होंने पेश किया है। (NBT रिपोर्ट)

स्पीकर पर अविश्वास की दस्तक

राहुल गांधी को बोलने से रोकने और सांसदों के निलंबन पर उठे सवाल | विपक्ष बोला- सदन में हमारी आवाज दबाई गई, लोकतांत्रिक मर्यादा पर चोट | कांग्रेस, एसपी, डीएमके समेत कई विपक्षी दल साथ, TMC ने बनाई दूरी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्षी दलों ने मंगलवार को स्पीकर ओम बिरला को उनके पद से हटाने के लिए औपचारिक नोटिस सौंपा है। विपक्ष का कहना है कि स्पीकर निष्पक्ष होकर सदन नहीं चला रहे, बल्कि बार-बार सरकार के पक्ष में फैसले ले रहे हैं और विपक्ष की आवाज दबा रहे हैं।

कांग्रेस नेता गौरव गोगोई, के सुरेश और मोहम्मद जावेद ने यह नोटिस लोकसभा महासचिव को सौंपा। इस पर कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, डीएमके समेत कई विपक्षी दलों के 118 सांसदों के हस्ताक्षर हैं।

नोटिस पर कांग्रेस, एसपी, डीएमके समेत कई दलों के 118 सांसदों के हैं हस्ताक्षर

हालांकि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने इस पर साइन नहीं किए हैं।

विपक्ष का आरोप है कि कई बार विपक्षी नेताओं को बोलने ही नहीं दिया गया। खास तौर पर 2 फरवरी को राहुल गांधी को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान पूरा भाषण नहीं करने दिया गया। विपक्ष यह भी कहता है कि 3 फरवरी को आठ सांसदों को पूरे बजट सत्र के लिए गलत तरीके से सस्पेंड कर दिया गया। नोटिस में यह आरोप भी लगाया गया है कि 4 फरवरी को बीजेपी के एक सांसद को पूर्व प्रधानमंत्रियों पर आपत्तिजनक बयान देने दिया गया, लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके अलावा विपक्ष ने स्पीकर के उस बयान पर भी आपत्ति जताई है, जिसमें कहा गया था कि कांग्रेस सांसद प्रधानमंत्री की सीट के पास जाकर कुछ अप्रत्याशित करने वाले थे। विपक्ष ने इसे झूठा और अपमानजनक आरोप बताया है। वहीं, टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी ने कहा कि स्पीकर को तीन दिन का समय देना चाहिए।

बजट सत्र के लिए सस्पेंड सांसदों का समर्थन करते दिखे कांग्रेस सांसद शशि थरूर

स्पीकर पर लगे आरोपों को देखेंगे महासचिव | विडियो जारी कर रिजिजू ने घेरा

लोकसभा के महासचिव नोटिस की जांच कर स्पीकर के ऊपर लगे आरोपों को देखेंगे। नियमों के अनुसार, जांच के बाद अगर नोटिस स्वीकार कर लिया जाता है तो इसे नोटिस मिलने की तारीख से कम से कम 14 दिन बाद सदन की कार्यसूची में शामिल किया जाता है। सदन में प्रस्ताव रखा जाएगा और इसके समर्थन में 50 सांसदों का खड़े होना जरूरी होता है। यदि आवश्यक समर्थन मिल जाता है तो प्रस्ताव पर सदन में बहस होगी और इसके बाद वोटिंग कराई जाएगी।

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने 4 फरवरी की लोकसभा कार्यवाही का विडियो जारी कर कांग्रेस महिला सांसदों पर पीएम मोदी को घेरने और सदन की मर्यादा भंग करने का आरोप लगाया। विडियो में कुछ सांसद पीएम की सीट के आसपास तख्तियां लिए नजर आती हैं। कांग्रेस ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि खबरें भ्रामक हैं। विवाद के बीच स्पीकर बिरला ने सदन स्थगित किया था। मामला अब राजनीतिक बयानबाजी का केंद्र बन गया है।

कांग्रेस को बाहर करने का वक्त आ गया: बीजेपी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: बीजेपी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के लिए प्रस्ताव लाने पर विपक्ष की कड़ी आलोचना की। बीजेपी ने कहा कि अब वक्त आ गया है कि भारत लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस को राजनीति से बाहर कर दे। बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा कि जिन लोगों की चेतना नष्ट हो चुकी है, वे भारत के सभी संवैधानिक पदों को समाप्त करना चाहते हैं। पूरा देश सदन में राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के व्यवहार को देख रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल के इशारे पर प्रधानमंत्री की कुर्सी का घेराव करने का प्रयास किया गया था, ताकि उन्हें नुकसान पहुंचाया जा सके।

प्रकाशक की पोस्ट रीशेयर कर नरवणे ने दिया जवाब

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : **किताब पर** मचे बवाल के बीच अब पूर्व थलसेनाध्यक्ष जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है। एक्स पर 7 शब्दों में अपनी प्रतिक्रिया देते हुए किताब का स्टेटस बताया है। दरअसल नरवणे ने पेंगुइन के जवाब को री-पोस्ट करते हुए लिखा कि पुस्तक की वर्तमान स्थिति यह है। पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया ने पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे के संस्मरण फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी की अनधिकृत प्रतियां उपलब्ध होने की खबरों के बीच ट्वीट कर कहा है कि इसके प्रकाशन का अधिकार केवल उसके पास है और यह पुस्तक अब तक प्रकाशित नहीं हुई है। इसी पोस्ट को नरवणे ने कोट करते हुए कहा कि किताब की वर्तमान स्थिति यह है।

किताब पर सचाई सामने आए: राहुल

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को संसद भवन परिसर में मीडिया से बातचीत के दौरान पूर्व सेना प्रमुख जनरल एम.एम. नरवणे की किताब को लेकर चल रहे विवाद पर सरकार को घेरा। उन्होंने किताब के प्रकाशन को लेकर पेंगुइन पब्लिशर्स और जनरल नरवणे के बयानों में विरोधाभास बताते हुए कहा कि दोनों एक साथ सच नहीं बोल सकते। उन्होंने कहा कि एक तरफ जनरल नरवणे कह रहे हैं कि किताब उपलब्ध है और दूसरी तरफ पेंगुइन यह कह रहा है कि किताब प्रकाशित नहीं हुई तो सचाई सामने आनी चाहिए। मैं ऐसा मानता हूं कि देश के सेना प्रमुख झूठ नहीं बोलेंगे।

किताब अमेजन पर उपलब्ध थी, खुद जनरल नरवणे ने कहा कि ऑर्डर कर सकते हैं। –राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

US से डील नहीं, ढील हुई है: अखिलेश

कांग्रेस ने कहा- बेरोज़गारी, महंगाई पर सरकार ने ध्यान नहीं दिया

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

लोकसभा में बजट पर चर्चा के दौरान एसपी प्रमुख अखिलेश यादव ने सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ कोई डील नहीं हुई, बल्कि सरकार ने ढील दे दी है। उनका सवाल था कि अगर ऐसा ही समझौता करना था तो फिर 11 महीने तक इंतजार क्यों कराया गया।

अखिलेश ने तंज कसते हुए कहा कि बीजेपी को अब स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत जैसे शब्द बोलने का हक नहीं है। उन्होंने कहा कि जब बाहर से ही सब आएगा तो देश का किसान क्या उगाएगा और मजदूर क्या करेगा? वहीं, लोकसभा में बजट पर चर्चा के दौरान कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि इस बजट में आम आदमी की असली समस्याओं को नजरअंदाज कर दिया गया है। बेरोजगारी, महंगाई, बढ़ता खर्च और अमीर-गरीब की बढ़ती खाई जैसे मुद्दे पर सरकार ने कोई ठोस ध्यान नहीं दिया।

संसद परिसर में प्रदर्शन कर सस्पेंड सांसदों से मिले राहुल गांधी

बजट पर राज्यसभा में भी तीखा टकराव

राज्यसभा में बजट चर्चा के दौरान विपक्ष ने महंगाई, बेरोजगारी और बढ़ती असमानता पर सरकार को घेरा। TMC के सुखेंदु शेखर राय ने चेताया कि असमानता गंभीर हालात पैदा कर सकती है। अरजेडी सांसद मनोज झा ने कहा अर्थव्यवस्था की प्रगति के दावों के बीच युवा बेरोजगार है और बजट नैतिक दायित्व भी है। बीजेपी की सुमित्रा बालमीक ने कहा हर वर्ग का ध्यान रखा गया और कामकाजी महिलाओं के छात्रावास सराहनीय है।

बजट पर आज बोल सकते हैं राहुल गांधी

लोकसभा में लगातार छह दिन तक चले हंगामे के बाद नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बुधवार को बजट पर अपनी बात रख सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक राहुल गांधी दोपहर में सदन में संबोधन कर सकते हैं। बजट पेश होने के बाद से ही लोकसभा की कार्यवाही बार-बार स्थगित होती रही है। जनरल नरवणे के संस्मरण और चीन से जुड़े मुद्दों पर राहुल गांधी के बोलने की कोशिश के दौरान विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच तीखा टकराव देखने को मिला, जिसके चलते सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से नहीं चल सकी। मंगलवार को भी दो बार हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। इसके बाद स्पीकर, सत्ता पक्ष की ओर से विपक्षी नेताओं को बातचीत के लिए बुलाया गया था।

कांग्रेस के आरोपों पर हिमंता का ₹500 करोड़ का मुकदमा

■ पीटीआई, गुवाहाटी : असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने कांग्रेस नेताओं द्वारा लगाए गए आरोपों को दुर्भावनापूर्ण करार देते हुए उनके खिलाफ 500 करोड़ रुपये का मानहानि मुकदमा दायर किया है। सीएम ने एक्स पर इसकी जानकारी देते हुए कहा कि कांग्रेस नेताओं जितेंद्र सिंह, प्रदेश बघेल और गौरव गोगोई ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए उनके खिलाफ झूठे, दुर्भावनापूर्ण और मानहानिकारक आरोप लगाए। दरअसल, 4 फरवरी को गुवाहाटी में आयोजित संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में असम कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई ने दावा किया था कि पार्टी की जांच में सामने आया है कि मुख्यमंत्री और उनके परिवार ने राज्यभर में करीब 12,000 बीघा जमीन पर कब्जा किया है।

असम के सीएम ने कांग्रेस नेताओं के आरोपों को दुर्भावनापूर्ण बताया

असम की अंतिम वोटर लिस्ट जारी, 2.43 लाख से ज्यादा नाम हटाए गए

■ पीटीआई, गुवाहाटी

असम में अंतिम वोटर लिस्ट मंगलवार को प्रकाशित कर दी गई। इसमें शामिल 2.43 लाख से अधिक नाम हटा दिए गए हैं। निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी ने बताया कि अंतिम मतदाता सूची में लगभग 12.5 करोड़ पुरुष, 12.4 करोड़ महिला और 343 थर्ड जेंडर मतदाताओं के नाम शामिल हैं।

असम के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि दावों और आपत्तियों के निपटारे की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अंतिम सूची जारी कर दी गई है, जिसमें कुल 2.49 करोड़ मतदाताओं के नाम शामिल हैं। यह संख्या मसौदा मतदाता सूची में शामिल नामों से 0.97 फीसदी कम है। अंतिम मतदाता सूची में मसौदा सूची में शामिल 2.43 लाख से अधिक नाम हटा दिए गए हैं। पिछले साल 27 दिसंबर को प्रकाशित मसौदा सूची में 2.52 करोड़ मतदाताओं के नाम थे।

'बंगाल में वोटर लिस्ट 28 फरवरी तक'

पीटीआई, कोलकाता: पश्चिम बंगाल में अंतिम वोटर लिस्ट 21 फरवरी से पहले प्रकाशित नहीं होगी। इसे 28 फरवरी तक जारी करने के प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (CEO) मनोज कुमार अग्रवाल ने मीडिया को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को SIR के दौरान प्रभावित लोगों द्वारा जमा कराए गए दस्तावेजों की जांच की समयसीमा 14 फरवरी के बाद एक सप्ताह बढ़ा दी है, क्योंकि इस प्रक्रिया में समय लग सकता है। इससे निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों (ERO) को उचित निर्णय लेने में मदद मिलेगी।

सचिन ने पीएम को दिया बेटे की शादी का निमंत्रण

पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात कर बेटे अर्जुन तेंदुलकर और बिजनेसमैन रवि घई की पोती सानिया घोठेक की शादी का निमंत्रण दिया। सचिन ने सोशल मीडिया पर तस्वीरें शेयर की। सचिन अपनी पत्नी अंजलि तेंदुलकर, बेटे अर्जुन, बेटी सारा और होने वाली बहू सानिया के साथ पीएम को शादी का निमंत्रण देने पहुंचे थे।

27 पर कार्रवाई

बाबा सिद्दीकी मर्डर केस में आरोप तय

■ पीटीआई, मुंबई : मुंबई की एक स्पेशल कोर्ट ने मंगलवार को महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और NCP नेता बाबा सिद्दीकी की 2024 में हुई हत्या के मामले में 27 आरोपियों के खिलाफ मकोका और बीएनएस के तहत आरोप तय किए। इन आरोपियों ने खुद को बेगुनाह बताया है। सिद्दीकी (66) की 12 अक्टूबर, 2024 की रात को मुंबई के बांद्रा (पूर्व) इलाके में उनके बेटे जीशान के कार्यालय के बाहर तीन हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई को पुलिस के आरोप पत्र में वांछित आरोपी दिखाया गया है।

असम के CM हिमंता के बयान पर FIR की मांग

कोर्ट ने कहा कि चुनाव आते ही ऐसे मामले आने लगते हैं, हम इन्हें सुनेंगे

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (CPI) की नेता एनी राजा ने असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा द्वारा एक विशेष समुदाय को निशाना बनाकर की गई टिप्पणियों के संबंध में उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। अधिवक्ता निजाम पाशा ने भारत के चीफ जस्टिस सूर्यकांत के सामने इस मामले का उल्लेख करते हुए अर्जेंट सुनवाई की मांग की।

पाशा ने मामले मेंशन करते हुए कहा कि हम इस न्यायालय से असम के वर्तमान मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए आरोपों परेशान करने वाले भाषणों के संबंध में तत्काल हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं। इसमें हाल ही में पोस्ट किया गया एक विडियो भी शामिल है, जिसमें उन्हें एक विशेष समुदाय के सदस्यों पर गोली चलाते हुए दिखाया गया है। शिकायतें दर्ज की गई हैं, लेकिन अब तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। इस पर चीफ जस्टिस ने कहा कि जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आते हैं, राजनीतिक लड़ाइयां सुप्रीम कोर्ट में भी लड़ी जाने लगती हैं। उन्होंने कहा कि समस्या यह है कि जब-जब चुनाव आते हैं, चुनाव का एक हिस्सा सुप्रीम कोर्ट के भीतर लड़ा जाता है। यही समस्या है। हम इस पर विचार करेंगे, तारीख देंगे।

CPI(M) और एनी राजा ने अलग-अलग रिट याचिका दायर की है, जिनमें मुख्यमंत्री के खिलाफ घृणास्पद भाषण (हेट स्पीच) और सांप्रदायिक धुव्रीकरण से जुड़े अपराधों के लिए एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में एक विशेष जांच दल (SIT) के गठन की भी मांग की है, यह तर्क देते हुए कि राज्य और केंद्रीय एजेंसियों से स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच की अपेक्षा नहीं की जा सकती।



हिमंता के खिलाफ सीपीआई और सीपीएम की ओर से सुप्रीम कोर्ट में मामला उठाया गया

CPI(M) और एनी राजा ने अलग-अलग रिट याचिका दायर की है

व्यापम घोटाले के व्हिसलब्लोअर के खिलाफ केस रद्द

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार मध्य प्रदेश के व्यापम परीक्षा घोटाले के व्हिसलब्लोअर डॉ. आनंद राय के खिलाफ कथित एससी, एसटी ऐक्ट के एक मामले में जप्त किए गए आरोपों को रद्द कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमने एससी/एसटी ऐक्ट के दायरे पर विचार किया है और यह कार्रवाई कानून के अनुरूप नहीं है और ऐसे में याची की अपील स्वीकार की जाती है और आरोपों को रद्द किया जाता है। डॉ. आनंद राय व्यापम परीक्षा घोटाले के प्रमुख व्हिसलब्लोअरों में से एक हैं।

लैबॉर्गिनी केस: थाने में 3 मिनट में दर्ज हुए बयान

कारोबारी पिता ने कहा, ड्राइवर चला रहा था गाड़ी, कोर्ट में उसकी बेल की अर्जी

Praveen.Mohta
@timesofindia.com

■ **कानपुर :** लैबॉर्गिनी से रविवार को वीआईपी रोड पर हुई टक्कर के मामले में मंगलवार को आरोपी शिवम मिश्रा के पिता केके मिश्रा ग्वालटोली थाने पहुंचे। यहां बंद कमरे में 3 मिनट में अपने बयान दर्ज कराए। बाहर आकर केके मिश्रा ने कहा कि गाड़ी ड्राइवर चला रहा था। शिवम बगल की सीट पर बैठा था। ग्वालटोली थाने में डीसीपी और अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में 3 मिनट तक बंद कमरे में कुछ बातचीत हुई। कारोबारी केके मिश्रा ने कहा कि गाड़ी में शिवम और ड्राइवर था। शिवम गाड़ी का ट्रायल ले रहा था। जब शिवम की तबीयत खराब होने लगी तो ड्राइवर ने ब्रेक लगाया, गाड़ी रोकी। तभी एक टेंपो ने टक्कर मारी।

कोर्ट में पेश और रिलीज अर्जी: कानपुर के कोर्ट में ड्राइवर मोहन लाल की तरफ से मंगलवार को बेल और रिलीज अर्जी दाखिल हुई है। सुनवाई बुधवार को होगी। पहले बताया गया था कि सुनवाई मंगलवार को है।

आरोपी शिवम दिल्ली में: बचाव पक्ष के वकील धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि ड्राइवर मोहन लाल ने कोर्ट में एफिडेविट दिया है कि गाड़ी वह खुद चला रहा था। शिवम को चक्कर आया और टेंपो ने गाड़ी को टक्कर मारी। गाड़ी लॉक होने पर शीशा तोड़ शिवम को बाहर निकाला गया। सबने देखा कि शिवम बीमार था। इलाज के लिए दिल्ली में है। पुलिस को मेडिकल दे दिया गया है।

File

चार्जशीट जल्द

पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल ने कहा कि हादसे में लैबॉर्गिनी के ड्राइवर का नाम शिवम मिश्रा ही है। सीसीटीवी फुटेज और अन्य सबूतों पर जल्द कोर्ट में चार्जशीट दाखिल होगी। मामले में निष्पक्ष और सख्त कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी। डीसीपी ने बताया कि शिवम के पिता ने ग्वालटोली थाने में बयान दर्ज कराए हैं। जांच में साफ है कि गाड़ी ड्राइवर शिवम चला रहा था।

सांप की केंचुली रखकर लड़की घर से फरार, लोग बोले- नागिन बन गई

■ NBT न्यूज, इटावा

औरैया के फफूंद थाना क्षेत्र के एक गांव में एक लड़की फिल्मी घटनाक्रम कर घर से फरार हो गई। उसने अपने कपड़े में सांप की केंचुली लपेटकर बिस्तर पर रख दी जिससे गांव में चर्चा हो गई कि लड़की नागिन बन गई है। इसके बाद पुलिस पहुंची। परिजन अब कुछ बोलने को भी तैयार नहीं हैं। पुलिस ने लड़की का मोबाइल सर्विलांस पर लगाया है।

युवती का गांव में ही युवक से प्रेम प्रसंग था। उसके परिजन कहीं और शादी तय कर रहे थे जिससे युवती नाखुश थी। बस इसी बात को लेकर युवती ने फिल्मी ड्रामा करने की योजना बनाई और अपने कपड़े में सांप की केंचुली लपेटकर बिस्तर पर रख दी। इसके बाद घर से फरार हो गई। परिजनों ने पहले लड़की के नागिन होने का दावा किया। इसके बाद जब पुलिस आई तो परिजन कुछ भी बोलने को तैयार नहीं हुए। थाना प्रभारी अजय कुमार ने बताया कि लड़की का मोबाइल सर्विलांस पर लगा है। जल्द उसे बरामद कर लेंगे।

क्या है मामला

- औरैया के गांव में लड़की फिल्मी घटनाक्रम कर घर से फरार हो गई
- परिजन कहीं और शादी तय कर रहे थे जिससे लड़की नाखुश थी
- पुलिस ने कहा कि लड़की का फोन सर्विलांस पर है, उसे जल्द बरामद कर लेंगे

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 11-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH16 User: ccl Time: 02-10-2026 22:51 Color:

पाकिस्तान दौरे से हमें काफी सीख मिली। कुछ युवा खिलाड़ियों को शायद अपने करियर में पहली बार उन परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। हम सबक सीखकर और आगे बढ़ते हैं। - *मिचेल मार्श, ऑस्ट्रेलिया के कप्तान*

319
रन बनाए थे विराट कोहली ने साल 2014 में खेले गए टी20 वर्ल्ड कप में। यह एक वर्ल्ड कप में किसी प्लेयर द्वारा सर्वाधिक रन का रेकॉर्ड है

वर्ल्ड कप स्पेशल QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है

1. बास डी लीडे किस देश के क्रिकेटर हैं?
A) नीदरलैंड्स B) नामीबिया C) ऑस्ट्रेलिया D) अमेरिका
2. टी20 वर्ल्ड कप 2026 में ऑस्ट्रेलिया का पहला मैच किस देश से है?
A) जिंबाब्वे B) ओमान C) आयरलैंड D)श्रीलंका

कल के जवाब
1. D) दिल्ली 2. D) 2024

लकी WINNERS

1 वीरेंद्र बंधु, हरि नगर, दिल्ली

2 बलबीर सिंह, गाजियाबाद, यूपी
3 रमा विनोद पाटनी, मुंबई

आप अपने जवाब हमें 9319282367 पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

फटाफट खबरें

ऐक्शन में लौटे बुमराह
■ **नई दिल्ली:** भारतीय ओपनर अभिषेक शर्मा पेट की समस्या से उबर रहे हैं। उन्होंने मंगलवार को टीम के प्रैक्टिस सेशन में भाग नहीं लिया। उनकी उपलब्धता पर संकट के बादल हैं, तो वहीं वॉशिंगटन सुंदर का टीम से जुड़ना राहत की बात है। इस बीच जसप्रीत बुमराह पूरी तरह फिट नजर आए। उन्होंने प्रैक्टिस के दौरान पूरी रफ्तार से बोलिंग की।

हसारंगा टूर्नामेंट से बाहर
■ **नई दिल्ली:** श्रीलंका को बड़ा झटका लगा है। उसके दिग्गज स्पिनर वानिंदु हसारंगा चोट की वजह से टी20 वर्ल्ड कप से बाहर हो गए हैं। हसारंगा को सड़े को आयरलैंड के खिलाफ मैच के दौरान हैमस्ट्रिंग इंजरी हो गई थी। स्कैन में उन्हें गंभीर चोट का पता चला।

सिद्धार्थ ने किया उलटफेर
■ **चेन्नै:** चेन्नै ओपन एटीपी चैलेंजर में मंगलवार का दिन भारतीय खिलाड़ियों के नाम रहा। सुमित नागल और मुकुंद शशिकुमार ने दूसरे राउंड में एंट्री ली। नागल ने ब्रिटेन के फेलिक्स गिल को 1-6, 6-1, 6-3 से हराया, जबकि मुकुंद ने नितिन कुमार सिन्हा को 7-5, 6-3 से मात दी। सिद्धार्थ रावत ने उलटफेर करते हुए रियो नोगुची को 2-6, 6-3, 6-2 से हरा दिया।

दर्शकों की संख्या बढ़ी
■ **नई दिल्ली:** आईसीसी ने बताया है कि 2026 टी20 वर्ल्ड कप के पहले छह मैच के बाद पिछले एडिशन की तुलना में उनके डिजिटल मंच पर विडियो व्यूज में 53% की बढ़ोतरी हुई है।

जीत में साहिबजादा और शादाब ने किया चमकदार प्रदर्शन

अमेरिका दोहरा नहीं सका कमाल, पाक ने बाज़ी मारी

पाकिस्तान Vs अमेरिका

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली/ कोलंबो:** पिछले टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान को हराकर क्रिकेट की दुनिया में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने वाली अमेरिका की क्रिकेट टीम इस टी20 वर्ल्ड कप अपने कारनामे को दोहरा नहीं सकी। उसे पाकिस्तान के हाथों 32 रन से हार का सामना करना पड़ा। भारत के खिलाफ पिछले मैच में चार विकेट चटकाने वाले शैडली वैन शाल्कविक (4/25) ने मंगलवार को कोलंबो में पाकिस्तान के खिलाफ भी शानदार स्पेल डालते हुए चार विकेट चटकाए। हालांकि दूसरे छोर से उन्हें खास सपोर्ट नहीं मिला और पाकिस्तान ने साहिबजादा फरहान (73 रन, 41 बॉल, 6 फोर, 5 सिक्स) की दमदार बैटिंग की बदौलत नौ विकेट पर 190 रन का मजबूत टोटल खड़ा कर दिया। अमेरिका की तरफ से शुभम रंजने (51) और शयान जहांगीर (49) ने लड़ाई लड़ी लेकिन टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 158 रन ही बना सकी। पाकिस्तान की लगातार दूसरी जीत में फरहान के अलावा बाबर आजम (32 गेंद पर 46 रन) का भी अहम रोल रहा। हालांकि पारी को 'आखिरी किक' शादाब खान की पारी से मिली जिन्होंने सिर्फ 12 गेंदों पर 30 रन ठोके और फिर 26 रन देकर दो विकेट चटकाकर अमेरिकी पारी को तगड़ा झटका दिया।

इससे पहले अमेरिका ने टॉस जीतने के बाद पहले बोलिंग का फैसला किया। सौरभ नेत्रवलकर ने अच्छी शुरुआत दिलाई। उन्होंने पाकिस्तानी ओपनर सईम अयूब को पांच डॉट गेंदें डालीं। इस बीच एक सिक्सर भी खाया। अयूब के खिलाफ बेहद करीबी एलबीडब्ल्यू अपील में बैटर किस्मत से बचे। दूसरे ओवर में एहसान आदिल तीन फोर जड़कर फरहान ने आत्मविश्वास पैदा किया। दूसरा ओवर करने आए नेत्रवलकर पर दोनों ओपनर ने एक-एक सिक्स लगाया। अचानक अटैकिंग मोड में आए पाकिस्तानी बैटर्स पर कंट्रोल करने के लिए कप्तान ने पिछले मैच के हीरो शाल्कविक को गेंद थमाई। शाल्कविक ने पहले रनों की रफ्तार पर लगाम कसी और फिर पावरप्ले के अंतिम ओवर की पहली और अंतिम गेंद पर विकेट निकालकर पाकिस्तानी टीम को दोहरा झटका दिया।

5 सिक्स मारे पाकिस्तान ने इनिंग्स के शुरुआती पांच ओवर्स में। यह टी20I इतिहास में पाकिस्तान का जॉइंट हाईएस्ट सिक्स है

स्कोरकार्ड

पाकिस्तान: सईम अयूब कॉ नेत्रवलकर बो शाल्कविक 19, साहिबजादा फरहान कॉ कृष्णमूर्ति बो हरमीत 73, सलमान आगा कॉ जहांगीर बो शाल्कविक 1, बाबर आजम कॉ मिलिंद बो मोहसिन 46, मोहम्मद नवाज कॉ जहांगीर बो नेत्रवलकर 5, शादाब खान कॉ मौस बो शाल्कविक 30, फहीम अशरफ कॉ नेत्रवलकर बो शाल्कविक 1, उस्मान खान रन आउट 0, शाहीन शाह अफरीदी नॉट आउट 9, अबरार अहमद रन आउट 0 **एक्स्ट्रा:** 6 **टोटल:** 20 ओवर्स में नौ विकेट पर 190 रन **विकेट:** 1-54, 2-56, 3-137, 4-143, 5-177, 6-179, 7-179, 8-182, 9-190 **बोलिंग:** सौरभ नेत्रवलकर 4-0-40-1, एहसान आदिल 3-0-39-0, शैडली वैन शाल्कविक 4-0-25-4, मिलिंद कुमार 1-0-16-0, मोहम्मद मोहसिन 4-0-27-1, हरमीत सिंह 4-0-41-1

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

सुधरा बाबर का स्ट्राइक रेट

इस मैच से पहले टी20 वर्ल्ड कप इतिहास में कम से कम 500 रन बनाने वाले बैटर्स की लिस्ट में सबसे खराब स्ट्राइक रेट का रेकॉर्ड बाबर आजम के नाम था। बाबर ने इस मैच से पहले 110.4 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए थे। लेकिन यहां आउट होने से पहले तेज पारी खेलकर वह सबसे खराब स्ट्राइक रेट की लिस्ट में पहले से सीधे तीसरे पर खिसक गए। फिलहाल पाकिस्तान के ही पूर्व प्लेयर मोहम्मद हफीज 111.8 के स्ट्राइक रेट के साथ पहले पर हैं। श्रीलंका के कुमार संगाकारा (112.2) दूसरे और बाबर (112.3) तीसरे पर हैं।

बाद में होगा 'रियायतों' का खुलासा

बॉयकॉट विवाद पर विराम

■ **एजेंसियां, कराची/ नई दिल्ली:** इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने भारत के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप मैच के बॉयकॉट को खत्म करने के बदले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) को कुछ रियायतें देने का आश्वासन दिया है, लेकिन इन्हें टूर्नामेंट खत्म होने के बाद ही सार्वजनिक किया जाएगा। यह जानकारी मंगलवार को एक सूत्र ने दी।

अनुरा की भी भूमिका: PCB के एक सूत्र ने PTI से कहा, 'बॉयकॉट खत्म करने पर ICC से PCB को जो भी रियायतें मिली हैं, उन्हें टी20 वर्ल्ड कप खत्म होने के बाद ही सार्वजनिक किया जाएगा।' ICC पहले ही यह घोषणा कर चुकी है कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) पर कोई बैन नहीं लगाया जाएगा और उसे 2028-2031 चक्र में एक ICC टूर्नामेंट (संभावित रूप से अंडर-19 मेंस वर्ल्ड कप) की मेजबानी भी दी जाएगी। एक अन्य सूत्र ने बताया कि श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके के फोन ने बॉयकॉट खत्म कराने में बड़ी भूमिका निभाई। इसके अलावा सरकार और प्रतिष्ठान के कुछ शीर्ष लोगों की बातचीत भी अहम रही। अगर वर्ल्ड कप के बाद के चरणों में भारत और पाकिस्तान की फिर से भिड़ंत होती है तो वे उस मुकाबले को खेल सकते हैं, इसकी भी मंजूरी दी गई। एक अन्य सूत्र ने बताया कि पीएम शहबाज शरीफ PCB के संरक्षक भी हैं। उन्हें इस बात की जानकारी दी गई थी कि अगर सरकार भारत के खिलाफ नहीं खेलने की अधिसूचना जारी करती है तो पाकिस्तान को क्या हासिल हो सकता है।

> पाकिस्तान के यूटर्न की संभावना पहले से ही थी। पाकिस्तान अगर भारत के खिलाफ मैच नहीं खेलता तो उन्हें आर्थिक नुकसान होता। ICC भी उनके खिलाफ सख्त फैसले लेती और भविष्य में उनके लिए मुश्किलें खड़ी होतीं। ऐसे में भारत के साथ मैच खेलने का फैसला उन्होंने अपने हित में लिया है।
> **- मदन लाल, पूर्व क्रिकेटर, भारत**

शुक्ला ने जताया आभार: भारतीय क्रिकेट बोर्ड (BCCI) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने ICC की तारीफ करते हुए कहा कि उसने 'बहुत अच्छा समाधान निकाला' जिसके कारण पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ मैच का बॉयकॉट वापस ले लिया। शुक्ला ने कहा, 'मैं BCCI की तरफ से ICC अध्यक्ष (जय शाह) और उसके पदाधिकारियों का बहुत अच्छा समाधान निकालने के लिए आभार व्यक्त करना चाहता हूं। PCB और BCB के साथ चर्चा के बाद और सभी पक्षों की बात सुनने के बाद यह निर्णय लिया गया है। यह फैसला क्रिकेट के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। क्रिकेट जारी रहना चाहिए और अब वर्ल्ड कप को बड़ी सफलता मिलेगी। अंत में क्रिकेट सभी के लिए सबसे महत्वपूर्ण है। इंटरनैशनल क्रिकेट सभी के लिए महत्वपूर्ण है।' श्रीलंका के राष्ट्रपति दिसानायके ने PCB को भारत के खिलाफ कोलंबो में होने वाले मैच का बॉयकॉट वापस लेने का निर्देश देने के लिए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया है।

पाक को मिल सकता है फायदा: डेसखाटा

रयान टेन डेसखाटा

भारतीय कोच की राय

■ **एजेंसियां, नई दिल्ली:** असिस्टेंट कोच रयान टेन डेसखाटा ने कहा कि भारतीय टीम टी20 वर्ल्ड कप के लीग मैच में पाकिस्तान का सामना करने के लिए मानसिक रूप से पहले ही तैयार थी। वैसे उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि पाकिस्तान को कोलंबो में पहले से रहने का एक 'लॉजिस्टिक' लाभ मिल सकता है। रयान टेन ने कहा, "यह चुनौतीपूर्ण होगा क्योंकि पाकिस्तान पिछले दो हफ्ते से कोलंबो में है और हम पूरी तरह से अगले हफ्ते उस मुकाबले में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।' रयान टेन ने कहा कि भारतीय ड्रेसिंग रूम ने कभी भी मैदान से बाहर की घटनाओं को अपनी तैयारी पर असर डालने नहीं दिया। उन्होंने बताया, 'हमने इस स्थिति को स्वीकार लिया था और जब तक हम वहां पहुंचते और वे मैदान में उपस्थित नहीं होते, तब तक हम यही मान कर चल रहे थे कि हम मैच खेलेंगे।'

SUNIL KATARIA

लीडे के ऑलराउंड शो से नीदरलैंड्स जीता

72* रन की पारी लीडे की टी20I करियर की तीसरी बेस्ट है

14 वें प्लेयर बने लीडे टी20 वर्ल्ड कप के एक मैच में 50+ रन और 2+ विकेट का डबल पूरा करने वाले

Abhishek.upadhyay1
@Timesofindia.com

नीदरलैंड्स Vs नामीबिया
टी20 वर्ल्ड कप

11 मुकाबले जीत लिए हैं नीदरलैंड्स ने टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में। इस टूर्नामेंट में सबसे सफल असोसिएट देश है

■ **नई दिल्ली:** बास डी लीडे ने दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में मंगलवार को हुए टी20 वर्ल्ड कप के मैच में नामीबिया के खिलाफ नीदरलैंड्स की सात विकेट की जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने नामीबियाई पारी के दौरान अपने तीन ओवर के स्पेल में दो विकेट लिए और उसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए 72 रन की नाबाद पारी खेली। इस प्रदर्शन के दम पर उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' भी चुना गया। बास ने एक तरह से अपने पिता की क्रिकेट विरासत को आगे बढ़ाने का काम किया है। बास के पिता टिम डी लीडे ने 2003 के वनडे वर्ल्ड कप में भारत के खिलाफ 35 रन देकर चार विकेट लिए थे।

यह तकरीबन दो दशक तक किसी डच प्लेयर की वनडे वर्ल्ड कप में बेस्ट बोलिंग थी। यह रेकॉर्ड पॉल वान मीकेरेन ने वनडे वर्ल्ड कप 2023 में बांग्लादेश के खिलाफ 23 रन पर चार विकेट लेकर तोड़ा। नीदरलैंड्स की यह मौजूदा टूर्नामेंट में पहली जीत है।

नहीं करने दिया अटैक: टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी नामीबिया को तीसरे ओवर में ही पहला झटका लग गया, जब आर्यन दत्त ने लॉरेन स्टीनकैंप (6) को आउट किया। इसके बाद यान फ्रायलिंक (30) और यान निकोल-इटॉन (42) ने 42 गेंद में 50 रन जोड़कर पारी संभाली, लेकिन लोगान वान बीक (2/13) ने फ्रायलिंक को चलता किया। कप्तान गेरहार्ड इरास्मस (18, 9 गेंद) ने आक्रामक रुख अपनाया, पर लीडे ने उनका अहम विकेट लेकर मैच का रुख पलट दिया। इसके बाद नामीबिया की पारी लड़खड़ा गई और टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 156 रन ही बना सकी।

लक्ष्य का पीछा करते हुए नीदरलैंड्स ने 46 रन तक दोनों ओपनरों को गंवा दिया। 10वें ओवर में कॉलिन एकरमैन (32) का कैच छूटना नामीबिया को भारी पड़ा। यहीं से लीडे ने पहले एकरमैन के साथ 70 और फिर कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स (18*) के साथ नाबाद 43 रन जोड़कर जीत सुनिश्चित की। लीडे ने 48 गेंद में पांच चौके और चार छक्के लगाए।

'नहीं ली कोई टिप्स': मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अपने पिता और उनके द्वारा दी कोई टिप पर किए गए सवाल पर लीडे ने कहा, "मैंने कोई बात नहीं की। हालांकि, वर्ल्ड कप 2023 से पहले मैंने उनसे बात की थी। हमारी बात भारत और उसकी कंडीशन पर हुई थी। वह एक ऐसे समय में खेलते थे, जब टी20 क्रिकेट का रुतबा बड़ा नहीं था।'

ब्रीफ स्कोर
नामीबिया: 20 ओवर्स में 8 विकेट पर 156 रन (लॉफ्टी-इटॉन 42, यान फ्रायलिंक 30, लोगान वान बीक 2/13, बास डी लीडे 2/20)
नीदरलैंड्स: 18 ओवर्स में 3 विकेट पर 159 रन (बास डी लीडे 72*, कॉलिन एकरमैन 32, बरनार्ड स्कोल्ट्ज 1/27, रूबेन ट्रम्पलमैन 1/30)

सा. अफ्रीका से अफगानों का 'नॉकआउट' मैच

FILE

अफगानिस्तान Vs सा. अफ्रीका
अहमदाबाद

■ **एजेंसियां, अहमदाबाद:** पिछले वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले अफगानिस्तान की टीम पर इस बार ग्रुप स्टेज से ही बाहर हो जाने का खतरा मंडराने लगा है। पहले मुकाबले में न्यूजीलैंड से मिली हार के बाद आज साउथ अफ्रीका के खिलाफ उनका मैच लगभग 'करो या मरो' जैसा बन गया है। अगर वे यह मैच हारते हैं, तो कनाडा और यूएई के खिलाफ जीत भी शायद सुपर-8 स्टेज में पहुंचने के लिए पर्याप्त न हो क्योंकि प्रत्येक ग्रुप से केवल दो टीम ही सुपर-8 में पहुंचेंगी। कनाडा पर 57 रन की जीत ने न सिर्फ उसे दो अंक मिले बल्कि इसने उसके नेट रन रेट को 2.850 तक पहुंचा दिया है। दूसरी ओर न्यूजीलैंड (1.162) से पांच विकेट से हारने के कारण अफगानिस्तान -1.162 के नेट रन रेट के साथ तीसरे स्थान पर है। उसे अगले दौर में पहुंचने की अपनी उम्मीद को बरकरार रखने के लिए न केवल मैच जीतना होगा बल्कि अपना नेट रन रेट भी सुधारना होगा।

'ग्रुप ऑफ डेथ' बन गया: इस तरह की परिस्थितियों में साउथ अफ्रीका और अफगानिस्तान के बीच रोमांचक मुकाबला होने की संभावना है। अफगानिस्तान की टीम कभी हार नहीं मानने का जज्बा रखती है और साउथ अफ्रीका इससे अच्छी तरह से वाकिफ होगा। साउथ अफ्रीका, न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान जैसी टीमों की मौजूदगी के कारण यह 'ग्रुप ऑफ डेथ' बन गया है। अफगानिस्तान के लिए यह मुकाबला आसान नहीं होगा। उन्होंने साउथ अफ्रीका के खिलाफ अब तक तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और तीनों में हार झेली है। पिछली हार पिछले वर्ल्ड कप में मिली थी जब साउथ अफ्रीकी बोलर्स ने उन्हें सिर्फ 56 रन पर समेट दिया था।

3 विकेट दूर हैं अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान टी20 क्रिकेट में 700 विकेट के मार्क से

आमना-सामना (कुल टी20I 3)
3 सा. अफ्रीका **0** अफगानिस्तान

संभावित प्लेइंग XI
साउथ अफ्रीका: एडेन मार्करम (कप्तान), क्विंटन डीकॉक (विकेटकीपर), रयान रिकेल्टन, डेवाल्ड ब्रेविस, डेविड मिलर, ट्रिस्टन स्टब्स, मार्को यानसेन, कॉर्बिन बॉश, कगिसो रबाडा, केशव महाराज, लुंगी एनगिडी
अफगानिस्तान: रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), इब्राहिम जादरान, गुलबदीन नायब, सेदिकुल्लाह अटल, दरविश रसूली, अजमतुल्लाह ओमरजई, मोहम्मद नबी, राशिद खान (कप्तान), मुजीब उर रहमान, नूर अहमद, फजलहक फारूकी

टेलिकास्ट *सुबह 11:00 बजे से स्टार स्पोर्ट्स और जियोहॉटस्टार पर*

इंग्लैंड को कड़ी टक्कर दे सकता है वेस्टइंडीज

■ **एजेंसियां, मुंबई:** नेपाल के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप के ग्रुप-सी के अपने पहले ही मैच में बमुश्किल उलटफेर से बचने वाली इंग्लैंड की टीम को वेस्टइंडीज के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले एक अहम और बराबरी के मुकाबले में अधिक आत्मविश्वास के साथ उतरना होगा। दोनों टीमें अतीत में दो बार यह प्रतियोगिता जीत चुकी हैं और मौजूदा चैंपियन भारत की तरह तीसरी बार खिताब जीतने की कोशिश में हैं। हैरी ब्रूक की अगुआई वाली टीम को सतर्क रहने की जरूरत होगी। इंग्लैंड ग्रुप-सी में अपनी स्थिति सुधारने के लिए भी उत्सुक होगा क्योंकि जीत के बावजूद वह 0.200 नेट रन रेट के साथ तीसरे स्थान पर है। वेस्टइंडीज के भी दो अंक हैं और उसका नेट रन रेट 1.750 है।

इंग्लैंड Vs वेस्टइंडीज
मुंबई

इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक

टेलिकास्ट *शाम 7 बजे से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और जियोहॉटस्टार पर*

टिम-फिन ने दिलाई 10 विकेट से जीत

■ **एजेंसियां, चेन्नै:** शानदार फॉर्म में चल रहे टिम सीफर्ट (89* रन) के अलावा फिन एलेन (84* रन) की आक्रामक पारियों की बदौलत न्यूजीलैंड ने टी20 वर्ल्ड कप मैच में मंगलवार को 28 गेंद शेष रहते संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 10 विकेट से शिकस्त देकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। यूएई को छह विकेट पर 173 रन पर रोकने के बाद न्यूजीलैंड ने महज 15.2 ओवरों में बिना किसी नुकसान के 175 रन बनाकर एकतरफा जीत दर्ज की। टिम-फिन के बीच पहले विकेट के लिए 92 गेंद में 175 रन की रेकॉर्ड साझेदारी हुई। न्यूजीलैंड की यह लगातार दूसरी जीत है। टीम ने इससे पहले अफगानिस्तान को हराया था।

सबसे बड़ी पार्टनरशिप: 'प्लेयर ऑफ द मैच' सीफर्ट ने 42 गेंद की पारी में 12 फोर और 3 सिक्स लगाए। एलेन ने 50 बॉल की इनिंग्स में 5 फोर और इतने ही सिक्स जड़े। इसके साथ एलेन ने टी20 इंटरनैशनल में अपने 100 सिक्स भी पूरे किए। इस जोड़ी ने यूएई के बोलर्स को कोई मौका नहीं दिया। दोनों की 175 रन की साझेदारी टी20 वर्ल्ड कप में किसी भी विकेट के लिए सर्वश्रेष्ठ साझेदारी है। इससे पहले, कप्तान मो. वसीम (66* रन) और अलीशान शराफू (55 रन) की अर्धशतकीय पारियों और दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 107 रन की साझेदारी से यूएई ने छह विकेट पर 173 रन बनाए।

ब्रीफ स्कोर
यूएई: 20 ओवर्स में 6 विकेट पर 173 रन (वसीम 66*, शराफू 55, हेनरी 2/37, डफी 1/16)
न्यूजीलैंड: 15.2 ओवर्स में 175/0 (सीफर्ट 89*, एलेन 84*)

AFP

प्लेयर ऑफ द मैच टिम सीफर्ट

ऑस्ट्रेलिया का अभियान आज से

■ **एजेंसियां, कोलंबो:** हालिया खराब नतीजों और तीन प्रमुख तेज गेंदबाजों की गैरमौजूदगी के बावजूद ऑस्ट्रेलिया बुधवार को यहां आयरलैंड के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप के अपने पहले मुकाबले में जीत का प्रबल दावेदार होगा। पैट कमिंस और जोश हेजलवुड चोट के कारण बाहर हैं, जबकि मिचेल स्टार्क इस फॉर्मेट से संन्यास ले चुके हैं। ऐसे में नाथन एलिस चोट से उबरकर तेज आक्रमण की अगुआई कर सकते हैं, जबकि उपमहाद्वीपीय परिस्थितियों में अनुभवी लेग स्पिनर एडम जांपा की भूमिका अहम होगी। कूपर कोनोली और मैट कुहनेमैन के साथ जांपा स्पिन विभाग को मजबूती देंगे। बल्लेबाजी में ट्रेविस हेड, कप्तान मिचेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, कैमरन ग्रीन, जोश इंग्लिस और मार्कस स्टोइनिस किसी भी गेंदबाजी आक्रमण को चुनौती देने में सक्षम हैं। दूसरी ओर पॉल स्टर्लिंग की कप्तानी में आयरलैंड को अपने पहले मैच में श्रीलंका से हार मिली थी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत के लिए उसे हर विभाग में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

SOCIAL MEDIA

ऑस्ट्रेलिया Vs आयरलैंड
कोलंबो

नाथन एलिस

टेलिकास्ट *दोपहर 3 बजे से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और जियोहॉटस्टार पर।*

भारत अपने पहले मैच में बेल्जियम से टकराएगा

■ **एजेंसियां, राउरकेला:** भारतीय मेंस हॉकी टीम बुधवार से यहां बेल्जियम और अर्जेंटीना के खिलाफ होने वाले FIH प्रो-लीग में अपने अभियान की शानदार शुरुआत करने के लिए प्रतिबद्ध होगी। पिछली बार भारतीय टीम आठवें स्थान पर रही थी। भारत बुधवार को मजबूत बेल्जियम के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा, जिसके बाद गुरुवार को उसका अर्जेंटीना से मुकाबला होगा। भारतीय टीम शनिवार को एक बार फिर बेल्जियम का सामना करेगी और रविवार को अर्जेंटीना के खिलाफ अपने अभियान का समापन करेगी।

अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनुभवी खिलाड़ियों और युवा प्रतिभाओं के संतुलित मिश्रण वाली भारतीय टीम दुनिया की शीर्ष रैंकिंग वाली दो टीमों के खिलाफ परिस्थितियों का लाभ उठाने की कोशिश करेगी। भारत ने प्रो लीग में अभी तक अपना अभियान शुरू नहीं किया है, जबकि अर्जेंटीना और बेल्जियम दोनों ही सत्र की शानदार शुरुआत के बाद राउरकेला पहुंचे हैं।

FIH प्रो-लीग

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह

बंगाल ने भी बनाई अंतिम-4 में जगह

■ **एजेंसियां, कल्याणी:** सुदीप कुमार घरामी की 299 रन की पारी से पहली पारी में विशाल स्कोर खड़ा करने वाले बंगाल ने रणजी ट्रॉफी क्वॉर्टर फाइनल में आंध्र को इनिंग्स और 90 रन से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। आंध्र की पहली पारी 295 रन पर सिमटने के बाद बंगाल ने 629 रन बनाकर 334 रन की बढ़त हासिल की। आंध्र दूसरी पारी में 244 रन ही बना सका। सुदीप को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। बंगाल 15 फरवरी को सेमीफाइनल में जम्मू-कश्मीर से खेलेगा, जबकि कर्नाटक की टीम उत्तराखंड से भिड़ेगी।

रणजी का रण

शाहबाज ने लिए 4 विकेट

आकृति ने जीता सिल्वर, अंजुम को ब्रॉन्ज मेडल

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** भारत की आकृति दहिया और अंजुम मौद्गिल ने एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में विमिंस 50 मीटर राइफल थ्री-पोजिशन (3पी) इवेंट में क्रमशः सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किए। कजाकिस्तान की सोफिया शुलझेंको ने 35 शॉट्स के फाइनल में 358.2 अंक जुटाकर वर्ल्ड रेकॉर्ड बनाते हुए गोल्ड जीता। जूनियर विमिंस 3पी इवेंट में भारत की प्राची गायकवाड़ ने 353.3 अंक के साथ गोल्ड जीता। कजाकिस्तान की टोमिरिस अमानोवा को सिल्वर और भारत की अनुष्का ठाकुर को ब्रॉन्ज मिला। टीम इवेंट में प्राची, अनुष्का और हेजल की तिकड़ी ने गोल्ड जीता। मेंस 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में आदर्श सिंह टॉप पर रहे।

एशियन शूटिंग चैंपियनशिप

आकृति (बाएं) और अंजुम

'वॉकी-टॉकी' के पक्ष में हैं बटलर

■ **एजेंसियां, मुंबई:** इंग्लैंड के बैटर जोस बटलर ने कहा कि मैदान पर खिलाड़ियों तक संदेश पहुंचाने के मामले में क्रिकेट अन्य खेलों की तुलना में अभी पीछे है। यह बयान उन्होंने उस घटना के बाद दिया, जब इंग्लैंड के हेड कोच ब्रेंडन मैकुलम को नेपाल के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप मैच के दौरान 'ड्रिंक्स ब्रेक' में इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक से वॉकी-टॉकी के जरिए बात करते हुए देखा गया। बटलर ने कहा, 'अन्य खेलों, जैसे रग्बी में मैनेजर और कोच लगातार संदेश भेजते रहते हैं। आने वाले समय में शायद क्रिकेट में भी यह और बढ़े।'

जोस बटलर

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 11-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH17 User: rajesh.mishra@timesofindia.com Time: 02-10-2026 22:33 Color:

नवभारत टाइम्स NBT
Delhi Times
OF INDIA
WEDNESDAY, FEBRUARY 11, 2026 ADVERTORIAL, ENTERTAINMENT, PROMOTIONAL FEATURE
masala mix

डॉन 3 छोड़ने पर फरहान ने रणवीर सिंह से मांगा 40 करोड़ का मुआवजा

दिल्ली में कार्तिक की एक झलक के लिए लगी भीड़

Photos: Social Media

कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी फिल्म नागजिला की शूटिंग के लिए दिल्ली में हैं। हाल ही में वह लक्ष्मी नगर मेट्रो स्टेशन पर शूटिंग करते दिखाई दिए, जहां उनकी झलक पाने के लिए फैंस की भीड़ सड़कों पर दिखाई दी। इसका एक विडियो सामने आया है जिसमें वह मेट्रो स्टेशन पर क्रू के साथ दिखे हैं। विडियो में दिख रहा है कि उन्हें देखने के लिए नीचे काफी लोग इकट्ठा हुए हैं। इनकी वजह से सड़क पर ट्रैफिक जाम जैसी स्थिति बनी हुई है। हालांकि कार्तिक ने भी फैंस को निराश नहीं किया और हाथ हिलाकर उनका अभिवादन किया।

कार्तिक आर्यन को लक्ष्मी नगर मेट्रो के अलावा जनकपुरी में भी स्पॉट किया गया। टीम का तीन हफ्ते का शेड्यूल दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में हो रहा है, जिसमें पुरानी दिल्ली व आसपास के क्षेत्र शामिल हो सकते हैं। गौरतलब है कि मृगदीप सिंह लांबा के डायरेक्शन में बन रही नागजिला में कार्तिक आर्यन इच्छाधारी नाग के रूप में दिखाई देंगे। हालांकि अभी तक यह नहीं बताया गया है कि उनके साथ कौन सी ऐक्ट्रेस इस फिल्म का हिस्सा होगी, लेकिन प्रतिभा रांटा के नाम की सबसे ज्यादा चर्चा है।

राजपाल को काम देंगे सोनू सूद

@sonu_sood

राजपाल यादव एक पुराने चेक बाउंस मामले में तिहाड़ जेल में हैं। अब सोनू सूद उनकी मदद के लिए आगे आए हैं। सोनू ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'राजपाल एक बेहद टैलेंटेड ऐक्टर हैं जिन्होंने इंडस्ट्री को कई यादगार किरदार दिए हैं। कभी-कभी जिंदगी टैलेंट की वजह से नहीं, बल्कि हालात के चलते मुश्किल हो जाती है।' सोनू ने यह भी ऐलान किया कि राजपाल उनकी आने वाली फिल्म का हिस्सा होंगे। 'खबरों के मुताबिक, राजपाल ने तिहाड़ जेल में सरेंडर करते हुए कहा था, 'सर, क्या करूं? मेरे पास पैसे नहीं हैं। यहां सब अकेले हैं, कोई दोस्त नहीं होता।' वहीं गुरमीत चौधरी व तेज प्रताप यादव ने ऐक्टर की मदद की पेशकश की है।

'आमिर, शाहरुख और सलमान के अंदाज जुदा, पर जुनून एक'

Photos: Social Media

रानी मुखर्जी

सलमान, आमिर और शाहरुख खान के साथ काम करने के अपने अनुभव एक बातचीत में रानी मुखर्जी ने साझा किए हैं। उन्होंने बताया कि तीनों सुपरस्टार्स का काम करने का अंदाज भले अलग है, पर सिनेमा के लिए उनका जुनून एक जैसा है।

रानी ने 1998 में आई फिल्म गुलाम में आमिर खान के साथ काम किया था। उन दिनों को याद करते हुए रानी ने कहा कि आमिर हर सीन और हर शॉट को लेकर बहुत सीरियस रहते हैं। बकौल रानी, उन्होंने अपने शुरुआती दिनों में आमिर से प्रफेशनलिज्म और परफॉर्मेंस की बारीकियां सीखीं। शाहरुख के लिए उन्होंने कहा, 'वे बेहद संवेदनशील और केयरिंग इंसान हैं। मैं जब बहुत छोटी थी, तब भी शाहरुख ने मुझे हमेशा एक बच्चे की तरह प्रेटेंड किया। आज भी शाहरुख मुझे प्यार से बेबी कहकर बुलाते हैं।' वहीं सलमान खान के साथ काम करने को रानी ने बिलकुल अलग अनुभव बताया। उनके मुताबिक, 'सलमान का स्टाइल बिंदास और कैजुअल है। देखने में लगता है कि वह बहुत रिलैक्स हैं, पर असल में वह अपने काम के लिए काफी मेहनत करते हैं। सलमान का स्वैग व हैंडसम पर्सनैलिटी उनकी मेहनत को अक्सर छुपा देती है।'

> भले ही आमिर, शाहरुख और सलमान का काम करने का तरीका अलग-अलग हो, लेकिन तीनों सिनेमा को लेकर बेहद पैशनेट हैं और यही बात उन्हें खास बनाती है। तीनों के साथ काम करके मैंने कुछ न कुछ सीखा है।

THE ECONOMIC TIMES

फटाफट खबरें

अब डाकघर में भी मिलेंगे MF

■ **पीटीआई, नई दिल्ली :** डाक विभाग (DoP) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) ने मंगलवार को एक समझौते पर दस्तखत किए हैं। इस साझेदारी का मकसद ग्रामीण इलाकों और छोटे शहरों में रहने वाले भारतीयों की छोटी-छोटी बचत को म्यूचुअल फंड निवेश में बदलकर उन्हें बड़ी संपत्ति बनाने में मदद करना है। पहले चरण में इस पर फोकस होगा कि लोग अपनी सुविधा के अनुसार छोटी रकम से निवेश शुरू कर सकें। दूसरे चरण में, 55 AMCs की सभी ओपन-एंडेड स्कीम्स, लक्ष्य आधारित निवेश, पोर्टफोलियो की जांच, क्षेत्रीय भाषाओं में जानकारी और सलाह जैसी सुविधाएं दी जाएंगी।

बेरोजगारी दर में गिरावट: रिपोर्ट

■ **पीटीआई, नई दिल्ली :** शहरों में 15 साल और उससे ज्यादा उम्र के लोगों के बीच बेरोजगारी की दर में मामूली कमी आई है। नैशनल स्टैटिस्टिक्स ऑफिस (NSO) की ओर से मंगलवार को जारी एक सर्वे के मुताबिक, अक्टूबर-दिसंबर 2025 की तिमाही में यह दर घटकर 6.7 फीसदी रह गई, जो इससे पिछली तिमाही में 6.9 फीसदी थी।

बढ़त के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** शेयर बाजार में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन तेजी का दौर जारी रहा। सेंसेक्स 208.17 अंक (0.25%) उछलकर 84,273.92 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी भी 67.85 अंक (0.26%) की बढ़त के साथ 25,935.15 पर बंद हुआ। ऑटो सेक्टर में सबसे ज्यादा 1.35% की तेजी रही। सोमवार को विदेशी निवेशकों ने 2,254.64 करोड़ रुपये के शेयरों की खरीदारी की थी।

पहली बार गोल्ड ETF आगे

इक्विटी MF में निवेश जनवरी में लगातार दूसरे महीने कम : रिपोर्ट

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** जनवरी के महीने में इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश 14% गिरकर 24,028 करोड़ रुपये रह गया। यह लगातार दूसरा महीना है जब इक्विटी फंड में निवेश में कमी देखी गई है। दूसरी तरफ, गोल्ड एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड (Gold ETF) में निवेश बहुत तेजी से बढ़ा। इसमें कुल 24,040 करोड़ रुपये का निवेश आया। यह पिछले महीने (11,647 करोड़ रुपये) के मुकाबले दोगुने से भी ज्यादा है। सबसे अहम बात यह है कि ऐसा पहली बार हुआ है जब गोल्ड ETF में आने वाला पैसा इक्विटी म्यूचुअल फंड में आने वाले पैसे से थोड़ा ज्यादा हो गया है।

असोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (Amfi) की तरफ से मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी में इक्विटी फंड में निवेश दिसंबर (28,054 करोड़ रुपये) और नवंबर (29,911 करोड़ रुपये) के मुकाबले कम रहा। हालांकि यह अक्टूबर (24,690 करोड़ रुपये) की तुलना में बेहतर है। हालांकि सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (SIP) के जरिए आने वाला पैसा जनवरी में 31,000 करोड़ रुपये पर स्थिर रहा। इससे पता चलता है कि आम लोग अभी भी अनुशासन के साथ लंबी अवधि के लिए निवेश करना पसंद कर रहे हैं। म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री का असेट बेस बढ़ा है।

AI Image

क्या रही वजह

Nippon MF के सीईओ सुदीप सिक्का के अनुसार बाजार के उतार-चढ़ाव से बचाव के रूप में निवेशकों की दिलचस्पी गोल्ड और सिल्वर ईटीफंड में बढ़ी है। ग्रो के CEO वरुण गुप्ता का कहना है कि सोना और चांदी अब मुख्यधारा के पोर्टफोलियो असेट्स के रूप में वित्तीय रूप से अधिक स्वीकार किए जा रहे हैं। आदित्य बिड़ला सन लाइफ एएमसी के MD CEO ए. बालासुब्रमण्यन ने कहा कि लॉन्ग टर्म असेट क्रिएशन के लिए इक्विटी अब भी पसंदीदा असेट क्लास बना है। वीएसआरके कैपिटल के डायरेक्टर स्वनिल अग्रवाल का कहना है कि पिछले कई महीनों से शेयर बाजार से मिलने वाला रिटर्न कम रहा है।

क्या कहते हैं आंकड़े?

- **इक्विटी MF:** 24,028 करोड़ (पिछले महीने से 14% कम)
- **गोल्ड ETF:** 24,040 करोड़ रुपये (दिसंबर के 11,647 करोड़ से दोगुने से ज्यादा)
- **मिड-कैप:** 3,185 करोड़ (दिसंबर में 4,176 करोड़)
- **स्मॉल-कैप:** 2,942 करोड़ रुपये (दिसंबर 3,824 करोड़)
- **फ्लेक्सी-कैप:** 7,672 करोड़
- **लार्ज एंड मिड-कैप:** 3,192 करोड़ रुपये
- **लार्ज-कैप:** 2,005 करोड़
- **ELSS (टैक्स सेविंग फंड):** 594 करोड़ रुपये की निकासी
- **हाइब्रिड:** 17,356 करोड़ रुपये का आया निवेश

MF का लेखा-जोखा

- **SIP पर भरोसा:** बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद आम निवेशकों का भरोसा कम नहीं हुआ है। SIP के जरिए आने वाला निवेश 31,000 करोड़ रुपये पर स्थिर बना हुआ है।
- **मिड और स्मॉल-कैप की रफ्तार थमी:** मिड-कैप और स्मॉल-कैप फंड्स में निवेश की गति धीमी रही। इसका मुख्य कारण शेयरों की बढ़ी हुई कीमतें (हाई वैल्युएशन) हैं।
- **Debt फंड में वापसी:** पिछले महीनों की भारी निकासी के बाद, जनवरी में Debt फंड में 74,827 करोड़ रुपये आया है। निवेशक फिक्स्ड इनकम वाले विकल्पों की ओर भी देख रहे हैं।
- **फ्लेक्सी-कैप पहली पसंद:** इक्विटी स्कीमों के भीतर निवेशकों ने सबसे ज्यादा पैसा 'फ्लेक्सी-कैप' फंड्स में लगाया, जबकि टैक्स बचाने वाली ELSS स्कीमों से पैसा बाहर निकला।

छापेमारी से पहले नोटिस, मिटा सकते हैं सबूत : SC

■ **पीटीआई, नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को डिजिटल दौर में जांच अधिकारियों के सामने आने वाली व्यवहारिक दिक्कतों का जिक्र किया। कोर्ट ने कहा कि अगर छापेमारी (सर्च और जब्ती) से पहले नोटिस देने की शर्त रखी गई, तो जांच शुरू होने से पहले ही खत्म हो सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने इनकम टैक्स ऐक्ट की धारा 132 के तहत दी गई छापेमारी की शक्तियों को चुनौती देने वाली एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान ये टिप्पणी की। याचिका में कहा गया है कि अधिकारियों के पास इस धारा के तहत इतनी ज्यादा पावर है कि उसका गलत इस्तेमाल हो सकता है।

इनकम टैक्स ऐक्ट की धारा 132 आईटी अधिकारियों को यह ताकत देती है कि अगर उनके पास कोई ठोस वजह है कि किसी व्यक्ति ने अपनी आय, संपत्ति या दस्तावेज छिपाए हैं तो वे उसकी तलाशी ले सकते हैं। सामान जब्त कर सकते हैं। बेंच ने मामले को दो हफ्ते के लिए टाल दिया है।

सुनवाई के दौरान जस्टिस वागची ने छापेमारी से पहले नोटिस देने में आने वाली दिक्कतों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में ऐसा करना जांच के मकसद को ही खत्म कर देगा, क्योंकि इलेक्ट्रॉनिक सबूतों को बहुत आसानी से नष्ट किया जा सकता है। जस्टिस वागची ने कहा, डिजिटल रेकॉर्ड वाली ऐसी जांच को दबाने का सबसे आसान तरीका यह है कि उस डिवाइस (मोबाइल या कंप्यूटर) को ही नष्ट कर दिया जाए। चीफ जस्टिस ने कहा कि अधिकारियों को मिली कानूनी शक्तियां न तो अनियंत्रित हैं और न ही बेलगाम।

24.64 लाख से ज्यादा रिटर्न पेंडिंग : केंद्र

पीटीआई, नई दिल्ली : असेसमेंट ईयर 2025-26 के लिए 4 फरवरी तक करीब 8.80 करोड़ इनकम टैक्स रिटर्न (ITR) दाखिल किए गए। इनमें से 24.64 लाख से ज्यादा रिटर्न ऐसे हैं, जिन्हें प्रोसेस होने में 90 दिनों से ज्यादा का समय हो गया है। ये अब भी पेंडिंग हैं। राज्यसभा में एक लिखित जवाब में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने ये यह जानकारी दी।

ED ने अनिल अंबानी, पत्नी को भेजा नया समन

■ **पीटीआई, नई दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन अनिल अंबानी और उनकी पत्नी टीना अंबानी को नया समन जारी किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में पूछताछ के लिए दोनों को अगले हफ्ते पेश होने के लिए कहा गया है। टीना अंबानी को सोमवार को ही एजेंसी के सामने पेश होना था, लेकिन वह नहीं आईं। अधिकारियों के मुताबिक, अब उन्हें 17 फरवरी को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। 18 फरवरी को अनिल अंबानी को पेश होने के लिए कहा गया है। पेश होने पर मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून (PMLA) के तहत उनके बयान दर्ज किए जाएंगे।

बता दें कि रिलायंस ग्रुप की कंपनियों और उनके बैंक लोन से जुड़ी जांच के सिलसिले में अनिल अंबानी से पिछले साल भी एक बार पूछताछ की जा चुकी है। माना जा रहा है कि टीना अंबानी को न्यूयॉर्क के मैनहट्टन में एक आलीशान अपार्टमेंट की खरीद से जुड़े पैसों के लेन-देन के मामले में पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

Titan का मुनाफा 61% उछला

■ **पीटीआई, नई दिल्ली :** जुलरी और घड़ी बनाने वाली कंपनी टाइटन ने मंगलवार को अपने वित्तीय नतीजों की घोषणा की। FY26 की दिसंबर तिमाही में कंपनी का मुनाफा 60.84% बढ़कर 1,684 करोड़ रुपये रहा। पिछले साल इसी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में कंपनी को 1,047 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा हुआ था। दिसंबर तिमाही में बिक्री 42% बढ़कर 24,915 करोड़ रुपये हो गई। इस तिमाही के दौरान टाइटन का जूलरी बिजनेस 45.6% बढ़कर 23,492 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कंपनी का कहना है कि पुराने सोने के बदले नए गहने लेने की स्कीमों की वजह से मांग काफी मजबूत रही। वहीं, वेकरी फूड कंपनी ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने बताया कि दिसंबर तिमाही में कंपनी का कुल शुद्ध मुनाफा 17.14% बढ़कर 682.14 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फाबेट 100 साल के लिए लेगी कर्ज

कंपनी 100 साल की मैच्योरिटी वाला बॉण्ड जारी करेगी

■ **NBT रिपोर्ट:** गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फाबेट AI की रेस में आगे रहने के लिए भारी-भरकम फंड जुटा रही है। इसके लिए कंपनी ने 100 साल की अवधि वाला अनोखा बॉण्ड जारी करने का फैसला किया है। पिछले 30 सालों में ऐसा किसी टेक कंपनी द्वारा नहीं किया गया है।

फाइनैंशल टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, यह 100 साल वाला बॉण्ड अल्फाबेट द्वारा फाउंड में कर्ज जुटाने की पहली कोशिश का हिस्सा है। इसके साथ ही, कंपनी अमेरिकी डॉलर बॉण्ड के जरिए भी 20 अरब डॉलर जुटा रही है। ब्लूमबर्ग के अनुसार, पहले कंपनी ने 15 अरब डॉलर जुटाने की योजना बनाई थी। जब निवेशकों की तरफ से 100 अरब डॉलर से ज्यादा की डिमांड (ऑर्डर) आई, तो कंपनी ने कर्ज की रकम बढ़ा दी। इसके अलावा स्विस फ्रैंक में भी बॉण्ड लाने की तैयारी है। डॉलर वाले बॉण्ड को सात हिस्सों में बांटा गया है। इसमें सबसे लंबी अवधि का बॉण्ड 40 साल का है, जो 2066 में मैच्योर होगा। बाजार में इस कर्ज की बहुत ज्यादा मांग है, खासकर छोटे समय (3 साल) वाले बॉण्ड के लिए निवेशकों में काफी उत्साह देखा गया। इस सौदे से जुड़े एक बैंकर ने बताया कि अलग-अलग करेंसी (जैसे पाउंड, डॉलर, स्विस फ्रैंक) में बॉण्ड जारी करने से अल्फाबेट को दुनिया भर के नए निवेशकों से जुड़ने में मदद मिलती है। बता दें कि कुछ दिन पहले ही अल्फाबेट ने कहा था कि वह इस साल अपने कामकाज और विस्तार पर 185 अरब डॉलर तक खर्च कर सकती है।

AI Image

STEM भर्ती में 50% महिलाएं होंगी: Vedanta

■ **NBT रिपोर्ट:** 'इंटरनेशनल डे ऑफ वुमेन एंड गर्ल्स इन साइंस' (11 फरवरी) के मौके पर वेदांता लिमिटेड ने एक बड़ा ऐलान किया है। विज्ञान और तकनीक (STEM) के क्षेत्र में होने वाली नई भर्तियों (फ्रेशर्स) में अब महिलाओं की हिस्सेदारी 35% से ज्यादा हो गई है। अगर इसमें लीडरशिप और मैनेजमेंट के पदों को भी जोड़ दिया जाए तो यह आंकड़ा 45% तक पहुंच जाता है। वेदांता की नॉन-एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर और हिंदुस्तान जिंक की चेयरपर्सन प्रिया अग्रवाल हेब्बर ने बताया कि कंपनी में इस साल से STEM के पदों पर होने वाली 50% भर्तियां महिलाओं की होंगी। यह कदम भारत के मेटल्स, खनन, मैन्युफैक्चरिंग जैसे क्षेत्रों में महिला-पुरुष समानता के लिहाज से ऐतिहासिक बदलाव है।

Anthropic के रिसर्चर ने छोड़ी नौकरी, दी चेतावनी

Social Media

AI सेफ्टी हेड मृणांक शर्मा ने कहा- इंसानियत को बिगाड़ रहे हैं चैटबॉट्स

■ **NBT रिपोर्ट :** Anthropic की सेफ्यूइड्स रिसर्च टीम के हेड मृणांक शर्मा ने अपना पद छोड़ दिया है। मृणांक ने X पर 9 फरवरी को अपने इस्तीफे की जानकारी साझा की। मृणांक ने अपने विदाई संदेश में एक गंभीर चेतावनी दी है कि एआई और अन्य संकटों के कारण दुनिया खतरे में है। उन्होंने संकेत दिया कि कंपनियों में अक्सर नैतिक मूल्यों के बजाय अन्य दबाव हावी हो जाते हैं। अब वह टेक्नॉलजी की दुनिया छोड़कर कविता और लेखन के क्षेत्र में अपनी नई राह तलाशने जा रहे हैं।

TOI के मुताबिक, ऑक्सफोर्ड से मशीन लर्निंग में पीएचडी करने वाले मृणांक ने अगस्त 2023 में कंपनी जॉइन की थी। उनकी टीम का काम एआई से होने वाले खतरों को कम करना था। उन्होंने एआई चैटबॉट्स द्वारा यूजर्स की जरूरत से ज्यादा तारीफ करने और एआई के जरिए होने वाले गलत कामों को रोकने पर रिसर्च की। मृणांक ने पिछले हफ्ते एक स्टडी पब्लिश की, जिसमें उन्होंने पाया कि AI चैटबॉट्स का इस्तेमाल करने से लोगों का हकीकत को देखने का नजरिया बिगड़ सकता है।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 11-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAHBP User: ccl Time: 02-10-2026 23:07 Color:



NBT AI टाइम मशीन

आज तिलका मांझी का जन्मदिन

आज ही के दिन 1750 में बिहार के सुल्तानगंज में भारत के पहले स्वतंत्रता सेनानी तिलका मांझी का जन्म हुआ था। उन्होंने अंग्रेजी शासन के खिलाफ लंबी लड़ाई लड़ी। संथालों के प्रसिद्ध संथाल विद्रोह का नेतृत्व भी मांझी ने किया था। 1770 में जब भीषण अकाल पड़ा तो उन्होंने अंग्रेजी शासन का खजाना लूटकर गरीबों में बांट दिया। 13 जनवरी 1785 में इस महान स्वतंत्रता सेनानी को अंग्रेजों ने फांसी पर चढ़ा दिया था।

देश के नायकों से संवाद करेंगे लोग

ChatGPT के मुताबिक, भविष्य में तिलका मांझी जैसे स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृति सिर्फ किताबों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि डिजिटल अनुभव, वर्चुअल रियैलिटी और लोक-स्मृतियों के माध्यम से जीवित रहेगी। उन्हें सिर्फ आदिवासी नायक नहीं, बल्कि सत्ता, जमीन और समुदाय के रिश्ते को चुनौती देने वाले विचारक के रूप में देखा जाएगा। भविष्य में ऐतिहासिक स्मारक स्थलों पर लोग ऐसे नायकों से डिजिटली संवाद भी कर सकेंगे।



AI images

NBT इरा BEAUTY & BRILLIANCE

भीड़ का हिस्सा बनना उसकी फितरत नहीं। वह आज की नारी है, वह 'Gen She' है।

IRA 2026

बिना दिखावे के। बिना किसी बनावट के।
अपनी शर्तों पर जीने वाली निडर लड़कियां।

सुंदरता अब किसी की मोहताज नहीं।

हुनर और सौंदर्य की मिसाल बनें। आज ही रजिस्टर करें।

वट्सऐप नंबर - 7003890071

वाइट हाउस से जारी फैक्ट शीट में कई नई बातें, जो साझा बयान में नहीं

रूसी तेल Out, दालें In... US डील में पहली बार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

भारत-अमेरिका कारोबारी समझौते से जुड़ी घोषणाओं पर अभी कई ऐसे पहलू हैं, जिन पर पूरी स्पष्टता नहीं आ पाई है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति के दफ्तर वाइट हाउस से सोमवार को जारी फैक्टशीट ने इस उलझन को और बढ़ा दिया है। इसमें तीन ऐसे उल्लेख हैं जिनका जिक्र 6 फरवरी को अमेरिका से जारी साझा बयान में नहीं था। इसमें सबसे अहम रूसी तेल खरीद रोकने पर भारत की प्रतिबद्धता को अमेरिका के सरकारी बयान का हिस्सा बनाना है। पहली बार अमेरिकी चीजों से भारत में टैरिफ घटाने/खत्म करने वाली लिस्ट में 'कुछ दालों' को शामिल किया गया है। साथ ही, अमेरिका से 500 अरब डॉलर की संभावित खरीद में वहां के एग्रो प्रोडक्ट्स को भी शामिल किया गया है।

> अमेरिकी फसलों में पहली बार 'दालों' का भी जिक्र

अमेरिका ने इस फैक्ट शीट को 'द यूनाइटेड स्टेट्स ऐंड इंडिया अनाउंस हिस्टोरिक ट्रेड डील' नाम से जारी किया है। इसमें कहा गया कि भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील के फ्रेमवर्क पर सहमति बनी है। आने वाले हफ्तों में दोनों देश इस करार को आखिरी रूप देने की दिशा में काम करेंगे। फैक्टशीट में रूसी तेल खरीद पर रोक के मामले में भारत की प्रतिबद्धता को लिखित बयान का हिस्सा बनाया गया है। इसमें लिखा है कि राष्ट्रपति ट्रंप ने पीएम मोदी के साथ फोन कॉल में ही भारतीय उत्पादों पर 25% अतिरिक्त टैरिफ हटाने पर सहमति जताई थी। ऐसा रूसी तेल खरीद पर रोक की भारत की प्रतिबद्धता को देखते हुए किया गया। अतिरिक्त टैरिफ को हटाने से जुड़े आदेश पर ट्रंप ने पिछले हफ्ते दस्तखत किए हैं। लेकिन 6 फरवरी के साझा बयान में भारत के रूसी तेल खरीद बंद करने का जिक्र नहीं था। ट्रंप कई बार कह चुके हैं कि भारत रूसी तेल खरीद बंद करने पर सहमत है। भारत ने यही कहा कि ऊर्जा जरूरतें देशहित से प्रेरित होती हैं।

■ 500 अरब डॉलर खरीद में भी एग्रो...

भारत की ओर से अमेरिका से 500 अरब डॉलर की संभावित खरीद में अमेरिकी कृषि उत्पादों को भी शामिल किया गया है। अभी तक ऐसी खरीद में कृषि उत्पादों का उल्लेख नहीं था। ताजा फैक्ट शीट में कहा गया कि भारत ज्यादा अमेरिकी उत्पाद खरीदने के लिए प्रतिबद्ध है। इसमें एनर्जी, इन्फर्मेशन, कम्युनिकेशन तकनीक, कृषि, कोयला और अन्य प्रॉडक्ट शामिल हैं।

■ अनुचित व्यापार प्रैक्टिस खत्म करेंगे

कहा गया है कि ट्रंप, अमेरिकी जनहित को आगे बढ़ाते हुए अमेरिकी निर्यातकों के लिए बाजार पहुंच बढ़ा रहे हैं। इसके लिए शुल्क और गैर-शुल्क बाधाओं को कम कर रहे हैं। भारत ने अन्य की तुलना में अमेरिका पर सबसे अधिक शुल्क रखे हैं, जहां कृषि उत्पादों पर औसतन 37% तक और कुछ गाड़ियों पर 100% से ज्यादा शुल्क है। भारत का इतिहास संरक्षणवादी गैर-शुल्क बाधाएं लगाने का भी रहा है, जिनके कारण अमेरिका के कई निर्यात भारत में प्रतिबंधित रहे हैं।

Agency

भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर की रिसेप्शन पार्टी में कॉमर्स मिनिस्टर पीयूष गोयल ने कहा कि साझेदारी नई ऊंचाइयों पर पहुंचेगी।

डिजिटल सेवा कर हटाएगा भारत

फैक्टशीट में कहा गया, भारत साझा ट्रेड पर असर डालनी वाली गैर-टैरिफ बाधाएं दूर करेगा और डिजिटल सेवा करों को हटाएगा। वह द्विपक्षीय डिजिटल व्यापार पर बातचीत करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे डिजिटल व्यापार में बाधाओं को दूर करने में मदद मिलेगी। इसमें इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिशन कस्टम ड्यूटी पर रोक लगाने वाले नियम भी शामिल हैं।

■ अमेरिकी श्रमिकों को लाभ की बात

इसमें कहा गया कि अमेरिकी वर्कर्स और ट्रेड के लिए लाभ के मकसद से दोनों देश कारोबारी समझौते को अंतिम रूप देने की दिशा में काम करेंगे। बीटीए की संदर्भ शर्तों में तय खाके के तहत अमेरिका और भारत बाकी बाधाओं, अतिरिक्त गैर-शुल्क बाधाओं, ट्रेड में तकनीकी बाधाएं, व्यापार सुविधा और सुधार, सेवाओं व निवेश, बौद्धिक संपदा, श्रम, पर्यावरण आदि से जुड़ी अनुचित प्रथाओं पर बातचीत जारी रखेंगे।

भारत क्यों है सतर्क

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

जब तक ट्रेड डील अंतिम परिणति तक नहीं पहुंचेगी भारत सतर्क मोड में रहेगा। साझा घोषणापत्र की बातों के अलावा अमेरिका की अन्य किसी भी बात पर बोलने से वह बच रहा है। तर्क यही कि अंतिम ड्राफ्ट से पहले अधिक प्रतिक्रिया दिखाने से बारगेन क्षमता प्रभावित हो सकती है। रणनीति यही कि डील के लिए न तो आतुर दिखें, न उपेक्षा करता दिखे, इसीलिए अमेरिकी फैक्टशीट पर कुछ कहने से भारत ने परहेज किया।

जानें, पहली बार 'कुछ दालों' पर क्या कहा गया

फैक्टशीट के जिस बिंदु में कृषि उत्पादों पर भारत के टैरिफ घटाने या खत्म करने की बात है, उसमें पहली बार 'कुछ दालों' को शामिल किया गया है। साझा बयान में दालों का जिक्र नहीं था। फैक्ट शीट में कहा गया कि भारत अमेरिकी औद्योगिक और कृषि उत्पादों पर टैरिफ कम करेगा या फिर खत्म करेगा। इनमें पशु आहार के लिए ड्राइड डिस्टिलर्स ग्रेन्स, लाल ज्वार, ट्री नट्स और प्रोसेस्ड फल, सोयाबीन तेल, वाइन और स्पिरिट्स के अलावा कुछ दालें शामिल हैं। अमेरिकी घोषणा से अलग, दालों पर कई बातें साफ होना बाकी हैं। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने बीते दिनों कहा था कि जो भारत में पर्याप्त मात्रा में नहीं, उनके मार्केट खोलने से होड़ बढ़ेगी। बादाम, अखरोट, लैंटिल (पीली मसूर दाल) जैसी चीजें UPA के समय से हो रहा है।

> लाल ज्वार, ट्री नट्स, प्रोसेस्ड फल...कुछ दालें शामिल

भारतीय गारमेंट इंडस्ट्री पर क्या भारी पड़ेगा बांग्लादेश?

File

कपड़ों पर बांग्लादेश को इसलिए बढ़त

0% टैरिफ अमेरिकी मटीरियल से बने बांग्लादेशी गारमेंट्स पर ही लगेगा अब	**20%** टैरिफ था पहले बांग्लादेशी गारमेंट्स पर, 18% से फायदे में था भारत	**20 करोड़ डॉलर** का अमेरिकी कपास लेता है भारत, 25 करोड़ डॉलर का बांग्लादेश **118 अरब डॉलर** का अमेरिकी गारमेंट्स का मार्केट

■ पीटीआई, ढाका (बांग्लादेश)

भारत के बाद अमेरिका ने अब बांग्लादेश से भी ट्रेड डील कर ली है। इसके तहत बांग्लादेशी वस्तुओं पर अमेरिकी टैरिफ पहले के 20% से घटकर अब 19% रह गया है। वाइट हाउस ने कहा, बांग्लादेश के ऐसे उत्पादों की पहचान भी की जाएगी, जिन पर शून्य टैरिफ लगेगा। बांग्लादेश के कॉमर्स सेक्रेटरी महबूबुर रहमान ने कहा कि अमेरिका से इंपोर्ट कपास और सिंथेटिक फाइबर (कृत्रिम रेशों) से बने बांग्लादेशी रेडीमेड गारमेंट्स (आरएमजी) को इस समझौते के तहत शून्य टैरिफ देना होगा। बांग्लादेश के अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस ने कहा कि इससे हमारे गारमेंट सेक्टर को बढ़ावा मिलेगा।

जानकार इसे भारत के लिए झटका मान रहे हैं। उनका कहना है कि अमेरिकी कपास (मटीरियल) से बने बांग्लादेशी गारमेंट्स पर अमेरिका में शून्य टैरिफ लगेगा। इससे भारत के बजाय बांग्लादेशी कपड़े अमेरिका में सस्ते होंगे, क्योंकि भारतीय कपड़ों पर 18% टैरिफ लगेगा। इससे भारतीय टेक्सटाइल इंडस्ट्री को अमेरिका में चुनौती मिलेगी। निर्यातकों का कहना है कि गारमेंट के बिजनेस में कुछ फीसदी शुल्क का अंतर भी ऑर्डर शिफ्ट कराने के लिए काफी होता है। यही कारण है कि मंगलवार को शेयर बाजार में भारतीय टेक्सटाइल कंपनियों के शेयर 5% से अधिक गिरे। पहले ही यह सेक्टर ऊंची लागत, लॉजिस्टिक खर्च और वैश्विक मांग में सुस्ती जैसी चुनौतियों से जूझ रहा है।

> US में भारत की तुलना में बांग्लादेशी कपड़े काफी सस्ते पड़ेंगे

वहीं कुछ का कहना है कि शून्य टैरिफ स्पष्ट नहीं है। अगर बांग्लादेशी कपड़ों पर यह छूट सीमित और कड़ी शर्तों के तहत है, असर सीमित रहेगा।

SPEED News

रूस में भारतीय छात्रों के शोषण के केस बढ़े

2025 में भारतीय छात्रों ने शोषण की 350 शिकायतें कीं। इनमें 200 से ज्यादा रूस में पढ़नेवालों की थी।



सोमालिया में समुद्र तट पर प्लेन क्रैश

मोगादिशु से विमान उड़ान के तुरंत बाद समुद्र के उथले पानी में गिरा। सवार सभी 50 यात्री सुरक्षित हैं।

केंद्र ने कहा, US से $500 अरब की खरीद की कोशिश

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: भारत सरकार ने विदेश मंत्रालय की स्थायी समिति के सामने कहा है कि ट्रेड डील में अमेरिका से 500 अरब डॉलर की संभावित खरीद का मामला एस्पिरेशनल है। यानी इस बारे में कोई प्रतिबद्धता नहीं है। अगर समझौते के पहले साल में मौजूदा 42 अरब डॉलर का आयात 100 अरब डॉलर नहीं पहुंचता तो ऐसा नहीं होगा कि भारत पर प्रतिबंध लगेंगे। सरकार सेमीकंडक्टर, विमान कलपुर्जे, डेटा सर्वर जैसी चीजों से ट्रेड बढ़ाने और $500 अरब के लक्ष्य को हासिल करने की कोशिश करेगी।

बांग्लादेश: वोट से पहले एक और हिंदू की हत्या

■ पीटीआई, ढाका

बांग्लादेश में संसदीय चुनावों से ठीक पहले एक और हिंदू की जान ले ली गई। इस बार सोमवार रात मयमनसिंह जिले में हिंदू कारोबारी सुशेन चंद्र सरकार की हत्या कर दी गई। वह 62 साल के थे और चावल के कारोबारी थे। पुलिस ने बताया कि अज्ञात हमलावरों ने दुकान के अंदर सुशेन पर धारदार हथियार से हमला किया और शटर बंद कर फरार हो गए। सुशेन को खून से लथपथ हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के बेटे ने कहा कि परिवार की किसी से दुश्मनी नहीं थी। हमलावर दुकान से कई हजार टका भी लूट ले गए। दिसंबर में कट्टरपंथी नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या के बाद से इस देश में हिंदू समुदाय के खिलाफ हिंसा की कई घटनाएं सामने आई हैं। इस पर वैश्विक हिंदू संगठनों ने भी चिंता जताई है। अमेरिकी संसद की सुनवाई में भी बांग्लादेश में चुनाव से पहले अल्पसंख्यकों पर खतरा बढ़ने की आशंका जताई गई है।

चावल कारोबारी सुशेन की हत्या।

सर्वे में BNP-जमात में टक्कर

बांग्लादेश में 12 फरवरी यानी गुरुवार को आम चुनाव है। संसद की कुल 300 में से 299 सीटों पर वोट पड़ेंगे। साथ ही, मतदाता संवैधानिक सुधारों से जुड़े जुलाई चार्टर पर जनमत संग्रह में भी हिस्सा लेंगे। अपदस्थ पीएम शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग को चुनाव लड़ने की अनुमति नहीं है। अलग-अलग ओपिनियन पोल में बीएनपी-जमात के बीच कांटे की टक्कर है। बीएनपी की अगुआई तारिक रहमान कर रहे हैं, जो 17 वर्षों के निर्वासन के बाद बांग्लादेश लौटे हैं। वहीं जमात-ए-इस्लामी की अगुआई शफीकुर रहमान के हाथ है।

■ 17 साल बाद लौटे: तारिक रहमान मां खालिदा जिया की सहानुभूति और BNP के पुराने रसूख के दम पर सत्ता वापसी का सपना देख रहे हैं।

■ इसमें जमात को बढ़त: इंटरनैशनल इंस्टिट्यूट ऑफ लॉ ऐंड डिप्लोमेसी (IILD) के सर्वे में जमात गठबंधन को 105 सीटें, बीएनपी के नेतृत्व वाले ब्लॉक को 101 सीटें मिलने का दावा है।

■ दो पोल में BNP आगे: एमिनेंस असोसिएट्स फॉर सोशल डिवेलपमेंट के ओपिनियन पोल में बीएनपी की अगुआई वाला गठबंधन 208 सीटें जीत सकता है। जमात-ए-इस्लामी गठबंधन को 46 सीटें दी गई हैं। छात्रों के मंच नैशनलिस्ट रिसर्च सेल के सर्वे में BNP को 220 सीटों के साथ जीत मिलने का अनुमान है।

■ इस बार दो वोट पड़ेंगे: संवैधानिक सुधारों के लिए जुलाई के नैशनल चार्टर पर रेफरेंडम भी होगा। इस तरह से गुरुवार को मतदान के दौरान दो वोट डालेंगे।

■ बैलट से वोट और नतीजा: चुनाव क्षेत्रों में वोटर बैलट पेपर से वोट डालेंगे। 12 फरवरी को शाम 4 बजे शुरू होगी वोटों की गिनती, 13 फरवरी की सुबह तक अधिकारिक नतीजों की घोषणा होने की उम्मीद है।

चीन के साथ भी कारोबारी चिंताएं दूर करने पर चर्चा

■ पीटीआई, नई दिल्ली: भारत और चीन ने मंगलवार को कारोबार से जुड़ी चिंताओं को दूर करने के तरीकों पर चर्चा की। साथ ही इस बात पर जोर दिया कि सीमा पर शांति कायम रखना साझा रिश्तों की प्रगति के लिए जरूरी है। इस बैठक में विदेश सचिव विक्रम मिस्री और चीन के कार्यकारी उप विदेश मंत्री मा झाओशू शामिल हुए। बातचीत का मुख्य फोकस पूर्वी लद्दाख में चार साल से अधिक समय तक चले सैन्य गतिरोध के बाद दोनों देशों के रिश्तों को फिर से मजबूत बनाने के लिए उठाए गए कदमों पर रहा।

अब फोटो छपवाने का मौका भी

खबरों का ज्ञान

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1 बांग्लादेश पर अमेरिका ने टैरिफ घटाकर कितने % कर दिया है?
A. 18% B. 19% C. 20%

2 विपक्षी दलों ने स्पीकर ओम बिरला को हटाने का नोटिस इनमें से किसे सौंपा है?
A. राष्ट्रपति B. लोकसभा महासचिव C. प्रधानमंत्री

3 बांग्लादेश नैशनलिस्ट पार्टी यानी BNP के प्रमुख कौन हैं?
A. तारिक रहमान B. शफीकुर रहमान C. मोहम्मद यूनुस

4 मैक्रों अगले हफ्ते भारत दौरे पर हैं। वह फ्रांस में किस पद पर हैं?
A. प्रधानमंत्री B. चांसलर C. राष्ट्रपति

5 एंथ्रोपिक इनमें से किस सेक्टर की कंपनी है?
A. आर्टिफिशल इंटेलिजेंस B. रियल एस्टेट C. डिफेंस सेक्टर

कल के जवाब
A1 C. भारत A2 B. मॉन्स माउंटन A3 B. सिल्वर A4 A. तमिलनाडु A5 B. इलॉन मस्क

लकी विनर्स



1. आशिया वाजपेयी, नई दिल्ली
2. संदीप कुमार, लोनी, गाजियाबाद
3. कृष्ण कुमार गर्ग, फरीदाबाद

ऐसे भेजें अपने जवाब

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

भारत में करप्शन में सुधार: सर्वे

■ पीटीआई, नई दिल्ली: भ्रष्टाचार के मामले में भारत में स्थिति सुधरी है। ट्रांसपैरेंसी इंटरनैशनल के इंडेक्स में भारत ने 5 पायदान का सुधार किया है। अब यह 182 देशों में उछलकर 91वें स्थान पर है। इस निगरानी संस्था की रिपोर्ट में हालांकि भारत को उन देशों में शामिल किया गया है, जो भ्रष्टाचार पर रिपोर्ट करने वाले पत्रकारों के लिए खतरनाक है।

मैक्रों 17 फरवरी से भारत दौरे पर

■ पीटीआई, नई दिल्ली: फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों (Emmanuel Macron) 17 फरवरी से तीन दिन के भारत दौरे पर रहेंगे। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मैक्रों 'AI इंपैक्ट' समिट में हिस्सा लेंगे। यह समिट भारत मंडपम में 16-20 के बीच होनी है। प्रेजिडेंट मैक्रों की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बातचीत भी होगी।



QR CODE स्कैन करें या 1800 1205474 पर कॉल करें

नवभारत टाइम्स में पढ़ें प्रगति की कहानियाँ.
राघवेंद्र कुमार, इन्होंने 75000 हेल्मेट्स बाँटकर हज़ारों जानें बचाईं.

PRAGATI KA PARTNER

बैठे-बैठे भी आसान एक्सरसाइज से शरीर को रख सकते हैं फिट: रिसर्च

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

जो लोग चलने, दौड़ने या वजन उठाने वाली एक्सरसाइज नहीं कर पाते हैं। अब उनके लिए अच्छी खबर है। भारतीय डॉक्टरों की एक नई रिसर्च में सामने आया है कि बिना खड़े हुए यानी सिर्फ बैठे-बैठे की जाने वाली पैरों की आसान एक्सरसाइज भी मांसपेशियों की ताकत और ब्लड शुगर कंट्रोल करने में काफी असरदार हो सकती हैं। यह रिसर्च मेडिकल जर्नल डायबिटीज एंड मेटाबोलिक सिंड्रोम-क्लिनिकल रिसर्च एंड रिव्यूज में पब्लिश हुई है।

जानकारी के अनुसार, आज के समय में खराब लाइफस्टाइल की वजह से टाइप-2 डायबिटीज जैसी बीमारियां बढ़ रही हैं। ऐसे में एक्सरसाइज जरूरी हो गई है। जो सुरक्षित हो, आसान हो और हर कोई कर सके। लिहाजा डॉक्टरों ने पैरों से जुड़ी सरल रेजिस्टेंस एक्सरसाइज पर रिसर्च की। जिसमें पाया गया कि जब सामान्य एक्सरसाइज संभव न हो, तब भी ये हल्की एक्सरसाइज मांसपेशियों की ताकत बनाए रखने और मेटाबॉलिक सेहत सुधारने में मदद कर सकती हैं। रिसर्च टीम में शामिल डॉ. राजू वैश्य बताते हैं कि अक्सर बुजुर्ग, चोट से उबर रहे मरीज और लंबे समय से बीमारियों के साथ जी रहे लोग तेज या हैवी एक्सरसाइज नहीं कर पाते। ऐसे में रिसर्च में यह सामने आया है कि सरल और कम असर वाली पैरों की एक्सरसाइज, जैसे बैठे या आधे लेटी अवस्था में किए जाने वाले सोलियस पुश-अप्स, बिना किसी बड़े जोखिम और लगभग बिना किसी उपकरण के, मांसपेशियों को सक्रिय रखने और उनकी ताकत बनाए रखने में मदद कर सकते हैं। यह एक्सरसाइज कोई भी व्यक्ति ऑफिस, घर या कहीं बैठकर कर सकता है।

दिल्ली छावनी बोर्ड

सुषमा स्वराज मार्ग, दिल्ली कैंट.-110010

वॉक-इन-इंटरव्यू के लिए विज्ञापन

दिल्ली छावनी बोर्ड, रक्षा मंत्रालय के तत्वावधान में कार्यरत एक शहरी स्थानीय निकाय है, जो विशुद्ध रूप से संविदात्मक आधार पर निम्नलिखित पेशेवरों को नियुक्त करने का इरादा रखता है और नीचे दिए गए विवरण के अनुसार वॉक-इन-इंटरव्यू के लिए इच्छुक और योग्य उम्मीदवारों को आमंत्रित करता है:

क्रमांक	संविदात्मक पद का नाम	पदों की संख्या	शैक्षणिक योग्यता	अनुभव	प्रति माह समेकित पारिश्रमिक	साक्षात्कार की तिथि
1.	2.	3.	4.	5.	6.	7.
1.	इंजीनियर	06 (अधिकतम आयु सीमा - 45 वर्ष)	बी-टेक (सिविल)	10 वर्ष	65,000/- रुपये + 5,000/- रुपये (यात्रा भत्ता)	16.02.2026
			बी-टेक (सिविल)	10 से 15 वर्ष	75,000/- रुपये + 5,000/- रुपये (यात्रा भत्ता)	
			बी-टेक (सिविल)	15 वर्ष से ऊपर	85,000/- रुपये + 5,000/- रुपये (यात्रा भत्ता)	
2.	ऑटो कैड विशेषज्ञ	01	10+2, आईटीआई (ड्राफ्ट्समैन) या सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा या सीएडी में प्रमाणपत्र या डिप्लोमा (06 महीने से 01 वर्ष) व्यापक कार्यक्रम जिसमें 2डी, 3डी विशिष्ट उपकरण शामिल हो	03 वर्ष	40,000/- रुपये	18.02.2026
3.	सहायक बागवानी विशेषज्ञ	05	किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से बागवानी में 02 वर्षीय डिप्लोमा या बागवानी में बीएससी (ऑनर्स) या कृषि में बीएससी (बागवानी विशिष्टताओं के साथ)।	02 वर्ष	40,000/- रुपये	20.02.2026

सेवानिवृत्त सरकारी अधिकारियों को ओएम एफ. संख्या 3-25/2020-ई.III.ए दिनांक 09.12.2020 के अनुसार पारिश्रमिक का भुगतान किया जाएगा और उपरोक्त कॉलम 3 में निर्धारित ऊपरी आयु सीमा लागू नहीं होगी।

इच्छुक पात्र उम्मीदवार उपर्युक्त निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों / मार्कशीट के साथ प्रत्येक की एक सत्यापित फोटोकॉपी और एक हालिया पासपोर्ट आकार के फोटो के साथ अद्यतन बायोडाटा के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। साक्षात्कार में भाग लेने के लिए कोई टीए/डीए प्रदान नहीं किया जाएगा। पात्रता मानदंड पूरा न करने वाले उम्मीदवारों को चयन प्रक्रिया के लिए नहीं माना जाएगा। प्रारंभिक जुड़ाव एक वर्ष की अवधि के लिए होगा, जिसे संतोषजनक प्रदर्शन के अधीन एक वर्ष की अतिरिक्त अवधि के लिए बढ़ाया जा सकता है।

टेलीफोन नंबर 011-25695450

पत्रांक: DCB/8/C-1/TN/2025-26/11

छावनी बोर्ड का कार्यालय

वेबसाइट: www.cbdelhi.in

हस्ताक्षरित/-

मुख्य अधिशासी अधिकारी

दिल्ली छावनी बोर्ड

स्टडी | एम्स की रिसर्च में डायबिटीज के लिए केवल HbA1c टेस्ट पर उठे सवाल

डायबिटीज़ जांच के लिए सिर्फ HbA1c टेस्ट पर न करें भरोसा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

ग्लाइकेटेड हीमोग्लोबिन यानी HbA1c टेस्ट का इस्तेमाल आमतौर पर टाइप-2 डायबिटीज की पहचान और इलाज की निगरानी के लिए किया जाता है। लेकिन HbA1c टेस्ट भारत में हर मरीज के लिए भरोसेमंद नहीं है। यह जानकारी एम्स दिल्ली की एक रिसर्च में सामने आई है।

विशेषज्ञों का कहना है कि देश में खून की कमी, हीमोग्लोबिन से जुड़ी बीमारियां और G6PD एंजाइम की कमी बड़ी आबादी में पाई जाती है, जिससे HbA1c की रिपोर्ट असल ब्लड शुगर से अलग आ सकती है। यह रिसर्च मेडिकल जर्नल द लैंसेट में प्रकाशित हुई है।

रिसर्च टीम में शामिल एम्स के डिपार्टमेंट ऑफ मेडिसिन के डॉ. नवल विक्रम बताते हैं कि HbA1c टेस्ट पिछले दो से तीन महीने की औसत ब्लड शुगर बताता है और इसमें फास्टिंग की जरूरत नहीं होती। यही वजह है कि डॉक्टर इसे ज्यादा लिखते हैं।



एक्सपर्ट्स ने चेताया

- भारत जैसे देशों में जहां एनीमिया और खून से जुड़ी बीमारियां आम हैं, वहां HbA1c पर पूरी तरह भरोसा नहीं किया जा सकता है: रिपोर्ट
- मरीज फास्टिंग और नाश्ते के बाद की शुगर की जांच जरूर करें

क्या है सही तरीका

एक्सपर्ट का कहना है कि केवल HbA1c जांच से डायबिटीज की रिपोर्ट में फर्क आ जाता है और मरीज भ्रम में पड़ जाता है। ऐसे में मरीज फास्टिंग और नाश्ते के बाद की शुगर की जांच जरूर करें। इसके अलावा OGTT (ओरल ग्लूकोज टॉलरेंस टेस्ट) कराएं। साथ ही खून की कुछ सामान्य जांच करा सकते हैं।

रिसर्च में सामने आए अहम तथ्य

- **डॉ. नवल** बताते हैं कि रिसर्च में करीब 1120 मरीज शामिल किए गए। इसमें ओरल ग्लूकोज टॉलरेंस टेस्ट (OGTT) किया गया है, इसमें करीब 87 प्रतिशत मरीज प्री-डायबिटीज वाले पाए गए हैं, जबकि HbA1c से सिर्फ 45 प्रतिशत ऐसे लोगों की पहचान हो सकी। उन्होंने बताया कि एनीमिया वाले युवाओं में HbA1c कई बार शुगर ज्यादा दिखाता है। इसके अलावा G6PD की कमी वाले मरीजों में HbA1c कम आने से डायबिटीज की पहचान और निगरानी में देरी हो सकती है। सबसे खास बात यह है कि देर से बीमारी पकड़ने की वजह से आंख, हार्ट, किडनी और नसों से जुड़ी बीमारियों की समस्याएं बढ़ सकती हैं।
- रिपोर्ट के मुताबिक भारत में बड़ी आबादी ऐसी है, जहां खून की कमी (एनीमिया), हीमोग्लोबिन से जुड़ी बीमारियां और G6PD (जो रेड सेल्स को दर्शाता) एंजाइम की कमी आम है। इन स्थितियों में HbA1c का स्तर असल शुगर से ज्यादा आ सकता है।

महानगर में आज

जिक्र

इंडिया इंटरनैशनल सेंटर में आर्ट एग्जिबिशन 'जिक्र', आर्ट गैलरी, लोदी एस्टेट, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक। कलाकार शिखा शेरॉन की चारकोल-पेंसिल कला को फोकस करती यह एग्जिबिशन आज से कला प्रेमियों के बीच होगी।

लय की शाम

इंडिया इंटरनैशनल सेंटर में शास्त्रीय नृत्य की शाम 'IIC डबल बिल : डांस रिसाइटल्स', सी डी देशमुख ऑडिटोरियम, IIC मेन बिल्डिंग, शाम 6:30 बजे से। दिल्ली के कथक नृतक बादल बिरहा और बंगलुरु की कुचिपुड़ी नृत्यांगना राजश्री होला की खूबसूरत प्रस्तुतियां लय प्रेमियों के बीच होंगी।

आम में खास

आर्ट मैग्नम गैलरी में एग्जिबिशन 'द पोएटिक्स ऑफ द ऑर्डिनरी', इंडियन ऑयल कॉम्प्लेक्स, यूसुफ सराय, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक। शो की क्यूरेटर शुभ्रा मजूमदार और गायत्री माथुर हैं।

दिल्ली छावनी बोर्ड

सुषमा स्वराज मार्ग, दिल्ली छावनी-110010

रुचि की अभिव्यक्ति

बागवानी अपशिष्ट प्रबंधन के लिए

दिल्ली छावनी बोर्ड बागवानी अपशिष्ट प्रबंधन के लिए उपयुक्त एजेंसी के चयन हेतु रुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित करता है। इच्छुक पक्ष ई-बिडिंग प्रक्रिया के माध्यम से अपने प्रस्ताव प्रस्तुत कर सकते हैं। रुचि की अभिव्यक्ति के लिए विस्तृत नियम व शर्तें संभावित बोलीदाताओं के लिए नीचे दिए गए विवरण के अनुसार जारी की जाएंगी:-

ई-प्रोक्योरमेंट के माध्यम से आरएफपी जारी करने की तिथि	: 18.02.2026 को 1700 बजे
आरएफपी दस्तावेज डाउनलोड करने की अंतिम तिथि और समय	: 17.03.2026 को 1300 बजे तक
ई-बिड जमा करने की अंतिम तिथि और समय	: 17.03.2026 को 1300 बजे तक
ई-बिड खोलने की तिथि और समय	: 18.03.2026 को 1330 बजे

बोलीदाता "रुचि की अभिव्यक्ति" और अन्य लागू नियम व शर्तें, जिसमें विस्तृत एनआईटी, नियम व शर्तें, विशेष शर्तें, इंटीग्रिटी पैक्ट पर हस्ताक्षर, जीएफआर 2017 प्रावधानों का पालन, सार्वजनिक खरीद (मेक इन इंडिया को वरीयता) आदेश 2017 की प्रयोज्यता आदि शामिल हैं, जो आरएफपी में http://defproc.gov.in और www.delhi.cantt.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध हैं, डाउनलोड कर सकते हैं।

कृपया ध्यान दें कि निविदा दस्तावेजों में कोई भी संशोधन, स्पष्टीकरण, शुद्धिपत्र वेबसाइट http://defproc.gov.in और कैंट बोर्ड की वेबसाइट www.delhi.cantt.gov.in पर अपलोड किए जाएंगे। सभी इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी दरें उद्धृत करने से पहले संशोधनों, स्पष्टीकरणों, शुद्धिपत्रों आदि की जांच करने के लिए उपरोक्त वेबसाइटों पर जाने की आवश्यकता है और पंजीकरण न करने की विफलता के लिए बोलीदाताओं को कोई मुआवजा देय नहीं होगा।

टेलीफोन नं.25695450

नं. DCB/8/C-1/TN/2025-26/12

छावनी बोर्ड कार्यालय

वेबसाइट : www.delhi.cantt.gov.in

हस्ताक्षर/-

मुख्य कार्यकारी अधिकारी

दिल्ली छावनी

कम उम्र में कमर दर्द, गंभीर बीमारी का हो सकता है संकेत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

चिंताजनक

- युवाओं में हड्डी की समस्याओं, समय पर जांच और इलाज की जरूरत को लेकर किया जागरूक
- स्वामी दयानंद अस्पताल में हुए कार्यक्रम में डॉक्टरों ने चेताया

कम उम्र में होने वाला लगातार कमर दर्द भविष्य में गंभीर बीमारी का संकेत हो सकता है। इसको स्वामी दयानंद हॉस्पिटल ने खास इंडिया फाउंडेशन के साथ मिलकर एक कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें रूमेटोलॉजी और ऑर्थोपेडिक बीमारियों, खासकर युवाओं में बढ़ती हड्डी की समस्याओं पर चिंता जताई गई और समय पर जांच और इलाज की जरूरत पर जोर दिया गया। डॉक्टरों ने कहा कि अगर 25 की उम्र में कमर दर्द की शिकायत है तो इसे नजरअंदाज न करें।

स्वामी दयानंद हॉस्पिटल के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. ग्लोरिया दास ने कहा कि जागरूकता ही गंभीर बीमारियों को रोकने का सबसे बड़ा हथियार है। उन्होंने एक उदाहरण साझा करते हुए बताया कि एक महिला लंबे समय से सिरदर्द को मामूली समझ कर टाल रही थी। डॉक्टर की सलाह पर जब सीटी स्कैन कराया गया तो ब्रेन ट्यूमर का पता चला। समय पर पहचान होने से इलाज सफल रहा और मरीज पूरी तरह ठीक हो सकी। वहीं, हड्डी विभाग के डॉक्टर गौरव शर्मा ने बताया कि कई रूमेटोलॉजिक बीमारियां 20 से 30 साल की उम्र के बीच शुरू हो जाती हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर पीठ दर्द लंबे समय तक बना रहे, सुबह के समय ज्यादा अकड़न हो या आराम करने पर दर्द बढ़े, तो यह एंकिलोसिंग स्पॉन्डिलाइटिस (एएस) के शुरुआती लक्षण हो सकते हैं। खास इंडिया फाउंडेशन के प्रेसिडेंट अंकुर शुक्ला ने एंकिलोसिंग स्पॉन्डिलाइटिस (एएस) और इससे जुड़ी बीमारियों के बारे में लोगों में जागरूकता पर जोर दिया।

SPOTLIGHT

खेल व खिलाड़ियों को लगातार प्रोत्साहन दे रही दिल्ली सरकार

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली में खेलों का परिदृश्य बदल रहा है। बीते एक वर्ष में खिलाड़ियों को प्रोत्साहन, रिकॉर्ड पुरस्कार राशि, सरकारी नौकरियों के अवसर और आधुनिक खेल इंफ्रास्ट्रक्चर ने राजधानी को नई पहचान दी है। नई योजनाओं और बड़े आयोजनों के जरिए दिल्ली न केवल प्रतिभाओं को मंच दे रही है, बल्कि खेलों को सम्मानजनक करियर के रूप में स्थापित भी कर रही है।

स्पोर्ट्स कैपिटल बनने की ओर अग्रसर दिल्ली

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में पिछले एक साल में दिल्ली एक ऐसी स्पोर्ट्स कैपिटल के रूप में उभर रही है, जहां मेहनत करने वाले खिलाड़ियों को संसाधन, सम्मान और भविष्य तीनों की गारंटी मिल रही है। दिल्ली के युवा इस बदलाव को मैदानों में, ट्रैक्स पर, अभ्यास के उन घंटों में महसूस कर रहे हैं, जहां भविष्य गढ़ा जाता है।

बीते एक साल में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने खेल को शौक के दायरे से निकालकर करियर के अवसर में बदला है। उनकी सरकार ने खिलाड़ियों को वह भरोसा दिया है, जो अभ्यास के मैदान में सबसे ज्यादा व जरूरी होता है कि मेहनत का फल मिलेगा। खेल नीति, नौकरी की गारंटी और बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ दिल्ली में खेल अब अनिश्चित भविष्य नहीं, बल्कि सम्मानजनक रास्ता बन गया है। दिल्ली आज खिलाड़ियों को केवल मेडल जीतने का मंच नहीं, बल्कि जीवन जीतने का अवसर दे रही है।

मुख्यमंत्री खेल प्रोत्साहन योजना: मेहनत को सबसे बड़ा सम्मान

दिल्ली सरकार ने राजधानी के खेल ईकोसिस्टम को पूरी तरह बदलने के लिए ऐतिहासिक 'मुख्यमंत्री खेल प्रोत्साहन योजना' को मंजूरी दी है। यह योजना खिलाड़ियों को आर्थिक सहारा, समाज में सम्मान और सुरक्षा प्रदान करती है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का स्पष्ट विजन है कि दिल्ली का हर बच्चा आत्मनिर्भर, सशक्त और आत्मविश्वासी बने। इन लक्ष्यों को निर्धारित करते हुए दिल्ली सरकार निरंतर खेलों को प्रोत्साहन दे रही है।

अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय पदक विजेताओं के लिए नकद पुरस्कार भी अभूतपूर्व रूप से बढ़ाए गए हैं, जिससे दिल्ली अब भारत में ओलंपिक विजेताओं को सबसे अधिक इनामी राशि देने वाला राज्य बन गया है:

- **ओलंपिक/पैरालंपिक:** स्वर्ण ₹7 करोड़ | रजत ₹5 करोड़ | कांस्य ₹3 करोड़
- **एशियाई खेल:** स्वर्ण ₹3 करोड़ | रजत ₹2 करोड़ | कांस्य ₹1 करोड़
- **कॉमनवेल्थ गेम्स:** स्वर्ण ₹2 करोड़ | रजत ₹1.5 करोड़ | कांस्य ₹1 करोड़

मेहनत को मेडल और मेडल को नौकरी

मुख्यमंत्री ने एक क्रांतिकारी निर्णय लेते हुए खिलाड़ियों के लिए सरकारी नौकरियों के द्वार खोल दिए हैं। अब ओलंपिक और पैरा ओलंपिक पदक विजेताओं को ग्रेड A के सरकारी पदों पर सीधी नियुक्ति मिलेगी। इसी तरह, एशियाई और कॉमन वेल्थ पदक विजेताओं को उनकी उपलब्धि के आधार पर ग्रेड B की नौकरियों में स्थान दिया जाएगा। इससे दिल्ली की प्रतिभाओं का पलायन रुकेगा और उनका भविष्य भी सुरक्षित होगा।

13 फरवरी से दिल्ली खेल महाकुंभ: 20 हजार+ खिलाड़ी लेंगे हिस्सा



प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमों के लिए आकर्षक पुरस्कार राशि भी निर्धारित की गई है:

टीम इवेंट्स

स्वर्ण: ₹1,75,000

रजत: ₹1,51,000

कांस्य: ₹1,31,000

व्यक्तिगत स्पर्धाएं

स्वर्ण: ₹11,000

रजत: ₹9,000

कांस्य: ₹7,000

राजधानी में खेल संस्कृति को नई ऊर्जा देने के उद्देश्य से 13 फरवरी 2026 से 'दिल्ली खेल महाकुंभ' का भव्य आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता के नेतृत्व में राजधानी में पहली बार इतने व्यापक स्तर पर खेलों का यह मंच साकार हो रहा है। इस महाकुंभ का आयोजन 16 विभिन्न स्टेडियमों में किया जाएगा, जहां कबड्डी, फुटबॉल, एथलेटिक्स, कुश्ती, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल और स्क्वैश जैसे खेलों में 20,000 से अधिक खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

खिलाड़ियों को आर्थिक संबल

- **एलीट एथलीट्स:** ट्रेनिंग और डाइट के लिए ₹20 लाख तक की वार्षिक सहायता और ₹10 लाख का मेडिकल इंश्योरेंस।
- **स्कूली खिलाड़ी:** उभरती प्रतिभाओं को ₹5 लाख तक की सहायता और ₹ 5 लाख का मेडिकल इंश्योरेंस।
- **अंतरराष्ट्रीय यात्रा:** विदेशी टूर्नामेंटों के लिए यात्रा और भोजन हेतु ₹2 लाख तक की वित्तीय मदद।

खेल इंफ्रास्ट्रक्चर पर हो रहा है रिकॉर्ड निवेश

दिल्ली सरकार ने खेल इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में अब तक का रिकॉर्ड निवेश करते हुए राजधानी में आधुनिक खेल सुविधाओं के विस्तार को नई दिशा दी है। इसके तहत हिरण कुदना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स को लगभग ₹3.5 करोड़ की लागत से विकसित किया गया है, जहां 200 मीटर का सिंथेटिक ट्रैक, फील्ड इवेंट्स की आधुनिक सुविधाएं और एक मल्टी पर्पज ग्राउंड उपलब्ध कराया गया है। यह परिसर खिलाड़ियों को अभ्यास और प्रतियोगिता दोनों के लिए सशक्त मंच प्रदान करता है। ये केंद्र पे-एंड-प्ले मॉडल पर आम जनता के लिए खुले हैं, जिससे खेल अब केवल चुनिंदा इलाकों या वर्गों तक सीमित न रहकर, हर नागरिक की पहुंच में आ गए हैं। दिल्ली सरकार की खेल नीति का उद्देश्य हर खिलाड़ी को समान अवसर प्रदान करना है। इसी सोच के तहत दिव्यांगों के अनुकूल स्टेडियमों के विकास और मुंडका में अंतरराष्ट्रीय स्तर की दिल्ली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी के निर्माण से खेल शिक्षा और प्रशिक्षण को मजबूती दी जा रही है।

DIP/Shabdarth/Advertorial/0128/25-26

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 11-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAH03 User: cci Time: 02-10-2026 23:43 Color:

भारत सरकार
पशुधन विकास के कार्यों से मज़बूत होगी आजीविका, समृद्ध होंगे परिवार
अब बनेंगे पशु, मत्स्य और पोल्ट्री इंफ्रास्ट्रक्चर और सशक्त होगी ग्रामीण अर्थव्यवस्था
CBC 35101/13/0113/2526

Viksit Bharat - Guarantee for Rozgar and Ajeevika Mission (Gramin) : VB - G RAM G
(विकसित भारत - जी राम जी) Act, 2025
125 दिन की रोज़गार गारंटी

लापरवाही के गड्ढे ने ले ली एक और ज़िंदगी

रोहिणी में युवक खुले मैनहोल में गिरा, मौत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली


'खुली' मौत : इसी खुले पड़े मैनहोल में गिरकर युवक की जान गई

जनकपुरी इलाके में जल बोर्ड के खोदे गए गहरे गड्ढे में बाइक सहित गिरकर युवक की दर्दनाक मौत का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ था कि मंगलवार को एक और हादसा सामने आ गया। रोहिणी के थाना बेगमपुर एरिया में खुले पड़े सीवर के मैनहोल में गिरकर एक युवक की मौत हो गई। रोहिणी पुलिस घटना के पीछे संदिग्ध परिस्थितियों और लापरवाही को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

रोहिणी जिले के पुलिस अफसर के मुताबिक मंगलवार दोपहर 2:36 बजे बेगमपुर थाने को PCR कॉल मिली। कॉलर ने बताया कि एक आदमी लापता है। जिसके रोहिणी सेक्टर-32 में DDA की खाली जमीन पर बने सीवर में गिरने का शक है। पुलिस मौके पर पहुंची। जहां दरभंगा निवासी आमिर हुसैन मिले। उन्होंने बताया कि उनका दोस्त बिरजू कुमार राय जो कि बिहार के साठीपुर, बटनाहा, समस्तीपुर का है। दोनों मजदूर थे। उन्होंने सोमवार दोपहर से शराब पीना शुरू किया। रात तक शराब पी। शाम करीब 7:30 बजे बिरजू का कंट्रोल बिगड़ गया और वह मैनहोल में गिर गया। उस समय वे पास की अपनी झुग्गी में लौट रहे थे। पुलिस का कहना है कि भूषण दास उर्फ सूरज ने बताया कि उसने रात में किसी को नहीं बताया, क्योंकि वह नशे में था और दोपहर में होश में आते ही उसने आमिर हुसैन को बताया।

लोगों का आरोप, मैनहोल के पास कोई सुरक्षा घेरा नहीं है

पुलिस के तत्काल DDA फायर ब्रिगेड और दूसरी एजेंसियों को सूचना दी। पुलिस टीम ने रेस्क्यू शुरू किया। फायर ब्रिगेड की मदद से शव को मैनहोल से निकाला गया। आगे की लीगल कार्रवाई के लिए इसे हॉस्पिटल भेज दिया गया है। इन्वेस्टिगेशन चल रही है। पुलिस अफसर का कहना है कि दोनों सोमवार को नशे में धुत थे। रात को 9 बजे बिरजू गिरा है। मंगलवार दोपहर को उसके दोस्त ने अपने ठेकेदार को बताया था। बिरजू कुमार पिछले कुछ समय से दिल्ली में रहकर मजदूरी का काम कर रहे थे। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस सीवर में युवक गिरा, वह खुला हुआ था और उसके आसपास कोई सुरक्षा घेरा या चेतावनी वाले बोर्ड नहीं लगे थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार है। इसी से खुलासा हो जाएगा कि वह कितने नशे में था।

पुलिस पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का कर रही है इंतजार


कमल ध्यानी

जनकपुरी हादसे में जान गंवाने वाले कमल के पिता ने कहा...

'हादसे के दोषी को मिले सज़ा'

■ नवीन निश्चल, नई दिल्ली

मंगलवार को कानूनी कार्रवाइयों के बीच कमल की मां शांति ध्यानी ने कहा कि किस तरह वो कमल की मौत से बुरी तरह टूट चुकी हैं। उन्होंने बताया कि कमल हमारे घर में इकलौता कमाने वाला था। उसके पापा भी अक्सर बीमार रहते हैं, हमें न्याय चाहिए। प्रशासन की लापरवाही से यह हादसा हुआ है, मेरे बेटे की जान गई है। हमें कोर्ट से न्याय की उम्मीद है।

उधर, कमल के पिता नरेश ध्यानी ने एक बार फिर यही कहा कि जो भी इस हादसे के दोषी हैं, उनको जरूर सजा होनी चाहिए। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का जिक्र करते हुए बताया कि चोट और दम घुटने से उनके बेटे की मौत हुई है। उन्होंने कहा कि अभी तक मंत्री और नेता सब आकर मिले हैं, लेकिन किसी ने कुछ आश्वासन नहीं किया है। स्थानीय विधायक भी उनके घर पर आए थे, उन्होंने कहा था कि प्रयास करेंगे कि कुछ मदद मिल सके। अब उत्तराखंड-दिल्ली के संगठन भी आगे आ रहे हैं। उन्होंने भी न्याय की मांग के साथ-साथ इस मुद्दे को लेकर बुधवार के दिन एक बड़ा मार्च करने का ऐलान किया है। दिल्ली उत्तराखंड प्रवीन संगठन के मेंबर गोपाल सिंह ने कमल के घर पर बताया कि उन लोगों की सरकार से तीन प्रमुख मांगें हैं। पहला...मुख्य आरोपी को तुरंत गिरफ्तार किया जाना चाहिए। दूसरा...परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जानी चाहिए और तीसरा..परिवार को 5 करोड़ की मदद सरकार के द्वारा दी जानी चाहिए।

File Photo


सब ठेकेदार को कोर्ट में पेश कर तिहाड़ जेल भेजा गया

■ **NBT न्यूज, नई दिल्ली:** जनकपुरी में हुए हादसे में गिरफ्तार सब ठेकेदार राजेश कुमार प्रजापति को कोर्ट ने मंगलवार को पुलिस रिमांड के बाद न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल भेज दिया है। इसकी पुष्टि वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के एक पुलिस अधिकारी ने की। उन्होंने बताया कि सब ठेकेदार दो दिन से पुलिस रिमांड पर था। खुदाई में शामिल मजदूर योगेश को पुलिस फिरोजाबाद से गिरफ्तार कर तिहाड़ भेज चुकी है। इस मामले में दो मेन कॉन्ट्रैक्टर हिमांशु गुप्ता और कविश गुप्ता की तलाश जनकपुरी पुलिस कर रही है। डीसीपी शरद भास्कर ने बताया था कि उन दोनों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई में अब NBW (नॉन बेलेबल वॉरंट) जारी किया जा चुका है।

दो मुख्य कॉन्ट्रैक्टर की पुलिस टीम कर रही तलाश

हादसा हुआ तो अब अफसर होंगे ज़िम्मेदार

Sudama.Yadav@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** जनकपुरी हादसे के बाद पीडब्ल्यूडी ने कंस्ट्रक्शन साइटों के लिए नई गाइडलाइंस जारी की हैं। इसमें साफ किया गया है कि किसी भी साइट पर कोई हादसा होता है, तो उसके लिए पूरी तरह से प्रोजेक्ट से जुड़े एग्जीक्यूटिव इंजिनियर, असिस्टेंट इंजिनियर और जूनियर इंजिनियर जिम्मेदार होंगे। कॉन्ट्रैक्टर के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई होगी। कंस्ट्रक्शन साइट्स, रोड साइड ड्रेन, फ्लाईओवर और ब्रिज और जेहड़ों के आसपास क्या इंतजाम करने होंगे।

पीडब्ल्यूडी गाइडलाइंस के अनुसार पीडब्ल्यूडी के जहां भी काम चल रहे हैं, उन सभी साइटों पर ठीक से बैरिकेडिंग की जानी चाहिए। कंस्ट्रक्शन साइटों के आसपास रिफ्लेक्टिव साइनेज, वॉर्निंग बोर्ड, ब्लिंकर्स और चेतावनी साइन बोर्ड भी लगाना अनिवार्य है। किसी भी कंस्ट्रक्शन साइट पर ट्रेंच (लंबे आकार का गड्ढा), पिट या खोदा हुआ हिस्सा बिना कवर किए छोड़ने पर संबंधित वर्क साइट के इंजीनियरों के खिलाफ एक्शन लिया जा सकता है। पीडब्ल्यूडी फील्ड इंजीनियरों को आदेश दिया गया है कि उनके कार्य क्षेत्र में आने वाली सड़कों के किनारे बने ड्रेन का रोजाना इंस्पेक्शन करें। अगर ड्रेन से स्लैब हटा हुआ है या टूटा हुआ है या फिर गायब है, उसे तुरंत रिप्लेस किया जाए। अगर किसी जगह स्थायी रिप्लेसमेंट संभव नहीं है, तो ड्रेन के उस हिस्से को कवर करने के लिए फील्ड इंजीनियर अस्थायी इंतजाम कर सकते हैं।

PWD ने कंस्ट्रक्शन साइटों के लिए बनाई नई गाइडलाइंस

स्ट्रीट लाइट्स का हो इंस्पेक्शन

पीडब्ल्यूडी इलेक्ट्रिक विभाग के इंजिनियरों को आदेश दिया गया है कि फील्ड इंजिनियर रोजाना नाइट इंस्पेक्शन करेंगे। अगर कोई स्ट्रीट लाइट नहीं जल रही है, तो अगले दिन रिप्लेस करना होगा। स्ट्रीट लाइट्स के अलावा फील्ड इंजीनियरों को रोड पर शार्प कर्व, जंक्शन, मेडियन और पेडेस्ट्रियन क्रॉसिंग का भी इंस्पेक्शन करना होगा। अगर किसी जगह शार्प कर्व है और उससे खतरा है, तो रोड इंजीनियरिंग के माध्यम से उसे ठीक करने को कहा गया है। इसी तरह से जिस जंक्शन पर अगर जाम की समस्या है, वहां ट्रैफिक ड्यूटी करने का आदेश अफसरों ने दिया है। रोड साइड में बने बस स्टॉप, फ्लाईओवर और अंडरपास का इंस्पेक्शन करने को कहा गया है। इनमें से कोई भी लोकेशन दुर्घटना संभावित है, तो वहां दुर्घटना संभावित क्षेत्र का साइन बोर्ड लगाने के लिए कहा गया है।

'हमारे काम के बीच एंट्री कर रहा था, इसलिए इसको इसकी ज़िंदगी से एग्ज़िट कर दिया'

लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने सोशल मीडिया पोस्ट कर ली कारोबारी वैभव गांधी मर्डर की जिम्मेदारी

■ NBT रिपोर्ट, बवाना

AI Image


बवाना इंडस्ट्रियल एरिया में सोमवार दोपहर कारोबारी वैभव गांधी की हत्या से इलाके के कारोबारी दहशत में हैं। कारोबारियों ने इलाके की सुरक्षा बढ़ाने और पुलिस गश्त तेज करने की मांग की है। मंगलवार को हत्या के इस केस में सोशल मीडिया पर वायरल एक पोस्ट से नया मोड़ आ गया। हिंदी और अंग्रेजी के इस कथित पोस्ट में वैभव गांधी की हत्या और उसकी जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली है। यह पोस्ट लॉरेंस बिश्नोई ग्रुप के नाम से रणदीप मलिक, अनिल पंडित से जारी हुई है।

पोस्ट में लिखा है कि "वैभव गांधी की हत्या मैंने रणदीप मलिक और अनिल पंडित ने पूरहए ने करवाई है। पोस्ट में लिखा कि जहां हमने कॉल की थी, वह वहां बीच में एंट्री कर रहा था। इसलिए हमने इसको इसकी जिंदगी से एग्जिट कर दिया। पोस्ट में यह भी लिखा कि सभी कान खोलकर सुन लो, अगर किसी ने हमारे काम के बीच में आने की कोशिश की, तो उसे बिना कॉल किए मरवा देंगे। इस पोस्ट की पुलिस जांच कर रही है।

सूत्रों के मुताबिक शुरुआती जांच में रंगदारी या आपराधिक रंजिश की आशंका से इनकार नहीं किया जा रहा है। बवाना इंडस्ट्रियल एरिया में प्लास्टिक और मैन्युफैक्चरिंग से जुड़े कई कारोबारियों से पहले भी रंगदारी मांगे जाने की शिकायतें सामने आती रही हैं। ऐसे में यह हत्या अंडरवर्ल्ड नेटवर्क से जुड़ी हो सकती है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि क्या वैभव गांधी को पहले कोई धमकी मिली थी? क्या हाल के दिनों में उनसे किसी तरह की फिरौती मांगी गई थी? क्या गैंग के किसी सदस्य से उनका सीधा या अप्रत्यक्ष टकराव हुआ था? इस घटना में सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि हत्या की जिम्मेदारी सोशल मीडिया के जरिए ली गई।

सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और क्राइम ब्रांच ने इस केस की जांच तेज कर दी है। इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। सोशल मीडिया अकाउंट और पोस्ट की डिजिटल फॉरेंसिक जांच हो रही है। गैंग से जुड़े संदिग्धों की लोकेशन ट्रैक की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर ली जाएगी और गिरफ्तारी की कार्रवाई तेज की गई है। सूत्रों ने बताया कि स्पेशल सेल और क्राइम ब्रांच की टीमें हरियाणा पुलिस के साथ कॉर्डिनेट करके हमलावरों का सुराग लगा रही हैं।

फ्रॉड केस में तीन आरोपी गिरफ्तार

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** क्राइम ब्रांच की साइबर सेल यूनिट ने इन्वेस्टमेंट फ्रॉड केस में तीन आरोपियों को पकड़ा है। आरोपियों की पहचान सर्वजीत, पवन और पुनीत के तौर पर हुई है। तीनों सहारनपुर के रहने वाले हैं। क्राइम ब्रांच डीसीपी आदित्य गौतम के मुताबिक, साइबर सेल ने यूपी के सहारनपुर में किए गए एक कोऑर्डिनेटेड ऑपरेशन में इन्वेस्टमेंट फ्रॉड रैकेट में शामिल तीन आरोपियों को पकड़ा है। एक मल्टीनेशनल कंपनी में काम करने वाले विक्टिम से IPO में इन्वेस्ट करने के बहाने इन्होंने 31,00,000 की ठगी की थी। सर्वजीत LLB है। जिसने म्यूल अकाउंट को पवन और पुनीत को दे दिया था। पवन साइबर क्रिमिनल्स को म्यूल बैंक अकाउंट अरैंज करके और सप्लाई करके फ्रॉड में मदद करता था। पुनीत ग्रेजुएट है। इसने अकाउंट किट लेकर साइबर फ्रॉड सिंडिकेट को सप्लाई किया था।

AI Image

जंगपुरा के पंतनगर में हुआ हादसा

मां को दिखा रहा था कट्टा, गोली चली...मां की मौत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

जंगपुरा के पंतनगर स्थित वाल्मीकि मंदिर जेजे कॉलोनी में सोमवार रात मां को कट्टा दिखाने के दौरान युवक से गोली चल गई। जिससे उसकी मां की मौके पर ही मौत हो गई। हजरत निजामुद्दीन थाना पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। जिसकी पहचान तरुण (18) के रूप में हुई है।

सुमति (फाइल)

डीसीपी डॉ. हेमंत तिवारी ने बताया कि सोमवार रात 10:39 बजे लाजपत नगर थाने में पीसीआर कॉल मिली कि मूलचंद अस्पताल में एक महिला को गोली लगने के बाद मृत अवस्था में लाया गया है। पुलिस टीम अस्पताल पहुंची। मृतका की पहचान सुमति (37) के रूप में हुई है। जो कि परिवार के साथ पंत नगर, जंगपुरा में रहती थी। पति छोटू दिहाड़ी पर माली का काम करते हैं और तीन बच्चे हैं। सुमति आसपास के घरों में घरेलू सहायिका का काम करती थी। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

इसके बाद पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी को दबोचा और उसकी निशानदेही पर कट्टा बरामद कर लिया। पूछताछ में तरुण ने बताया कि उसने आश्रम इलाके के एक व्यक्ति से कट्टा खरीदा था। वह घर पर मां को कट्टा दिखा रहा था, तभी अचानक ट्रिगर दब गया और गोली मां के चेहरे जा लगी। घटना के बाद वह घबरा गया और कट्टा नाले में फेंककर फरार हो गया।

दिल्ली की खबरों के लिए टेलिग्राम पर फॉलो करें
t.me/nbtdilli

गोगी गैंग का करीबी खतरनाक गैंगस्टर हुआ गिरफ्तार

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** आउटर नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट पुलिस ने ऑर्गनाइज्ड क्राइम सिंडिकेट से जुड़े कुख्यात सरगना मुकेश उर्फ पुनीत को मकोका एक्ट के तहत गिरफ्तार किया। यह गोगी गैंग का करीबी है। डीसीपी हरेश्वर वी स्वामी के मुताबिक मुकेश एक खतरनाक गैंगस्टर है। यह गिरफ्तारी नरेला इलाके में पब्लिक ऑर्डर को बहाल करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। दरअसल एक बड़े इंटेलिजेंस ऑपरेशन के बाद मुकेश उर्फ पुनीत को एसीपी राकेश कुमार की टीम ने पकड़ा है।

आरोपी मुकेश कंडेरा बस्ती, गांव बांकनेर, नरेला का रहने वाला है। बताया जाता है कि इसने 2012 में क्राइम की दुनिया में कदम रखा था। इसके लगभग 30 क्रिमिनल रिकॉर्ड हैं।

मुकेश उर्फ पुनीत को पुलिस ने मकोका के तहत दबोचा

10वीं के स्टूडेंट के मर्डर केस में 6 नाबालिग पकड़े

■ **NBT न्यूज, मंगोलपुरी :** मंगोलपुरी में सोमवार को 10वीं क्लास के स्टूडेंट सुधांशु की चाकू मारकर हत्या के मामले में पुलिस ने 6 नाबालिगों को पकड़ा है। सुधांशु पड़ोस की ही एक कॉलोनी में परिवार के साथ रहते थे। डीसीपी आउटर सचिन शर्मा ने बताया कि एक महीना पहले किसी बात को लेकर सुधांशु और आरोपियों के बीच में झगड़ा हुआ था। जिस कारण सुधांशु (16) पर सोमवार को चाकू से हमला किया गया। उन्हें मंगोलपुरी के संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल ले जाया गया था, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिवार वालों के हवाले कर दिया गया है। पकड़े गए सभी आरोपी आसपास के ही रहने वाले हैं।

AI Image

पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिवार वालों को सौंपा गया

दिल्ली-मेरठ हाइवे पर हादसों में दो की मौत

■ NBT रिपोर्ट, नोएडा

नोएडा सेक्टर-62 के पास दिल्ली-मेरठ हाइवे पर सोमवार देर रात एक के बाद एक हुए सड़क हादसों ने दो लोगों की जान ले ली, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन लोगों की मौत हुई, वे खुद किसी की जान बचाने के लिए रुके थे। हादसे के बाद हाइवे पर अफरातफरी मच गई और काफी देर ट्रैफिक जाम लगा रहा। पहले एक पिकअप गाड़ी और ट्रक में टक्कर हुई थी। पिकअप ड्राइवर गाड़ी में फंस गया, उसे निकालने के लिए तीन ट्रक ड्राइवर सामने आए। तभी एक तेज रफ्तार में ट्रक आई और पांच से छह लोगों को रौंद दिया। दो ड्राइवरों की मौत हो गई। सेक्टर 58 थाने की पुलिस ने आरोपी चालक को हिरासत में लिया है।

एडीसीपी मनीषा सिंह ने बताया कि सेक्टर-62 के पास दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर मेरठ से दिल्ली की ओर आने वाली बीच की लेन में एक सड़क दुर्घटना हुई थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने देखा कि एक पिकअप वाहन पीछे से एक ट्रक से टकरा गया था। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप का ड्राइवर अमित वाहन के अंदर बुरी तरह फंस गया था और बाहर निकलने निकल नहीं पा रहा था। हादसे के बाद दिल्ली-मेरठ हाइवे पर लंबा जाम लग गया। कई किलोमीटर तक गाड़ियों की कतारें लग गई।

हादसे के बाद दिल्ली-मेरठ हाइवे पर जाम लग गया

पत्नी के दोस्त की हत्या के आरोप में बलिया से आरोपी शख्स गिरफ्तार

गोकुलपुरी इलाके में रविवार सुबह वारदात को दिया था अंजाम

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

गोकुलपुरी में पत्नी के दोस्त की हत्या कर फरार आरोपी को सोमवार शाम पुलिस ने बलिया से गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान गौरीशंकर यादव (42) के तौर पर हुई है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

सीनियर पुलिस अधिकारी ने बताया कि रविवार सुबह गोकुलपुरी पुलिस को सूचना मिली थी कि डी ब्लॉक में एक युवक खून से लथपथ पड़ा है। पुलिस युवक को जीटीबी अस्पताल लेकर पहुंची, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान रवि (28) के तौर पर हुई। घटनास्थल पर 32 वर्षीय महिला मिली। उनसे पूछताछ में पता चला कि वह अपने पति गौरीशंकर और दो बच्चों के साथ रहती है। उनका पति बेरोजगार है। वह गुजरात काम के लिए गया था। शुक्रवार को लौटा तो उसे पता चला कि रवि उनके साथ है। इस बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया।

AI Image

महिला के अनुसार, शनिवार रात उन्होंने रवि और पति को खाना दिया, लेकिन गौरीशंकर ने खाना नहीं खाया। रवि छत पर सोने चला गया। बाद में गौरीशंकर भी छत पर चला गया। वह बच्चों के साथ नीचे कमरे में सो गई। रविवार सुबह करीब 5 बजे वह सोकर उठीं तो देखा कि रवि खून से लथपथ छत पर पड़ा है और पति फरार था। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। हत्या का मामला दर्ज कर अडिशनल डीसीपी-2 के देखरेख में एसएचओ उमेद सिंह के नेतृत्व में बनी टीम ने आरोपी को बलिया (यूपी) से गिरफ्तार कर लिया गया।

ख्याला पार्क मर्डर में 2 नाबालिग पकड़े

ख्याला में सोमवार रात सी-ब्लॉक कम्युनिटी सेंटर के पास पार्क में 16 साल के सोहेल की चाकू मारकर हत्या के मामले का पुलिस ने 2 नाबालिग को हिरासत में लिया है। दोनों वेस्ट दिल्ली इलाके के रहने वाले हैं। डीसीपी शरद भास्कर ने बताया कि इस मामले में सोमवार रात में 8:45 बजे पुलिस को वारदात की सूचना मिली थी। मौके पर पुलिस, क्राइम और ऑपरेशन सेल की टीमें पहुंची थी। सोहेल को गुरु गोबिंद सिंह अस्पताल ले जाया गया था, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। SHO विनोद कुमार की टीम ने लोकल इंटेलिजेंस की मदद से दो नाबालिगों को पकड़ा।

तीन बहनों के सामूहिक स्यूसाइड का मामला

अब तक की जांच में पुलिस को नहीं मिला कोई क्लू

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद

तीन बहनों के सामूहिक स्यूसाइड केस में पुलिस लगातार परिवार, रिश्तेदार और पड़ोसियों से पूछताछ कर रही है, लेकिन अब तक किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है। पूछताछ में ऐसा लग रहा कि पिता भोग विलास से भरा जीवन जी रहा था, जबकि पत्नियां कम पढ़ी लिखी हैं और उन्हें भूलने की बीमारी भी है। ध्यान न देने की वजह से तीनों बहनें मोबाइल की एडिक्ट हो गईं। जब पानी सिर से ऊपर चला गया, तो पिता ने गेम छुड़वाने के लिए दोनों मोबाइल बेच दिए, जो वह बर्दाश्त नहीं कर पाईं और आत्महत्या कर ली।

बच्चियों के नाना और मौसी-मौसा से करीब तीन घंटे पूछताछ हुई। इसमें पता चला कि बच्चियों के पिता ने जिन दो बहनों से शादी की, वह पांचवीं पास हैं और उन्हें भूलने की बीमारी है। बच्चियों का ध्यान रखने के लिए उसने मुस्लिम युवती से तीसरी शादी की। पिता की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी, जिसकी वजह से वह ऑफिस वाले फ्लैट का किराया छह माह से नहीं दे पाया। जहां रहता है उसका भी रेंट तीन माह से नहीं दिया है। जबकि पिता ने मीडिया को बताया था कि उसकी आर्थिक स्थिति ठीक है।

2019 में कोविड के दौरान पिता ने तीनों बच्चियों को पढ़ने के लिए मोबाइल दिलाया था। तीनों पत्नियों पर बच्चियों की देखभाल की जिम्मेदारी सौंप दी। मगर दो पत्नियों के अनपढ़ और भूलने की आदत के चलते वह उनका ध्यान नहीं रख पाईं। ऐसे में मोबाइल मिलने के बाद तीनों बेटी रील की दुनिया में चली गईं। वह घंटों मोबाइल देखतीं और कमरे से बाहर ही नहीं निकलती थीं। यह बात पिता के लिए बेचैनी बन रही थी। ऐसे में उसने मोबाइल की लत छुड़ाने के लिए छह माह पहले एक मोबाइल छीनकर बेच दिया, जबकि दूसरा मोबाइल घटना से 15 दिन पहले ही बेचा था।

परिवार, रिश्तेदार और पड़ोसियों से पूछताछ कर रही है पुलिस

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 11-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH04 User: cci Time: 02-10-2026 23:07 Color:

छेड़छाड़ से रोका तो ड्राइवर की ली जान

फरीदाबाद में वारदात, चार से पांच बताई हमलावरों की संख्या

■ NBT रिपोर्ट, फरीदाबाद

पल्ला थानाक्षेत्र के गिरदावर कॉलोनी में रहने वाले ड्राइवर जय सिंह (32) को लड़की से छेड़छाड़ का विरोध करना जान पर ही भारी पड़ गया। बदमाशों ने उन पर चाकुओं से ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दी। हमलावरों की संख्या चार से पांच बताई जा रही है। हत्यारोपी उसी कॉलोनी के रहने वाले बताए जा रहे हैं। पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर हत्या का केस दर्ज कर लिया है। पुलिस दो आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर हत्या का केस दर्ज किया

पल्ला थानाक्षेत्र के गिरदावरी एन्क्लेव की गली नंबर 9 निवासी जय सिंह ड्राइवर थे। वह अपने परिवार के साथ यहां रहते थे। सोमवार दोपहर वह अपने घर के पास ही पार्क में दोस्त सौरभ के साथ बैठे हुए थे। साथ में कॉलोनी के कुछ और युवक भी वहां मौजूद थे। इसी दौरान एक लड़का अपनी बहन के साथ कॉलोनी की ओर जा रहा था। पार्क में मौजूद कुछ युवक उसकी बहन के साथ छेड़छाड़ करने लगे। लड़का जय सिंह के पास आकर बोला कि ये लोग उसकी बहन के साथ छेड़छाड़ कर रहे हैं। इस पर जय सिंह ने छेड़छाड़ करने वाले युवकों को धमकाया और वहां से भगा दिया।

परिजनों ने बताया, जयसिंह लहूलुहान हालत में पड़े मिले

पार्क में आकर मारे चाकू

मृतक के चाचा राम प्रकाश आर्य ने बताया कि शाम करीब 8 बजे जय सिंह पार्क में ही बैठे थे, तभी चार पांच लोग वहां आए और चाकुओं से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। उस वक्त मृतक का दोस्त सौरभ भी मौजूद था। चीख पुकार सुन मृतक की पत्नी आरती मौके पर पहुंची तो देखा कि जय सिंह लहूलुहान हालत में जमीन पर पड़े हैं। चीख पुकार सुनकर मौके पर मौजूद मृतक का दोस्त सौरभ उन्हें गाड़ी से लेकर बीके अस्पताल पहुंचा और छोड़कर फरार हो गया।

कई जगह किए वार

पल्ला थाना प्रभारी सत्य प्रकाश ने बताया कि मृतक के भाई जगत सिंह की शिकायत पर दो नामजद समेत अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। प्रारंभिक जांच में मृतक के शरीर पर सात से आठ घाव लगे हैं। परिजनों के मुताबिक मृतक तीन भाइयों में वे तीसरे नंबर के थे। इनकी दो बेटियां भी हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि सोनू, तुषार नामक युवकों पर शक जाहिर किया है।

कैग के पूर्व अफसर को डिजिटल अरेस्ट कर ₹2 करोड़ ठगे

■ NBT रिपोर्ट, फरीदाबाद : सेक्टर-64 सी में रहने वाले एक रिटायर्ड कैग अधिकारी को साइबर ठगों ने करीब 6 घंटे तक 'डिजिटल अरेस्ट' में रख उनके खातों से 2 करोड़ 16 लाख रुपये ट्रांसफर करवा लिए। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने पुलिस को शिकायत दी।

सेक्टर-64 सी निवासी सीनियर सिटीजन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 13 जनवरी को उनकी पत्नी के मोबाइल पर कॉल आया। उसने खुद को टेलिकॉम विभाग का अधिकारी बताते हुए कहा कि उनके आधार कार्ड से जुड़े एक बैंक खाते में नरेश गोयल नामक व्यक्ति से 20 लाख रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग की रकम आई है। ठगों ने सबूत होने का दावा किया और कहा कि गलत तरीके से कमाई गई रकम उनके खाते में मंगवाई गई है। डर के कारण पत्नी ने फोन पति को दे दिया। इसके बाद ठगों ने खुद को मुंबई क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताते हुए वीडियो वॉट्सऐप कॉल शुरू की। फर्जी एफआईआर की कॉपी भी भेजी गई। 14 जनवरी को ठगों ने एक नए वॉट्सऐप नंबर से संपर्क कर इमरजेंसी पोर्टल नंबर बदलने की बात कही। 15 को ईडी के नाम से Freezing Funds Control Order और Arrest Order भेजे गए। 16 को सुप्रीम कोर्ट के नाम से एक पत्र भेजा गया। डर के कारण पीड़ित ने 16 जनवरी को दस बैंक खाते से 1 करोड़ 62 लाख 74 हजार रुपये आरटीजीएस के जरिए ट्रांसफर कर दिए। ठगी का अहसास होने पर पुलिस कंप्लेंट दर्ज कराई।

ठगों ने करीब 6 घंटे तक 'डिजिटल अरेस्ट' करके रखा

NBT ने देखा कराला रोड का हाल, खुला नाला है खतरनाक

कई साल से यही हैं हालात, नहीं सुनी जा रही बात

■ NBT रिपोर्ट, कराला

NBT रीडर डॉ. चंद्रमणि मनिका ने कराला रोड पर खुले नाले और जर्जर सड़क की तस्वीरें भेजकर इलाके की बदहाल स्थिति की ओर ध्यान दिलाया है। उनका कहना है कि बेगमपुर को जोड़ने वाली यह सड़क पिछले कई साल से बदहाल है। सड़क पर हर समय पानी भरा रहता है, जिससे आवाजाही मुश्किल हो गई है। कराला रोड के किनारे बना नाला पूरी तरह खुला है और उस पर स्लैब तक नहीं लगाए गए हैं।

शिकायत मिलने के बाद एनबीटी की टीम ने मौके का मुआयना किया। जांच के दौरान पाया गया कि सड़क पर जल बोर्ड की पाइपलाइन से लगातार पानी का लीक हो रहा है। इसके अलावा पास में बना नाला भी खुला हुआ है। सड़क के पास ही एक प्राइवेट स्कूल है। ऐसे में बच्चों के साथ-साथ पैदल आने-जाने वाले लोगों के लिए यह खुला नाला बेहद खतरनाक साबित हो सकता है। लोगों का कहना है कि बारिश के दिनों में नाले और सड़क के बीच फर्क करना मुश्किल हो जाता है। डॉ. रामचंद्र डबास ने बताया कि कराला रोड पर एसडीपीएल ऑफिस के सामने से गुजर रही जल बोर्ड की पाइपलाइन डैमेज है, जिसके कारण पीने का पानी लगातार बर्बाद हो रहा है। कई बार शिकायत के बाद जल बोर्ड ने सड़क खोदकर मरम्मत तो की, लेकिन खुदाई के बाद मिट्टी को वैसे ही छोड़ दिया गया। इससे सड़क पर गड्ढा बन गया है, जिससे दिक्कत हो रही है। डॉ. चंद्रमणि मनिका ने बताया कि इस संबंध में पीडब्ल्यूडी और एमसीडी को पिछले कई साल से शिकायतें भेजी जा रही हैं, लेकिन अब तक कराला रोड पर बने इस खुले नाले को कवर नहीं किया गया है।

NBT ऑन स्पॉट

जगह-जगह भरा पानी लोगों की बढ़ाता है मुश्किल, बच्चे-बुजुर्ग होते हैं परेशान

बंगाली कॉलोनी और दशरथपुरी की समस्या पर मिले जवाब



पब्लिक का सवाल

यह तस्वीर महावीर एनक्लेव बंगाली कॉलोनी नाले की है। यह खुला नाला है। आसपास में बच्चे खेलते हैं और अक्सर नाले में गिरने की आशंका बनी रहती है। - एनबीटी रीडर

अफसर का जवाब

सिंचाई और बाढ़ विभाग के इंजिनियर नरेंद्र के अनुसार यह नाला कुछ जगहों पर कवर्ड है, लेकिन कुछ जगहों पर खुला है। नेचुरल ड्रेन को कवर करने पर एनजीटी ने रोक लगाई है।



पब्लिक का सवाल

यह तस्वीर दशरथपुरी मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-3 के साथ लगते एमसीडी स्कूल के पास बने गंदे नाले के ऊपर की टाइल्स की है। कभी भी कोई भी दुर्घटना हो सकती है। इस समस्या का समाधान कब तक होगा? - एनबीटी रीडर

अफसर का जवाब

पीडब्ल्यूडी के इंजिनियर मुनीम का कहना है कि इस रोड पर कई जगहों पर स्टॉर्म वॉटर ड्रेन पर स्लैब टूट गए हैं। टूटे हुए स्लैब को कुछ दिनों में रिप्लेस किया जाएगा।

पब्लिक की आवाज NBT करेगा बुलंद

नालों-गड्ढों में गिरना हमारी नियति नहीं है

ऐसी कई घटनाएं सामने आई हैं, जहां लोग खुले नालों में गिर गए, बाइक सवार गड्ढों में फिसल गए। युवराज की तरह कुछ मामलों में जान चली गई, कभी लोग बाल बाल बचे। हर बार कुछ दिनों की खबरें बनती हैं, जांच के आदेश होते हैं और फिर सब कुछ वैसा ही रह जाता है।

NBT जवाब हम लेंगे

अब नवभारत टाइम्स पूछेगा

सीधे जिम्मेदार अफसरों से कि कब तक वे इन गड्ढों और नालों को भरेंगे। या यहां पर्याप्त सुरक्षा के इंतजाम करेंगे। नवभारत टाइम्स शुरू कर रहा है एक अभियान, ताकि इन खामोश जानलेवा जगहों पर रोशनी डाली जा सके।

ऐसे भेजें...

हमें ईमेल कर सकते हैं
nbtreader@timesofindia.com

वट्सऐप कर सकते हैं
9220747220

सब्जेक्ट में लिखें GADDHA

हम क्या करेंगे?

- आपकी भेजी तस्वीरें हम अखबार और डिजिटल प्लैटफॉर्म पर प्रकाशित करेंगे
- संबंधित विभाग और जिम्मेदार अधिकारियों से सीधा सवाल पूछेंगे।
- उनसे पूछेंगे: यह कब ठीक होगा?
- उनके नाम के साथ जवाब प्रकाशित करेंगे

IT पार्क की 9वीं मंज़िल से गिरकर मैनेजर की मौत

■ NBT रिपोर्ट, गुड़गांव

आईटी स्पेस पार्क में मंगलवार तड़के नौवीं मंजिल से गिरकर एक मैनेजर की मौत हो गई। मैनेजर जिस फ्लोर से गिरे, उसी पर संचालित कंपनी के ऑफिस में काम करते थे। घटना के वक्त वह नाइट शिफ्ट की ड्यूटी पर थे। घटना सुबह करीब 4:30 बजे की बताई जा रही है। सिक्युरिटी गार्ड ने मैनेजर का शव परिसर में देख पुलिस को सूचना दी। सेक्टर-50 पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के अनुसार, झारखंड में रहने वाले 34 साल के वरुण शंकर इसी टावर की नौवीं मंजिल पर स्थित एक कंपनी में काम करते थे। मंगलवार सुबह अचानक जोरदार आवाज सुनाई दी। सिक्युरिटी गार्ड ने युवक को जमीन पर देखा। पुलिस कंट्रोल रूम को सूचित किया गया, जिसके बाद वरुण को पास के अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी।

सेक्टर-49 में हुआ हादसा, हो रही जांच

बैंक नोट पेपर मिल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
(एसपीएमसीआईएल - भारत सरकार के पूर्ण स्वामित्वाधीन कंपनी और बीआरबीएनएमपीएल - भारतीय रिज़र्व बैंक के संपूर्ण स्वामित्वाधीन सहायक कंपनी का संयुक्त उद्यम)

निविदा सूचना 11.02.2026

बैंक नोट पेपर मिल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, मैसूरु के लिए निम्नलिखित सेवाओं/वस्तुओं हेतु पात्र फर्मों से अभिरुचि की अभिव्यक्ति/ बोलियां आमंत्रित की जाती हैं:

क्र. सं.	ईओआय/ निविदा संख्या	संक्षिप्त विवरण	मात्रा
1.	बीएनपीएम/ ईओआय/पीएमसी/ 497/2025-26	मैसूरु स्थित बीएनपीएम में 12,000 टीपीए की कुल क्षमता वाली दो अतिरिक्त बैंकनोट पेपर उत्पादन लाइनों की स्थापना के लिए प्रोजेक्ट मैनेजमेंट और कंसल्टेंसी सेवाएं प्रदान करने हेतु एक सलाहकार की नियुक्ति।	अभिरुचि की अभिव्यक्ति के अनुसार
2.	बीएनपीएम/ जीटीई/498/ 2025-26	मैसूरु, कर्नाटक, भारत में बैंकनोट पेपर उत्पादन के लिए प्रत्येक 6000 टीपीए क्षमता वाली दो लाइनों के डिज़ाइन, निर्माण, आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग का कार्य।	निविदा के अनुसार

निविदा तथा उससे सम्बन्धित अन्य विवरण, हमारी वेबसाइट www.bnpmindia.com से प्राप्त किया जा सकता है। अनुपूरक/शुद्धिपत्र/स्पष्टीकरण, यदि कोई हो, तो वह केवल हमारी वेबसाइट पर ही प्रदर्शित किया जायेगा।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 11-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH05 User: cci Time: 02-10-2026 23:01 Color:

शहबाद दौलतपुर। रमेश नगर। लक्ष्मी नगर। लाजवंती गार्डन। जहांगीरपुरी। वसंत कुंज। वजीराबाद। पश्चिम विहार। कीर्ति नगर। सफदरजंग एनक्लेव। महरौली। मायापुरी। शक्ति नगर। राजेंद्र नगर। पहाड़गंज। नारायणा। मौजपुर। मियांवली। कालकाजी। नांगल राया। सरिता विहार। प्रीत विहार। वसंत विहार।

सरकार लाई दिल्ली लखपति बिटिया योजना

कैबिनेट बैठक में CM ने दी मंजूरी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को 'दिल्ली लखपति बिटिया योजना' की घोषणा की है। कैबिनेट बैठक में चर्चा के बाद शाम सहमति के बाद सीएम ने इसकी घोषणा की है। सूत्रों की मानें तो 19 फरवरी को अधिकारिक तौर पर इसे लॉन्च किया जाएगा। यह योजना 2008 में तत्कालीन सरकार की ओर से शुरू की गई लाडली योजना का अपग्रेड रूप है, जिसे डेढ़ दशक बाद ज्यादा से ज्यादा लड़कियों को शामिल करने के मकसद से लागू किया गया है। परिवार में अधिकतम दो लड़कियों को इसका फायदा मिलेगा।

सीएम बोलीं, लाडली योजना का अपग्रेड है लखपति बिटिया योजना

दिल्ली सचिवालय में योजना की घोषणा करते हुए सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि दिल्ली की कोई भी बेटी केवल पैसों की कमी के कारण अपनी पढ़ाई बीच में न छोड़े। उन्होंने कहा कि कुल 56 हजार की सहायता राशि अंश में भुगतान मिलकर कुल एक लाख रुपये के रूप में मिलेगी। यह पैसा आधार लिंक खाते में सीधे ट्रांसफर किया जाएगा। यानि अलग-अलग फेज में सरकार की ओर से जन्म कराए गए रुपये ग्रेजुएशन करने या उम्र 21 साल होने पर कुल 1 लाख रुपये लड़की को मिलेंगे।

लाड़ली योजना के 190 करोड़ अटके पैसे जारी होंगे: सीएम ने बताया कि लाडली योजना में बीते साल में 1.56 लाख से अधिक ऐसे खाते हैं जो कि समय के साथ अपनी परिपक्वता पूरी कर चुके हैं लेकिन किसी की ओर से दावा नहीं करने के कारण रुपये खाते में पड़े हैं। हमारी सरकार ने अभियान चलाकर अब तक 30 हजार से अधिक लाभार्थियों को चिह्नित करके खाते में पड़े उनके 90 करोड़ रुपये जारी कर दिए गए हैं। अब 41 हजार लोगों को और चिह्नित कर लिया गया है जल्द ही 100 करोड़ रुपये और जारी कर दिए जाएंगे।

लखपति बिटिया का इन्हें मिलेगा फायदा

- बच्चियों का दिल्ली में पैदा लेना अनिवार्य।
- वह परिवार तीन साल से दिल्ली का निवासी हो।
- परिवार की आमदनी सालाना 1 लाख रुपये से अधिक न हो।
- एक परिवार में अधिकतम दो बच्चियों को इसका फायदा मिलेगा।
- दिल्ली से बाहर भी कोई डिप्लोमा या स्नातक कर रही है तब भी पैसा मिलेगा।

'दिल्ली लखपति बिटिया योजना' शुरू होने पर वित्तीय खर्च

100 करोड़ रुपये लाडली स्कीम में खर्च होते थे

160 करोड़ रुपये लखपति बिटिया योजना में खर्च होंगे।

ऐसे फेज़ वाइज़ मिलेगा पैसा

11,000 रुपये लड़की पैदा होने पर।	5,000 रुपये कक्षा वन में दाखिले पर।	5-5 हजार रुपये 6, 9, 10वीं और 12वीं क्लास में दाखिले पर।	20,000 रुपये ग्रैजुएशन या डिप्लोमा पूरा करने पर।	1 लाख रुपये टोटल (ब्याज समेत) मिलेंगे

लाभार्थियों का दायरा बढ़ेगा

केंद्र सरकार की लखपति बिटिया योजना से प्रभावित है यह स्कीम। दिल्ली में लाडली स्कीम को अपग्रेड करके इसे लागू किया है। इसके निगमों में थोड़े बदलाव किए है जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग इसका फायदा उठा सके। जैसे लाडली स्कीम में सरकार की ओर से अधिकतम 36 हजार रुपये की आर्थिक सहायता मिलती थी, लेकिन लखपति बिटिया में कुल 56 हजार रुपये मिलेंगे। 12वीं के बाद सरकार सिर्फ दिल्ली में पढ़ाई करने वालों को पैसा देती थी लेकिन इसमें अगर दिल्ली के बाहर या किसी सरकार द्वारा संचालित हॉस्टल या स्कूल में पढ़ाई कर रही है तो भी उसे आर्थिक सहायता मिलेगी। डिप्लोमा योजना में इसका प्रावधान नहीं था। लाडली योजना में यह 18 साल की उम्र पूरी करते ही पैसा निकाल सकते थे लेकिन नई योजना में 21 साल की उम्र या स्नातक की पढ़ाई करने पर ही पैसा मिलेगा।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

AI समिट: 100 टॉयलेट और 400+ इलेक्ट्रिक बॉक्सों पर की ब्रैंडिंग

NDMC एरिया में भी हो रही तैयारियां

प्रमुख हिस्सों के ब्यूटीफिकेशन और ऐतिहासिक इमारतों पर लाइटिंग पर जोर

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) ने 16 फरवरी से 20 फरवरी तक दिल्ली में होने वाली एआई इम्पैक्ट समिट को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। लुटियंस दिल्ली के प्रमुख हिस्सों में बड़े पैमाने पर ब्यूटीफिकेशन के अलावा ऐतिहासिक महत्व वाली इमारतों पर आकर्षक लाइटिंग आदि का काम शुरू कर दिया है। इतना ही नहीं एनडीएमसी के तहत आने वाले लगभग 100 पब्लिक टॉयलेट्स और 400 से अधिक इलेक्ट्रिक बॉक्सों पर भी ब्रैंडिंग की गई है।

एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने बताया कि समिट से जुड़े ज्यादातर कार्यक्रम भारत मंडपम में होंगे। एआई समिट के दौरान 500 सेशन के अलावा लगभग इतने ही एआई स्टार्टअप की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। बावजूद इसके समिट में शामिल होने वाले प्रतिनिधियों का एनडीएमसी एरिया में भी आवागमन रहेगा। इसलिए एनडीएमसी ने पहले से अपनी तैयारियां शुरू की हुई हैं। उन्होंने बताया कि कनॉट प्लेस के अलावा संसद मार्ग और मुख्य सड़कों के सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

सड़कों पर रंग बिरंगे फूलों के पौधे लगाने का काम चल रहा है। चहल ने बताया कि इसके साथ साथ पूरे एरिया में साफ सफाई के अलावा सड़कों और फुटपाथ आदि को भी अपग्रेड किया जा रहा है। जहां कहीं पर सड़कों से जुड़ी दिक्कतें है उन्हें भी ठीक किया जा रहा है।

DU: सीएम संग स्टूडेंट्स ने की 'भजन क्लबिंग'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने 'भजन क्लबिंग' पहल की शुरुआत कर दी है। युवाओं को आध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने के मकसद से दिल्ली सरकार के कला, संस्कृति, भाषा और पर्यटन विभाग ने मंगलवार को दिल्ली यूनिवर्सिटी में 'भजन क्लबिंग' कार्यक्रम रखा, जिसमें मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी पहुंचीं। सीएम ने कहा कि 'भजन क्लबिंग' एक शानदार पहल है, जो भक्ति, संस्कृति और युवा ऊर्जा को एक मंच पर लाकर नई सांस्कृतिक चेतना ला रही है। डीयू के रामजस कॉलेज में 'भजन क्लबिंग' के 10 दिन के 'वसंतोत्सव 2026' का आगाज रामजस कॉलेज से हुआ। स्टूडेंट्स के बीच 'लीला' बैंड ने प्रस्तुति दी और माहौल भक्तिमय बना दिया।

दिल्ली सरकार की पहल की शुरुआत

सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' के माध्यम से युवाओं को संस्कृति और भक्ति से जोड़ने की जरूरत पर बल दिया है, उन्होंने 'भजन क्लबिंग' जैसे सुंदर प्रयोगों की सराहना की है। दिल्ली सरकार का यह प्रयास 'वसंतोत्सव 2026' उसी दिशा में है। इस मौके पर कला-संस्कृति मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि 'भजन क्लबिंग' आज देश के युवाओं के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रही है और यह भारतीय संस्कृति की आत्मा को आधुनिक अभिव्यक्ति देती है। 'वसंतोत्सव 2026' के तहत 11 फरवरी को दीन दयाल उपाध्याय कॉलेज में 'राघव राजा', 12 फरवरी को एआरएसडी कॉलेज में 'इंडिया म्यूजिक कलेक्टिव' और शहीद सुखदेव कॉलेज में 'साधो बैंड' प्रस्तुति देंगे।

13 फरवरी को श्यामलाल कॉलेज में 'रहस्य' बैंड और पीजीडीएवी कॉलेज में 'केशवम' के भजन होंगे। 16 फरवरी को यूनिवर्सिटी स्टेडियम में 'केशवम' की भव्य प्रस्तुति होगी, जबकि 19 फरवरी को मिरांडा कॉलेज में 'SAM' बैंड के साथ डीयू में 'भजन क्लबिंग' यात्रा का समापन होगा।

मिला नया DIET, 101 स्कूलों में ICT लैब्स

CM ने की शुरुआत, कहा- सरकार ने शिक्षा व्यवस्था को दी नई दिशा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली के 101 सरकारी स्कूलों को ICT लैब्स और नया डिस्ट्रिक्ट इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशन एंड ट्रेनिंग (DIET) मिला है। मंगलवार को दिलशाद गार्डन में इस इंस्टिट्यूट के साथ-साथ मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सरकारी स्कूलों में डिजिटल लर्निंग को बढ़ावा देने के लिए 101 मॉडर्न आईटीटी लैब्स की शुरुआत की। साथ ही, मानसरोवर गार्डन में सर्वोदय विद्यालय में नए अकादमिक ब्लॉकों का उद्घाटन किया। सीएम ने कहा कि एक वर्ष में सरकार ने शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा दी है।

सीएम रेखा गुप्ता ने ICT लैब्स के लिए लाडली फाउंडेशन और अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन के सहयोग पर कहा कि सरकार और समाज की साझेदारी से ही बड़े बदलाव संभव होते हैं। सीएसआर के माध्यम से 101 कंप्यूटर लैब्स, 2 हजार से अधिक कंप्यूटर और डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर ने दिल्ली के सरकारी स्कूलों को नई दिशा दी है। शिक्षा विभाग 75 सीएम श्री स्कूलों का उद्घाटन भी करने वाला है।

दिलशाद गार्डन में डिस्ट्रिक्ट इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशन एंड ट्रेनिंग हुआ शुरू

शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि दिल्ली में 7 हजार से अधिक नए कंप्यूटर एक वर्ष में भी कम समय में सरकारी स्कूलों को दिए जा चुके हैं। 175 ICT लैब्स में 7 हजार कंप्यूटरों का टेंडर किया जा चुका है, जो 31 मार्च से पहले आ जाएंगे। क्लास 9वीं से 12वीं तक के 21 हजार क्लासरूम में अगले 4 वर्षों में स्मार्ट बोर्ड लगाए जाएंगे, जिनकी 5 वर्षों की मेंटेनेंस गारंटी होगी। उन्होंने बताया कि सरकारी स्कूलों में इस वर्ष 100 से अधिक डिजिटल लाइब्रेरी भी बनाई जा रही हैं। शिक्षा मंत्री ने 'Give Back' अभियान की शुरुआत की घोषणा करते हुए दिल्ली के अभिभावकों, नागरिकों और सरकारी स्कूलों के पूर्व छात्रों से अपील की कि वे शिक्षा के क्षेत्र में योगदान दें।

101 कंप्यूटर लैब्स : सीएम ने 101 सरकारी स्कूलों में मॉडर्न कंप्यूटर लैब्स का वर्चुअल तौर पर उद्घाटन किया। अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन (AIF) के सीएसआर सहयोग से लाडली फाउंडेशन के साथ मिलकर ये लैब्स बनाई गई हैं। हर लैब में 20 कंप्यूटर और इंटरएक्टिव फ्लैट पैनल डिस्प्ले हैं और टीचर्स-स्टूडेंट्स के लिए ट्रेनिंग, वर्कशॉप्स भी रखी जा रही हैं।

DIET : दिल्ली में अब तक 9 DIET हैं। टीचर्स ट्रेनिंग के लिए अब दिलशाद गार्डन में चार मंजिला इमारत नया DIET तैयार है। सीएम ने DIET की नई चार मंजिला इमारत का भी उद्घाटन हुआ। क्षेत्रीय विधायक संजय गोयल ने बताया कि नए डाइट भवन में 31 कमरे तैयार किए गए हैं, जिसकी लागत 5 करोड़ रुपये से अधिक है।

नई स्कूल बिल्डिंग : मानसरोवर गार्डन स्थित सर्वोदय विद्यालय में नया चार मंजिला (ग्राउंड+तीन मंजिला) भवन का उद्घाटन किया। कुल 29 क्लासरूम समेत सभी सुविधाएं हैं।

शिखर धवन बने 'दिल्ली खेल महाकुंभ' के ब्रैंड एम्बेसडर

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

'दिल्ली खेल महाकुंभ' के ब्रैंड एम्बेसडर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी शिखर धवन होंगे। मंगलवार को दिल्ली के शिक्षा और खेल मंत्री आशीष सूद ने बताया कि शिखर धवन ने दिल्ली सरकार की खेलों के प्रति प्रतिबद्धता को देखकर, दिल्ली के खेलों के ब्रैंड एम्बेसडर बनने का निर्णय लिया है। 13 फरवरी से 'दिल्ली खेल महाकुंभ' शुरू होगा, जो एक महीने तक चलेगा। दिल्ली खेल महाकुंभ के उद्घाटन समारोह से लेकर पूरे आयोजन के दौरान खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए शिखर धवन की उपस्थिति रहेगी। शिखर धवन ने कहा की मुझे बड़ी खुशी है कि दिल्ली ने मुझे बहुत कुछ दिया है। इस मिट्टी की सेवा करने के लिए मैं हमेशा हाजिर हूँ। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सचिवालय में धवन का आभार व्यक्त किया और दिल्ली के खिलाड़ियों के प्रति उनके इस योगदान की सराहना की।

'बच्चे को मां के टच की ज़रूरत' बेटी की बीमारी के आधार पर दी ज़मानत

धोखाधड़ी में आरोपी को HC ने अंतरिम जमानत दी

Prachi.Yadav@timesofindia.com

■ **बीमार मासूम** के लिए उसकी मां के स्पर्श की अहमियत का जिक्र करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने धोखाधड़ी और जालसाजी से जुड़े मामले में आरोपी एक महिला को 90 दिनों की अंतरिम जमानत दी। जस्टिस गिरीश कठपालिया ने संघ्या की अर्जी मंजूर करते हुए शर्त रखी कि वह 10 हजार रुपये का पर्सनल बॉन्ड और इतनी ही रकम की एक जमानती संबंधित अदालत के सामने पेश करे। 9 फरवरी को पारित आदेश में कोर्ट ने कहा कि आवेदक के खिलाफ सीमित आरोपों को ध्यान में रखते हुए, इस बात को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि उस उम्र के बच्चे को ठीक होने के लिए मां के शारीरिक स्पर्श और आराम की जरूरत होती है। यह उस बच्चे की सेहत का अधिकार भी है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने कहा कि इतनी कम उम्र के बच्चे को न सिर्फ मेडिकल केयर, बल्कि सुकून देने वाले मां के टच की भी जरूरत होगी। जस्टिस कठपालिया ने आगे कहा कि आरोपी/आवेदक के खिलाफ इतने सीमित आरोपों को देखते हुए, मैं बच्चे को कम से कम उसकी बीमारी के समय मां के शारीरिक साथ से मना नहीं कर सकता।

कोर्ट ने कहा, इतनी कम उम्र के बच्चे को न सिर्फ मेडिकल केयर, बल्कि सुकून देने वाले मां के टच की भी जरूरत होगी

यह महिला राजौरी गार्डन पुलिस स्टेशन में बीएनएस की धारा 318(4)/336(3)/340(2)/338/61(2)/3(5) के तहत दर्ज धोखाधड़ी और जालसाजी के मामले में आरोपी है। उसने अपनी दो साल की बेटी के बीमार होने के आधार पर अदालत से अंतरिम जमानत मांगी थी। कोर्ट ने गौर किया कि महिला पर एकमात्र आरोप यह है कि वरुण अरोड़ा की पत्नी संध्या और पिता, कृष्ण गोपाल अरोड़ा इस धोखाधड़ी में सानिशकर्ता हैं।

अभियोजन ने अंतरिम जमानत का इस आधार पर विरोध किया कि सेशंस कोर्ट में फाइल की गई रिपोर्ट के अनुसार, उसके दूसरे रिश्तेदार भी हैं, जो बच्चे की देखभाल कर सकते हैं।

91 MCD टीचर्स को मिला सम्मान

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: MCD स्कूलों में पढ़ाने वाले 91 टीचर्स को वर्ष 2025 के लिए निगम शिक्षक सम्मान दिया गया। 22 पूर्व छात्रों को सम्मानित भी किया गया। उन्नयन पत्रिका का विमोचन भी किया गया। इस दौरान मेयर राजा इकबाल सिंह ने कहा कि शिक्षक हम सब के जीवन को दिशा देने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। डिप्टी मेयर जय भगवान यादव ने कहा कि शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र दिए जा रहे हैं, इन्हें सम्मान राशि भी जल्द ही मिलेगी। नेता सदन प्रवेश वाही ने कहा कि हमें निगम विद्यालयों को और अधिक सशक्त बनाना है और छात्रों का जीवन संवारना है। एजुकेशन कमिटी के अध्यक्ष योगेश वर्मा ने कहा कि शिक्षकों पर देश का भविष्य टिका है। समिति के उपाध्यक्ष अमित खुराना ने कहा कि निगम का प्रत्येक शिक्षक सम्मान के पात्र है। इ निगम की महिला एवं बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष रेखा रानी, अतिरिक्त कमिश्नर एंजल भाटी और एजुकेशन डायरेक्टर निखिल तिवारी मौजूद रहे।

12वीं की आंसरशीट्स की डिजिटल चेकिंग

CBSE शुरू करेगा ऑन-स्क्रीन मार्किंग सिस्टम

Katyayani.Upreti
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकंडरी एजुकेशन (CBSE) के क्लास 12 की आंसरशीट्स 2026 से ऑन-स्क्रीन मार्किंग सिस्टम (OSM) से चेक की जाएंगी। हालांकि, क्लास 10 की कॉपियां पहले की तरह फिजिकल मोड पर ही चेक होंगी।

बोर्ड के अनुसार, ऑन-स्क्रीन मार्किंग से आंसरशीट्स की जांच में होने वाली जोड़ने की गलतियां खत्म होंगी और जांच की प्रक्रिया तेज और पारदर्शी बनेगी। इससे टीचर्स को आंसरकॉपी जांचने के लिए दूर-दराज के सेंटर्स पर नहीं जाना पड़ेगा। वे अपने ही स्कूल में रहकर यह काम कर सकेंगे। सीबीएसई का कहना है कि इस नई व्यवस्था से आंसरशीट्स को ट्रांसपोर्ट करने में लगने वाला समय और खर्च भी बचेगा। साथ ही, रिजल्ट आने के बाद अंकों के वेरिफिकेशन की जरूरत भी कम हो जाएगी। यह व्यवस्था पर्यावरण के लिहाज से भी बेहतर मानी जा रही है। क्योंकि इसमें कागज का कम इस्तेमाल होगा।

AI Image

हालांकि, क्लास 10 की कॉपियां पहले की तरह फिजिकल मोड पर ही चेक होंगी

इसके लिए एजेंसी हायर की जाएगी या एग्जाम शुरू होने के लगभग 10 दिन बाद नहीं, इस सवाल पर बोर्ड ने कमेंट नहीं किया है। सीबीएसई के एग्जामिनेशन कंट्रोलर संयम भारद्वाज का कहना है कि ऑफ-स्क्रीन मार्किंग के लिए हमें पहले की तरह ही सेंटर्स बनाने होंगे, जहां कंप्यूटर्स, इंटरनेट से जुड़ी हर व्यवस्था हो। इक्वैल्युएशन से पहले टीचर्स को ट्रेनिंग दी जाएगी। कॉपी चेक करने की प्रक्रिया एग्जाम शुरू होने के लगभग 10 दिन बाद होगी। क्या इस कदम के बाद रिजल्ट जल्द आएगा, इसके जवाब में उन्होंने कहा कि यह अभी नहीं कहा जा सकता।

17 फरवरी 2026 से दोनों क्लास के एग्जाम शुरू होंगे। 10वीं के एग्जाम 10 मार्च तक और 12वीं के 9 अप्रैल तक चलेंगे। बोर्ड ने अपने सभी स्कूलों से कहा है कि वे ऑन-स्क्रीन मार्किंग के लिए जरूरी तकनीकी तैयारी करें। स्कूलों में कंप्यूटर, इंटरनेट कनेक्शन और बिजली की तय व्यवस्था करने को कहा है। टीचर्स को नए सिस्टम से परिचित कराने के लिए ट्रेनिंग, प्रैक्टिस सेशन और वीडियो भी जारी किए जाएंगे।

बोर्ड ने कहा है कि क्लास 11 और 12 के टीचर्स को ऑन-स्क्रीन मार्किंग के लिए तैनात किया जाएगा। इसके लिए स्कूलों को इन टीचर्स का ओरौरा ऑनलाइन (OASIS पोर्टल) पर 13 फरवरी तक अपडेट करने को कहा गया है। स्कूलों को चेतावनी भी दी है कि अगर बोर्ड के निर्देशों का पालन नहीं किया गया तो इसे मूल्यांकन प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास माना जाएगा और ऐसे मामलों में संबंधित स्कूलों का परिणाम घोषित नहीं किया जाएगा। एग्जामिनेशन/एफिलिएशन बाइलॉज के तहत कार्रवाई भी की जा सकती है।

1 करोड़+ आंसरकॉपी कैसे स्कैन होंगी?

सीबीएसई एग्जाम में इस साल 45 लाख स्टूडेंट्स शामिल होंगे। ऑन-स्क्रीन मार्किंग सिस्टम की ओर कदम, सीबीएसई के लिए बड़ा टास्क होगा। क्योंकि क्लास 12 के देश-विदेश में 17 लाख से ज्यादा स्टूडेंट्स है। इनकी आंसरशीट्स 1 करोड़ से ऊपर होंगी। इन कॉपियों को पहले स्कैन किया जाएगा, जो बड़ा काम है। इसके बाद इन्हें ऑन-स्क्रीन मार्किंग के लिए अपलोड किया जाएगा। बोर्ड को टीचर्स की ट्रेनिंग भी करानी होगी। इन्फ्रास्ट्रक्चर की भी व्यवस्था करनी होगी। बोर्ड की परीक्षाओं में होने वाला सर्व इससे कम नहीं होने वाला है, बड़ा जरूर सकता है।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात



सीकेवाईसी आईडी: केवाईसी संबंधी आपकी सभी ज़रूरतों को पूरा करने वाली एकमात्र चाबी

सीकेवाईसी रिकॉर्ड रजिस्ट्री द्वारा जारी की जाने वाली 14-डिजिट की विशिष्ट सीकेवाईसी आईडी

यह कैसे काम करता है?

- केवाईसी जानकारी अपने बैंक में जमा करें।
- बैंक केवाईसी जानकारी केंद्रीय केवाईसी रिकॉर्ड रजिस्ट्री पर अपलोड करता है।
- इसे सभी बैंकों और वित्तीय संस्थाओं द्वारा इस्तेमाल किया जा सकता है।

अपनी सीकेवाईसी आईडी को जानें।
मिस्ड कॉल: 7799022129 या
ऑनलाइन: www.ckycindia.in

प्रमुख फायदे
विभिन्न बैंकों/ वित्तीय संस्थाओं में आसानी से खाता खोलें।
केवाईसी अपडेट करना हुआ आसान: एक बैंक में अपडेट की गई केवाईसी आपके अन्य सभी बैंकों/ वित्तीय संस्थाओं में अपडेट हो जाती है सीकेवाईसी के ज़रिए।

आसान। सुरक्षित। मानकीकृत।

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 11-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH06 User: cci Time: 02-10-2026 22:46 Color:

ई-बसों से बढ़ी DTC की कमाई

हर महीने की औसतन कमाई 68 करोड़ से बढ़कर 91 करोड़ से अधिक हुई

Brijesh.Singh@timesofindia.com



■ नई दिल्ली : सालों से घाटे में चल रही डीटीसी धीरे-धीरे मुनाफे की राह पर निकल पड़ी है। बीते एक साल में डीटीसी की मासिक आय में करीब 34 फीसदी का इजाफा हुआ है। वर्ष 2024 में जहां डीटीसी की इनकम प्रतिमाह 68.5 करोड़ रुपये थी, वह 2025 में बढ़कर 91.11 करोड़ रुपये तक पहुंच गई। डीटीसी ने यह कमाल डीएमआरसी की तर्ज पर अपनी प्राइम संपत्तियों के (एसेट्स मैनेजमेंट) सही इस्तेमाल से बढ़ाया है।

DMRC की तर्ज पर एसेट्स मैनेजमेंट कर बढ़ाई इनकम

दिल्ली परिवहन निगम की 2024-25 में जहां बस परिचालन से 326.8 करोड़ की इनकम हुई थी, वहीं 2025-26 नवंबर तक यह आंकड़ा 240 करोड़ को पार कर गया है। उम्मीद की जा रही है कि 31 मार्च 2026 तक यह आंकड़ा 350 करोड़ को पार कर जाएगा। अधिकारी इसके पीछे का एक बड़ा कारण डीटीसी के बेड़े में बढ़ती इलेक्ट्रिक बसों को मानते हैं। डीटीसी में ई-बसों की संख्या बढ़ने से उनके परिचालन लागत में असर पड़ा है। नई बसें होने के कारण उनका रखरखाव का खर्च भी कम हुआ है। बसों की संख्या 4200 से ऊपर पहुंच गई तो कमाई में और इजाफा होगा।

दोबारा शुरू की स्पेशल हायर सेवाएं : डीटीसी ने इसके अलावा अपनी कमाई को बढ़ाने के लिए मई 2025 में स्पेशल हायर सेवाएं दोबारा शुरू की हैं। पिछली सरकार ने वर्ष 2024 में बसों की संख्या कम होने के कारण स्पेशल हायर सेवाएं बंद कर दी थीं। अब दोबारा शुरू होने से सरकार को इस साल नवंबर तक स्पेशल हायर से ही 62 करोड़ रुपये की इनकम हुई है। जबकि उससे पहले 2024-25 में 82 करोड़ था। दोबारा शुरू होने के बाद 6 महीने में ही 62 करोड़ की कमाई करके डीटीसी का राजस्व बढ़ाया है।

डीटीसी ने अपनी संपत्ति का कमर्शल इस्तेमाल किया : मेट्रो के तर्ज पर डीटीसी ने संपत्तियों के किराए, विज्ञापन से भी कमाई बढ़ाई है। दिल्ली मेट्रो अपनी कमाई बढ़ाने के लिए अपनी संपत्तियों का कमर्शियल इस्तेमाल करती है। अब डीटीसी भी उसी तर्ज पर अपनी संपत्तियों को कामर्शल एक्टिविटी के लिए उपलब्ध करा रही है। उसी के चलते रेंट, संपत्ति, विज्ञापन से नवंबर 2025 तक ही 144 करोड़ रुपये की कमाई हुई है, जो कि 2024-25 में 98 करोड़ रुपये थी।

भविष्य में डीटीसी अपने डिपो की जगहों पर कामर्शल ट्रकों के लिए इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन, वेयरहाउस, पार्किंग बनाने की योजना पर काम कर रहा है। इससे भी डीटीसी की कमाई बढ़ेगी।

AIIMS : एक साल में 10 हज़ार सर्जरी करने का बनाया रेकॉर्ड

जनरल सर्जरी विभाग ने दर्ज की उपलब्धि

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

एम्स के जनरल सर्जरी डिपार्टमेंट के डॉक्टरों ने एक साल के अंदर 10 हजार सर्जरी करने में कामयाबी पाई है। यह अपने आप में एक रिकॉर्ड है। इनमें कैंसर से लेकर किडनी ट्रांसप्लांट तक हुए हैं। एक दिन पहले ही ब्रैंड फाइनेंस की ग्लोबल रैंकिंग में एम्स को दुनिया का छठा बेस्ट हॉस्पिटल चुना गया है। एम्स के दावे के अनुसार 2025 में एम्स में 10 हजार से ज्यादा बड़ी सर्जरी, 17 हजार से ज्यादा माइनर ऑपरेशन किए गए। एम्स के सर्जरी विभाग के एचओडी डॉ. सुनील चुंबर ने कहा कि यह हमारे लिए बड़ी उपलब्धि है और यह टीम वर्क का परिणाम है। अब हमारे डिपार्टमेंट में रोबोटिक, लेप्रोस्कोपिक जैसी तकनीक के जरिए सर्जरी की जा रही है, जिससे सर्जरी में भी तेजी आई है।

ब्रैंड फाइनेंस की ग्लोबल रैंकिंग में एम्स दुनिया का छठा बेस्ट हॉस्पिटल

एम्स में सर्जरी विभाग के प्रोफेसर डॉ. वी. के. बंसल ने कहा कि सर्जरी ब्लॉक में 5 से अब 8 ऑपरेशन थिएटर हो चुके हैं। इनमें से 7 प्लान्ड सर्जरी के लिए और एक ओटी इमरजेंसी वाले ऑपरेशन के लिए रिजर्व है। बड़ी राहत की बात यह है कि इलेक्टिव सर्जरी में मृत्यु दर सिर्फ 0.3% रही, जबकि इमरजेंसी सर्जरी में यह 7.89% रही। हर साल लगभग 1000 मेडिकल स्टूडेंट्स यहां से मार्डन सर्जरी की ट्रेनिंग लेकर निकल रहे हैं, जिससे कि देश के दूसरे हिस्से में भी मेडिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूती मिल रही है।

1100 से ज्यादा ट्रांसप्लांट...

डॉ. बंसल ने कहा कि एम्स मदर ऑफ ट्रांसप्लांट सेंटर बन गया है। 2025 में 1,100 से ज्यादा ट्रांसप्लांट और उनसे जुड़ी सर्जरी हुई। इनमें किडनी ट्रांसप्लांट और डोनर सर्जरी प्रमुख रहीं। अगर मरीजों की उम्र और संख्या के हिसाब से देखें तो 20 साल से कम उम्र के मरीज 18%, 20 से 60 साल के मरीज 71%, 60 साल से ऊपर 10.6% रहे।

क्या कहते हैं आंकड़े: रिपोर्ट के अनुसार 2025 में इस विभाग में 11,921 मरीज भर्ती हुए और इनमें से 10,096 की बड़ी सर्जरी की गईं। इसके अलावा माइनर ऑपरेशन थिएटर में 17,408 छोटे ऑपरेशन किए गए। डॉ हिमांग के अनुसार एम्स में सबसे अधिक पेट संबंधी बीमारियों की सर्जरी हुई। इनमें लिवर, पैंक्रियाज और पित्त की नली आदि की सर्जरी शामिल है।

दिव्यांग पार्क बना, लेकिन एंट्री नहीं

लोनी रोड और तााहिरपुर में एमसीडी ने बनाए हैं ये पार्क

NBT 2 मिनट में पढ़ें

Rajesh.Saroha@timesofindia.com



मेंटिनेंस और इस्तेमाल न होने की वजह से उनमें जंग लगने लगी है

■ नई दिल्ली : एमसीडी ने दिव्यांगों के लिए लोनी रोड और ताहिरपुर में दो दिव्यांग पार्क तो बना दिए, लेकिन अभी तक इन पार्कों में दिव्यांगों के लिए खोला नहीं गया है। रखरखाव के अभाव और झूलों आदि का इस्तेमाल न होने की वजह से उनमें जंग लगने लगा है। इससे दोनों पार्कों पर खर्च किए गए करीब दो करोड़ रुपये बेकार साबित हो रहे हैं।

सूत्रों ने बताया कि दोनों पार्कों की सिंचाई के लिए 30-30 केएलडी की क्षमता वाले एसटीपी लगाए जाने हैं। एसटीपी लगाने के लिए दिसंबर 2025 में बजट भी दे दिया गया था, लेकिन अभी तक एसटीपी लगाने का काम शुरू नहीं हो पाया। इसी वजह से दोनों पार्कों का उद्घाटन नहीं हो पाया।

डीडीए ने लोनी रोड पर स्थित शास्त्री सरिया मिल के एक बड़े हिस्से को पार्क के रूप में डेवलप करने के बाद इसे एमसीडी को हैंडओवर कर दिया। पार्क का नाम क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद के नाम पर रखा गया। मिल के दूसरे बड़े हिस्से पर एमसीडी ने दिव्यांग पार्क बनाया है। दिव्यांग पार्क को बनकर तैयार हुए एक साल से भी अधिक समय हो गया है, लेकिन अभी तक इसे दिव्यांगों के लिए नहीं खोला गया। इसी तरह से दूसरा दिव्यांग पार्क ताहिरपुर खेल परिसर के ठीक सामने बनाया गया है। एमसीडी ने दोनों पार्क तैयार करने पर लगभग दो करोड़ रुपये खर्च किए हैं।

एमसीडी के उद्यान विभाग ने बताया कि दोनों दिव्यांग पार्कों का काम दो भागों में बंटा हुआ है। उद्यान विभाग का काम पार्क तैयार करने और झूले आदि की व्यवस्था करना था। दोनों पार्कों की सिंचाई के लिए प्रतिदिन 30 किलो लीटर की क्षमता वाला सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट भी लगाना था। एसटीपी लगाने की जिम्मेदारी इंजीनियरिंग विभाग को सौंपी गई है। सूत्रों ने बताया कि दिसंबर 2025 में दोनों प्लांटों के लिए लगभग 60 लाख रुपये का बजट भी उपलब्ध करा दिया गया, बावजूद इसके इंजीनियरिंग विभाग अब तक एसटीपी लगाने का काम शुरू नहीं कर पाया।

पीड़ित परिवार से मिले 'आप' नेता

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : जनकपुरी में गड्ढे में गिरकर मरने वाले युवक कमल ध्यानी के परिवार से आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने मंगलवार को मुलाकात की। उन्होंने परिवार को हर संभव मदद देने का भरोसा भी दिया। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि कमल ध्यान की मौत के लिए बीजेपी सरकार जिम्मेदार है। पीड़ित परिवार कमल ध्यानी की तलाश में छह थानों में गया, लेकिन किसी ने रिपोर्ट नहीं लिखी। हमारी मांग है कि पुलिस कमिश्नर इन छह थानों पर कड़ी कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि पुलिस ने एक मजदूर को पकड़ कर इतिश्री कर ली। सरकार असली ठेकेदार को क्यों बचा रही है? मंत्रियों ने भी अपनी सरकार को बचाने के लिए झूठ बोला कि घटना स्थल पर बैरिकेडिंग हुई थी, जबकि नहीं थी।

मंगलवार को सौरभ भारद्वाज ने कहा कि कमल ध्यानी के पिता एक छोटे से मंदिर में पुजारी हैं। कमल ही घर का इकलौता सहारा था, जिससे परिवार का खर्च चलता था। परिवार और कमल के मित्रों को सरकार से सबसे बड़ी नाराजगी इस बात की है कि सबको यह मालूम है कि उस गड्ढे के ऊपर कोई बैरिकेडिंग नहीं की गई थी। बिल्कुल अंधेरे में उस गड्ढे को खुला छोड़ दिया गया था, जिससे कमल जैसा कोई भी व्यक्ति उसमें गिर सकता था।

मॉनसून में मिंटो ब्रिज के नीचे पानी भरने की समस्या होने वाली है खत्म

सरकार ने तैयार किया ड्रेनेज मास्टर एक्शन प्लान, तीन महीने में होगा पूरा

Sudama.Yadav@timesofindia.com

कहां डिवेलप होगा	खर्च (करोड़ में)
अजमेरी गेट से सीता रोड	3,76,85,806
JLN मार्ग से कमला मार्केट रोटरी- अरुणा आसफ अली रोड	4,31,89,592
जोरावर सिंह मार्ग-पुल मीठाई-गोखले रोड	1,42,02,826
SPM मार्ग-कौड़िया पुल-छत्ता रेल ब्रिज	4,09,86,319
कश्मीरी गेट मेट्रो स्टेशन- रिंग रोड	2,96,78,784
रंजीत सिंह मार्ग पर	2,91,27,807
बुलेवार्ड रोड- सेंट स्टीफन हॉस्पिटल-भगवान दास चौक	9,65,71,925

■ नई दिल्ली: मॉनसून में पिछले कई सालों से मिंटो ब्रिज पर जलभराव की गंभीर समस्या को हमेशा के लिए खत्म करने के लिए PWD ने ड्रेनेज सिस्टम डिवेलप करने का मास्टर एक्शन प्लान तैयार किया है। प्लान के मुताबिक पुरानी दिल्ली के अजमेरी गेट, पहाड़गंज, सीता रोड, श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग, JLN मार्ग पर मॉनसून में पानी निकासी का बेहतर प्रबंधन नहीं होने के कारण इन इलाकों का पानी मिंटो ब्रिज पर आता है, जिससे वहां बारिश के दौरान जलभराव की गंभीर समस्या होती है। इस समस्या से हमेशा के लिए छुटकारा पाने के लिए PWD ने पुरानी दिल्ली के लिए ड्रेनेज डिवेलपमेंट प्लान तैयार किया है, जिस पर करीब 29.14 करोड़ रुपये खर्च किया जाएगा। यह काम तीन महीनों में पूरा करने का डेडलाइन तय किया गया है।

29.14 करोड़ ड्रेनेज डिवेलपमेंट प्लान पर होगा खर्च

PWD अफसरों के अनुसार पुरानी दिल्ली में बारिश की पानी के निकासी का बेहतर प्रबंध नहीं है। घनी आबादी वाले इस इलाके में ड्रेनेज सिस्टम डिवेलप करना भी मुश्किल है। इसलिए विभाग ने पुरानी दिल्ली के उन सड़कों पर ड्रेनेज सिस्टम डिवेलप करने का एक्शन प्लान तैयार किया है, जहां से निकासी संभव है। इन सड़कों के किनारे नई तकनीक से ड्रेन बनाया जाएगा, जिसमें ड्रेन निर्माण के लिए लंबा-चौड़ा कंस्ट्रक्शन करने की जरूरत नहीं है। जहां पहले से छोटे-छोटे ड्रेन बने हैं, उनके साइड में बना-बनाया कंक्रीट का यू-शेप ड्रेन का लगाया जाएगा, जिसकी गहराई और चौड़ाई पुरानी ड्रेन की तुलना में अधिक होगी और इससे पानी निकासी भी पहले की तुलना में अधिक हो सकता है।

इन सड़कों पर डिवेलप होगा ड्रेनेज सिस्टम: मिंटो ब्रिज के नीचे बरसाती पानी का लोड कम करने के लिए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के पास स्थित अजमेरी गेट पर भवभूति मार्ग से रामलीला मैदान के पास स्थित सीता रोड तक ड्रेनेज सिस्टम डिवेलप किया जाएगा। इसी तरह MCD मुख्यालय सिविक सेंटर के पास स्थित जवाहरलाल नेहरू मार्ग से अरुणा आसफ अली रोड होते हुए दिल्ली गेट तक, पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के पास श्यामा प्रसाद मुखर्जी रोड से छत्ता रेल, जोरावर सिंह मार्ग से पुल मिठाई और पुल मिठाई से गोखले रोड तक, कमला मार्केट गोल चक्कर से अरुणा आसफ अली रोड तक और कश्मीरी गेट मेट्रो स्टेशन से रिंग रोड तक अलग से ड्रेनेज सिस्टम डिवेलप किया जाएगा। ताकि इन सभी जगहों पर मॉनसून में जलभराव की समस्या को खत्म किया जा सके।

दिल्ली की खबरों के लिए एक्स पर फॉलो करें
@NBTDilli

12 राशियां और आपका दिन

ARIES 21 Mar - 19 Apr
आज अष्टम आयु भाव में प्रमुख आमदनी एवं लक्ष्मी भाव में चंद्रमा का प्रबल योग बन रहा है। रात 9 बजे तक कोई खास डील फाइनल हो जाएगी। राज्य से विशेष सम्मान प्राप्त हो सकता है। रात में 9:30 पर चंद्रमा नीच राशि में प्रवेश करेगा, इससे मंगलोत्सवों में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त होगा।

TARUS 20 Apr - 19 May
आज आपका ध्यान नई योजनाओं में लगेगा। किसी देवस्थान की यात्रा से मन को सुकून मिलेगा। कानूनी विवाद में सफलता, स्थान परिवर्तन की योजना सफल हो सकती है। दिन के उत्तरार्ध में उपलब्धि के बावजूद पराक्रम में वृद्धि होगी। परिवार में हर्ष मंगलमय परिवर्तन व मनोरथ सिद्धि होगी।

GEMINI 21 May - 21 Jun
आज का दिन काफी रचनात्मक है। किसी क्रिएटिव काम को पूरा करने में आप दिन बिता सकते हैं। जो काम आपको सबसे ज्यादा प्रिय है आज वही करने को मिलेगा। आज आपको रिलैक्स करने में मदद मिलेगी। नई योजनाएं भी दिमाग में आएंगी, अपने से सीनियर का सहयोग पाने का प्रयास करें।

CANCER 22 Jun - 22 July
आज का दिन काफी सृजनात्मक है, जो भी काम लगन के साथ करेंगे आज उसका फल उसी समय मिल सकता है। अधूरे काम निपट जाएंगे, महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी। ऑफिस में अपने विचारों के मुताबिक माहौल बन जाएगा। रात में विवाह समारोह में जाने का अवसर मिल सकता है। मित्रों और ससुराल पक्ष से सहयोग मिलता रहेगा।

LEO 23 July - 22 Aug
आज का दिन वैसे तो काफी व्यस्त रखने वाला है, लेकिन धर्म अध्यात्म के मामले पढ़ाई लिखाई के लिए थोड़ा समय निकाल लेना ही अच्छा होगा। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी आपके कामों में रुकावट डालने की कोशिश करेंगे। रात का समय मंगलमय कामों में व्यतीत होने से मन प्रसन्न रहेगा।

VIRGO 23 Aug - 22 Sep
आज आपसी वार्ता व्यवहार में संयम व सावधानी बरतें। आसपास के लोगों से टकराव की नौबत न आए इस बात का ध्यान रखें। किसी शुभ मंगल कार्य की चर्चा हो सकती है। भाग्य पर भरोसा रखें और आत्म विश्वास के साथ कार्य करें। रात के समय स्थिति में और भी सुधार होगा।

LIBRA 23 Sep - 22 Oct
आज का दिन आपके लिए लाभकारक है। कार्य-व्यवहार से जुड़े सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं। नए प्रोजेक्ट पर भी कुछ काम शुरू हो सकता है। इसके चलते व्यस्तता रहेगी। जमीन जायदाद के मामले में पारिवारिक और आसपास के लोग कुछ परेशानी पैदा करने की कोशिश करेंगे। मित्रों से सहयोग मिलेगा।

SCORPIO 23 Oct - 21 Nov
बाकी हालात को तो से आज का दिन काफी मजबूत है। दिनभर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। इसलिए कार्यशील रहें। परिवार में सुख-शांति और विश्वास का आनंद उठाएं। नौकरी या व्यापार में कुछ नवीनता ला सके तो आगे चलकर लाभ होगा। काम में नई जान आएगी। शाम का समय सैर-सपाटे में बितेगा।

SAGITTARIUS 22 Nov - 21 Dec
आज का दिन सावधानी और सतर्कता का है। बिजनेस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाएं तो बड़ा लाभ होने की आशा है। रोजमर्रा के कामों से परे कुछ नए कामों में हाथ आजमाएं। किसी अपने के लिए कुछ पैसों का इंतजाम करना पड़ सकता है। नया मौका आपके आसपास ही है।

CAPRICORN 22 Dec - 19 Jan
आज का दिन सामान्य है। भागीदारी में किया व्यापार काफी फायदा पहुंचाएगा। रोजमर्रा के घरेलू कामों को निपटाने का आज सुनहरा मौका है। हो सकता है कि आज आपको पुत्र-पुत्री के संबंध में कोई बड़ा फैसला लेना पड़े। कई प्रकार के काम एक साथ हाथ में आने से व्यस्तता बढ़ सकती है।

AQUARIUS 20 Jan - 18 Feb
आज का दिन अपने स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतने का है। मौसम परिवर्तन से शीतोष्ण विकार उत्पन्न हो सकते हैं। खानपान में लापरवाही बिलकुल न करें। व्यापार के मामले में दिन सुखद व्यतीत होगा। जल्दबाजी में कोई भूल हो सकती है, इसलिए हर काम सोच समझ कर करें।

PISCES 19 Feb - 20 Mar
आज का दिन लाभकारक रहेगा। व्यापार में जोखिम उठाने का परिणाम आज हितकर रहेगा। परेशानियों को धैर्य और अपने मृदु व्यवहार से सुधार कर ठीक किया जा सकता है। अपनी बुद्धि का प्रयोग करके आप वह सब कुछ पा सकते हैं, जिसकी आपको अभी तक कमी रही है। किसी संकट में फंसे हुए व्यक्ति की सहायता करेंगे तो शुभ होगा।

जन्मदिन की शुभकामनाएं

वर्ष के स्वामी सूर्य और मंगल ग्रह बने हैं, जो इस वर्ष को ऊर्जा, निर्णय क्षमता और साहस से जोड़ते हैं। राशि से द्वादश भाव में चंद्र, सूर्य और शुक्र का त्रिग्रही योग बन रहा है। इसके प्रभाव से फरवरी के शेष दिनों में कुछ बड़े जोखिम उठाने पड़ सकते हैं, इसलिए इस अवधि में सोच-समझकर कदम बढ़ाना होगा। मार्च से लेकर अप्रैल के अंत तक किसी राजकीय, कानूनी या सरकारी विवाद का समाधान होने के प्रबल योग हैं। मई और जून के मध्य कई प्रकार की परेशानियां सामने आ सकती हैं, लेकिन वे अधिक समय तक नहीं टिकेंगी और धीरे-धीरे समाप्त हो जाएंगी। जुलाई से अगस्त तक व्यवसाय, नौकरी या कारोबार से जुड़े मामलों में कुछ बाधाएं और तनाव रह सकता है। सितंबर और अक्टूबर में पारिवारिक मामलों में सुधार होगा तथा लंबे समय से अटके हुए मुद्दे सुलझ सकते हैं। नवंबर और दिसंबर के दौरान मित्रों की सहायता से कार्यक्षेत्र में आ रही निराशा दूर होगी। जनवरी 2027 से फरवरी तक किसी पर्यटन या धार्मिक यात्रा का योग बन रहा है। महिलाओं के लिए यह वर्ष आर्थिक स्थिति में सुधार लाने वाला सिद्ध होगा। ग्रह शांति के लिए श्री सूक्त [illegible] जाप सवा लाख कराना व शनिवार को पीपल की जड़ में तेल का दीपक जलाना शुभ रहेगा। -आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

कल का पंचांग
(बृहस्पतिवार, 12 फरवरी 2026)

राष्ट्रीय मिति माघ 23, शक संवत 1947, फाल्गुन कृष्ण दशमी, बृहस्पतिवार, विक्रम संवत 2082। सौर फाल्गुन मास प्रविष्टे 01, शाबान 23, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 12 फरवरी 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहुकाल अपराह्न 01 बजकर 30 मिनट से 03 बजे तक। दशमी तिथि मध्याह्न 12 बजकर 23 मिनट तक उपरांत एकादशी तिथि का आरंभ। ज्येष्ठा नक्षत्र अपराह्न 01 बजकर 43 मिनट तक उपरांत मूल नक्षत्र का आरंभ। हर्षण योग अर्धरात्रोत्तर 03 बजकर 06 मिनट तक उपरांत वज्र योग का आरंभ। विष्टि करण मध्याह्न 12 बजकर 23 मिनट तक उपरांत बालव करण का आरंभ। चन्द्रमा अपराह्न 01 बजकर 43 मिनट तक वृश्चिक उपरांत धनु राशि पर संचार करेगा।

सुडोकू

	1		4		9	7	3	
	9	3		7		4		
	4		6		1		9	
		8				2		
	3		8		5		1	
		6		5		1	4	
	2	5	7		8		6	

TELEVISION

big magic

09:00	बब्लू डब्लू
10:00	बद्रुक बुड़बक
11:00	रुद्र के रक्षक
12:00	चक्रधारी अजेय कृष्णा
12:30	हम पांच
13:00	रुद्र के रक्षक
13:30	भ से भड़े
14:00	चक्रधारी अजेय कृष्णा
15:00	लिटिल कृष्णा
17:00	बब्लू डब्लू
19:00	चक्रधारी अजेय कृष्णा

TIMES TRIBUTE
PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL
To book your ad
Logon to: ads.timesofindia.com
or Call: 18001205474 (Toll Free)
Scan QR Code

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES



In Loving Memory of
Sh. D.C. Kasliwal
(06.06.1930 - 11.02.2008)

We all miss you every moment in our life. The warmth of your love, values,wisdom & patience inspires us to be better each day. We wish you are at peace wherever you are.Remembered by Kasliwal Family & D.C. Kasliwal & Associates P. Ltd.

In Loving Memory of
Sh. Virendar Kumar Jain

In life we loved you dearly, today we love you still. In our hearts you hold a place no one else can ever fill. Fondly remembered by Smt. Manju Jain & Family.
Delhi Calendar Mfg.Co.(Ph 9650318636)

"HONOUR. COURAGE. BRAVERY. Three words that you taught us. Three words that help us cope with your loss".

The silent joy of remembering a loved one.
The moments you shared together.
Little moments that make life beautiful.

Share them. With Friends. Relatives. Neighbours. Colleagues. With all those whose lives the departed Soul has touched. Because while life goes on, when you share memories, they stay on forever.

Publications	Total Outlay
The Times of India Delhi/NCR	5,600
TOI+NBT (Delhi/NCR)	8,800
TOI+ET (Delhi/NCR)	6,600

Maximum 10 lines

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES
For any information call
Vinod : 9958992088
Pankaj : 8130604727

TIMES TRIBUTES
RATE CARD

Publications	Rates per sq. cms
TOID Capital + NBT (Delhi+NCR)	1295
TOID Full Run ## + NBT (Delhi+NCR)	1360
THE TIMES OF INDIA (Delhi+NCR)	780
THE TIMES OF INDIA (Delhi) Full Run##	900
NAVBHARAT TIMES (Delhi+NCR)	595
THE ECONOMIC TIMES (Delhi+NCR)	715
SANDHYA TIMES (Delhi)	100

Rates effective 5th June 2019

▸ *Placement on specified obit pages only. ▸ This rate benefit is extended up till the size of 320 sq. cm only. ▸ ## Full run includes Delhi City + NCR (Including Gurgaon + Noida) + Chandigarh + Western U.P. + Uttarakhand ▸ TOI Capital (Delhi & NCR) Includes TOI Gurgaon & TOI Noida.

To place an Obituary announcement or Remembrance message please call
Vinod: 9958992088
Pankaj : 8130604727

भव्य शुकराना और कीर्तन का आयोजन

■ NBT न्यूज, नई दिल्ली : गुरुद्वारा रकाबगंज के लक्खीशाह बंजारा सभागार में वार्षिक शुकराना कीर्तन समागम में भाई सहेजदीप सिंह, भाई सरबजीत सिंह-पटना साहिब और भाई चमनजीत सिंह ने प्रेरक भजन, शब्द कीर्तन सुनाए और सभी को गुरुओं के बताए मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। समागम में सरदार हरमीत सिंह कालका, जगदीश सिंह कहलों, वीरेंद्र सचदेवा, नेमी अग्रवाल, महाबल मिश्रा, अरविंदर सिंह लवली, हारून युसुफ, नसीब सिंह आदि शामिल हुए, जिनका आयोजक गुरचरण सिंह राजू -पूर्व निगम पार्षद ने स्वागत किया।

आचार्य सौरभसागरजी महाराज का दि. जैन मंदिर कैलाश नगर से दि. जैन लाल मंदिर चांदनी चौक में पंचकल्याणक के लिए आगमन पर स्वागत हुआ।

वहीं श्री दिगंबर जैन मंदिर निर्माण विहार में उपाध्याय गुप्तिसागरजी के सान्निध्य में मंगलवार को केवल ज्ञान कल्याणक क्रियाएं संपन्न हुईं। समवशरण के दिव्य दर्शन कराए गए।

सिद्ध शक्तिपीठ बालाजी धाम मंदिर, त्रिनगर में मंगलवार को यज्ञ अनुष्ठान के मौके पर महंत प्रमोद महाराज ने कहा कि गृहस्थ में रहकर माया से निर्लिप्त होकर भक्ति करनी चाहिए।

NBT नवभारत टाइम्स
NBT रंगमंच Club
स्पीकिंग ट्री रिट्रीट
योग गुरु सुरक्षित गोस्वामी के सान्निध्य में
गंगा किनारे, हिमालय की गोद में आत्म अनुभव के योग, ध्यान, मौन और आध्यात्मिक जागरूकता का दिव्य संगम। चार दिवसीय इस रिट्रीट में होगा ऊर्जा, संतुलन और आंतरिक शांति का संचार। योग गुरु सुरक्षित गोस्वामी के मार्गदर्शन में यह यात्रा आपके जीवन को नया आयाम दे सकती है। स्वस्थ एकाग्र रहना और तीन वक्त का भोजन शामिल है।
■ स्थान: परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश
■ तिथि: 27 से 30 मार्च 2026
शुल्क मात्र ₹13,000 प्रति व्यक्ति
सीटें सीमित हैं, आज ही पंजीकरण करें!
*(शर्तें लागू)
रजिस्ट्रेशन कराने के लिए 9910475909 पर सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे के बीच कॉल करें या अपनी डिटेल व्हाट्सऐप पर भेजें।



TATA MOTORS
PASSENGER VEHICLES

TATA

चुनो CNG. चुनो TATA MOTORS iCNG

सेगमेंट लीडिंग फ़ीचर्स: स्टार्ट इन CNG मोड | ट्विन सिलिंडर टेक्नोलॉजी | AMT इन CNG

टॉप एंड फ़ीचर्स से 0% समझौता. बूट स्पेस से 0% समझौता. सुरक्षा से 0% समझौता.

NEXON iCNG | Price Starts at ₹9 78 890^^

ALTROZ iCNG | Price Starts at ₹7 21 890^^

TIAGO iCNG | Price Starts at ₹7 22 790^^

iCNG

India's fastest growing and widest dual cylinder CNG range

Available in Petrol, Diesel, CNG and EV* | Up to 100% On-road Financing^ | Zero Processing Fees~ | Trusted by 60 Lakh Families | book TATA iCNG | BHARAT NCAP

Kindly call on 8291362368 for all enquiries related to purchase from CSD or KPKB/CPC

SOUTH DELHI: SAFDARJUNG ENCLAVE: JASPER MOTORS: 9167411375. NEHRU PLACE: JASPER MOTORS: 9167411375. OKHLA: JASPER MOTORS: 8879386114. LAJPAT NAGAR: SAB MOTORS: 7506019487. MATHURA ROAD: SAB MOTORS: 7506019505. NORTH DELHI: MODEL TOWN: ZEDEX MOBILITY: 9619447205. ROHINI: CHERISH CAR: 7039049471. WAZIRPUR: AUTOVIKAS: 7506019445. NARELA: SPARSH AUTOTECH: 8291058089. PRASHANT VIHAR: MALWA: 7506019463. WEST DELHI: FRONTIER: DWARKA: 8291390014. FRONTIER: DWARKA SEC-5 RAJAPURI: 9167836026. PUNJABI BAGH: CHERISH CAR: 9167277034. JANAKPURI: DELIGHT MOTORS: 7045211252. NAJAFGARH: SPARSH AUTOTECH: 7506019549. PALAM DABRI: SPARSH AUTOTECH: 7506019683. MAYAPURI: TRUENORTH: 7506019838. PEERAGARHI: TRUENORTH: 9619223251. MOTINAGAR: AUTOVIKAS: 7506019415. CENTRAL DELHI: CONNAUGHT PLACE: ARYA MOTORS: 9810638782. KAROL BAGH: ZEDEX MOBILITY: 9619490132. KASHMERE GATE: DPS CARS: 9090808057. EAST DELHI: PREET VIHAR: DPS CARS: 8929567222/9. PATPARGANJ: SAGAR MOTORS: 7506019545. DILSHAD GARDEN: SAGAR MOTORS: 7506019521. GOKULPURI: SAB MOTORS: 8291058108. NOIDA: SECTOR 5: SAGAR MOTORS: 7506020132. SECTOR 63: SAGAR MOTORS: 9167622374. GREATER NOIDA: SAGAR MOTORS: 7506020227. JEWAR: SAGAR MOTORS: 8291304204. GREATER NOIDA WEST: GAUR CITY: SAGAR MOTORS: 9667899773. GHAZIABAD: PANDAV NAGAR: ARYA MOTORS: 7506019879. PATEL NAGAR: SAB MOTORS: 7506019939. MOHAN NAGAR: SAB MOTORS: 7506019947. VAISHALI: SAB MOTORS: 9619085440. MODINAGAR: SAB MOTORS: 9152102564. HAPUR: SAB MOTORS: 9152102552 FARIDABAD: NIIT: MULTITECH MOTORS: 8879221763. ATLAS TOWER: MULTITECH MOTORS: 7506019846. BALLABHGARH: AUTOVIKAS: 8879140298. PALWAL: MAGAN WHEELS: 8291523319. HODAL: MAGAN WHEELS: 8879366376. GREATER FARIDABAD: MAGAN WHEELS: 8291517531. GURUGRAM: SECTOR 43: HIMGIRI AUTOMOBILES: 7011321476. HERO HONDA CHOWK: HIMGIRI AUTOMOBILES: 9619140714. GOLF COURSE EXTN. ROAD: ZEDEX MOBILITY: 9167617962. SOHNA ROAD: ZEDEX MOBILITY: 7506019906. UDYOG VIHAR: ARYA MOTORS: 8291539640. SEC-14: ARYA MOTORS: 7506019879. GOLF COURSE ROAD: ARYA MOTORS: 7506019902. SOHNA: CSG AUTOMOBILES: 8879054086. WAZIRPUR: SISOTHYA: 9619918805. MANESAR: SISOTHYA: 9167206541. PATAUDI: SISOTHYA: 9167206841. BULANDSHAHAR/KHURJA/DIBAI/SIYANA/SIKANDRABAD: MASCOT MOTORS: 9152104362. REWARI: PREMIUM MOTOCORP: 7506019918,8291518613. MAHENDERGARH: DHEERAJ MOTOCORP: 9619947529. NARNAUL: DHEERAJ MOTOCORP: 9619949466. KANINA: DHEERAJ MOTOCORP: 9619947651. KOSLI: PREMIUM MOTOCORP: 9152102543. SONIPAT & KUNDLI : SWAN MOTORS : 9215317773. MEERUT: GARH ROAD: ANJNEY AUTOMOBILES: 8291103957. SHATABDI NAGAR: DELHI ROAD: SHREE VASU: 7506019959. SARDHANA: SHREE VASU: 9619362026. BIJNOR: MANGALAM AUTOWORLD: 8879702579. NAJIBABAD: MANGALAM AUTOWORLD: 8291176455. DHAMPUR: MANGALAM AUTOWORLD: 8879702579. BARAUT: SHREE VASU: 9167475934. MAWANA: SHREE VASU: 8879954579. BAGHPAT: SHREE VASU: 9167276250.

Images and illustrations are indicative and for information purposes only. All features/specifications/colors are not available in all variants and may vary for different variants and are subject to change without prior information. Colours may vary due to printing limitations. ~Offers are from multiple Financiers. ^Finance at sole discretion of Financier. ^^Altroz price mentioned is Smart MT CNG , ex showroom Delhi. #Altroz is 5 star BNCAP rated hatchback as per 2025 test. #Altroz is the only hatchback to get 5 star rating across powertrain of Petrol, Diesel and CNG. *Altroz is only available in Petrol, Diesel and CNG. As per BNACP results 2025. ~~Price mentioned is Nexon Smart MT CNG, ex showroom Delhi. *Nexon is only available in Petrol, Diesel and CNG and EV. #BNCAP rating is not valid for Nexon. ~~Tiago price mentioned is Tiago XE MT CNG, ex-showroom New Delhi, Local Taxes extra. #GNCAP and BNCAP rating is not valid for Tiago. Tiago is available in Petrol, CNG & EV. Auto transmission is AMT available in Tiago XTA CNG, XZA CNG and XZA NRG CNG. Terms and Conditions apply.

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 11-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAN07 User: gagan.malhotra@timesofindia.co Time: 02-10-2026 20:29 Color:

TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs.
To book your ad
Logon to: ads.timesofindia.com
or Call: 18001205474 (Toll Free)
Scan QR Code

jobs

ST. MARY'S SR. SEC. SCHOOL
A-2, Mayur Vihar Ph-III, Delhi-110096, Ph 22613539.
(Affiliated to CBSE)

APPLICATIONS ARE INVITED FOR THE POST OF
PRT-All Subjects (3), Special Educator (PRT)
PET (PRT) only females, TGT- Maths

1. Application forms must be collected from the School Office from **16th February to 20th February 2026** (excluding Saturdays, Sundays and Holidays), during school office hours. (8:00 a.m. to 3:00 p.m.)
2. Filled forms must be submitted **by hand** to the **DCA, The Education Office, Yusuf Sadan, New Delhi-01** from **16th February to 20th February, 2026** (Excluding Saturday & Sunday) between 10:00 a.m. to 1:00 p.m. & 2:00 p.m. to 4:00 p.m.
3. The Management reserves the right to invite only the shortlisted candidates for the final interview.

NOTE: Applicants who have already applied for the said post for the academic year 2026-27 are requested not to apply again. **Principal**

GD GOENKA PUBLIC SCHOOL
Patel Nagar, Faridabad
Higher>Brighter>Stronger

VACANCIES ONLY FOR FEMALE CANDIDATES
- Principal, Headmistress • Admission Counsellor
- Pre-Primary Teacher • PRT (All Subjects)
- TGTs -Hindi, English, Social Science, Science, Maths, Computer Science
- Sports Teacher •Music•Dance - Theatre•Art & Craft • Librarian
- Accountant, Front Office Executive/Receptionist

For Delhi Branches : gdgoenkaschool14@gmail.com
For Faridabad Branches : gdgoenkafaridabad14@gmail.com
Branches : PATEL NAGAR JANAKPURI

Excellent Salary package can be considered for deserving candidates
Interested candidates send resume with latest photograph within 7 days on above mentioned Email ID for respective branches
Contact : 09643700137; 9289459919

SHIKSHA BHARATI GLOBAL SCHOOL
Sector-9, Dwarka, New Delhi • Ph: 011-46890011 • www.shikshabharati.in

WALK -IN INTERVIEW SCHEDULE
- Nursery Teacher
- PRT (All Subjects)

16th February 2026, Monday
Time: 08:30 am to 2:00 pm

Interview entries will be closed by 1:30 PM. Late arrivals will not be allowed.

OTHER VACANCIES
PGT (All Subjects) TGT (All Subjects)

Special Educator, Librarian, Lab Assistant, Computer Teacher, French Teacher, Dance Teacher, Music Teacher, Art & Craft Teacher, Receptionist

Qualification :
- As per CBSE Norms
- CTET qualified
- Good Academic record with fluency in English

Interested Candidates may apply within a week with latest resume with the recent passport size photo at the **email id: career@shikshabharati.in** or courier at the above-mentioned address or drop the resume at the school guard room.

भर्ती

भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति

अकादमिक

सामान्य

PRUDENCE SCHOOL
Relocate•Innovate•Create
JP-BLOCK, PITAMPURA, DELHI

HIRING
- Coordinator Kindergarten, Pre-Primary, Primary
- Montessori Trainer
- PRT & NTT Teacher(DIET/ECCE/B.EL.ED/D.EL.ED/JBT)
- Activity Teacher
- Physical Education Trainer
- Theatre, Dance & Music Trainer
- Frontdesk Coordinator
- Account Executive
- Social Media Coordinator

CONTACT:
9310556778, 9696005858
careers@prudencepitampura.in

Kamal Model Sr. Sec. School
K-1 Extn., Mohan Garden, N.D-59
Ph: 8929000891-852
kmsvia.placement@gmail.com

REQUIRED
Experienced Teachers having prescribed qualifications & Excellent Communication Skills in English.

PGTs: Chemistry, Physics, Biology, Pol. Science, Geography, Physical Edu., Hindi, Comp. Sci. Artificial Intelligence, Economics, Psychology, Mathematics, English

TGTs: English, Hindi, Maths, Science, Social Studies, Artificial Intelligence, Sanskrit, Art & Craft, Library Science, STEM Lab Incharge / Robotics Lab Faculty.

PRTs: ECCE, ETE, JBT, D.El.Ed., NTT's
- Academic Coordinator, Science & Comp. Lab - Asstt., Counsellor, Special Educator
- Coaches - Skating, Judo, Basket Ball, Gymnastic, Rope Skipping, Athletics, Yoga, Volley Ball, Cricket, Taekwondo
- Activity Teachers - Ind. Music, Western Music,Theatre, Dance Expert Faculty for Digital Mktg.

Apply with CV by post or E mail or by person

NEHRU INTERNATIONAL PUBLIC SCHOOL
U-1, Sector-11, NOIDA
invites applications for the following posts:
- PGT: All the subjects in Science, Commerce and Humanities (Political Sci.)
- TGT: All the subjects
- PRT: All the subjects
- NTT
- Sci. Lab Assistant
- Comp. Lab Assistant

Salary as per the qualification and experience of the candidate
Interested candidates are requested to either drop their detailed resume at the school reception or send it to the provided email ID
hr@nipsnoida.com

N.K.BAGRODIA GLOBAL SCHOOL
Sector-17, Dwarka, New Delhi-110075
REQUIRES
STAFF FOR SESSION 2026-2027
Having Excellent Communication Skills, Experience & Computer Knowledge

PGT	Chemistry (Part-Time)
TGT	English, Hindi, Maths
PRT	Gen., Hindi
MUSIC TEACHER	(Vocal)
LAB TECHNICIAN	(Grade-III)
STAFF NURSE	IT RESOURCE PERSON

Qualifications as per CoE norms. Shortlisted candidates will be called for TEST/INTERVIEW. Apply as prescribed below or at the school reception from 9:00 am to 1:00 pm on or before 18th Feb 2026 PRINCIPAL

MBS COLLEGE
Affiliated to GGSIPU, CSB & AICTE
Sec.-4, Dwarka, New Delhi, Contact: 9278243007

REQUIRED FOR PROGRAMMES
B.Arch, BBA, BCA, B.Com (Hons.), B.Tech (CSE, AI&ML, ECE,CIVIL) B.Des (Interiors & Interaction) (Regular/contract/Visiting)
- Professor • Asso. Professor
- Assistant Professor
- Site Supervisor
- Civil Engineer • Accountant
- Office Assistant
- Admission Counselor

Eligibility as per AICTE / COA. Pay Scale as per norms
